
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 79
शनिवार
22.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
औकात से ज्यादा अगर बिना मेहनत के मिल जाए, तो आँखे अंधी और आत्मा बहरी हो जाती है!

**रोजा का समय**
इफ्तार (22.03.25) : शाम 6.02 बजे
सेहरी (23.03.25) : सुबह 4.28 बजे




मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन यूनिसेफ की ओर से आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज थ्रू हेल्दी डाइट्स पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

# राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उठा रहे ठोस कदम : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने गैर संचारी बीमारियों से बचाव को लेकर जीवन शैली में बदलाव तथा खानपान में लोकल इंडिजिनस फूड्स का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने पर दिया जोर**

### मुख्यमंत्री ने कहा

- राज्य के क्षेत्र विशेष और वहां व्याप्त बीमारियों को चिन्हित कर उसके समुचित इलाज की कर रहे व्यवस्था
- राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उठा रहे ठोस कदम
- बीमारियों की पहचान और उसके समुचित इलाज के लिए पूरे राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने की है जरूरत
- राज्य के सुदूर और ग्रामीण इलाकों में गरीब लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भूमिका
- राज्य में कई बीमारियों के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे हैं व्यापक कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** जीवन शैली में बदलाव, रहन-सहन, खान -पान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही है।
अगर हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए ,तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ की ओर से आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज थ्रू हेल्दी डाइट्स पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### जीवन शैली में बदलाव लाने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिंदगी के लिए खतरनाक बनती जा रही कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने के साथ खान- पान में हेल्दी डायट्स के इस्तेमाल एवं ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियों (फिजिकल एक्टिविटीज) पर फोकस करने की जरूरत है। अगर हम लापरवाही बरतते हैं तो आगे चलकर ऐसी बीमारियों के इलाज में काफी खर्च करना पड़ सकता है, वहीं पूर्ण स्वस्थ होने की गारंटी भी नहीं दी जा सकती है।

### जन्म के साथ होने वाली बीमारियों की जांच के साथ इलाज की व्यवस्था होनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बच्चों में जन्म के साथ कई बीमारियां हो जाती है। बीमारियों का अगर समय पर इलाज नहीं हुआ तो बच्चे की स्थिति काफी खराब हो सकती है । ऐसे में जरूरी है कि नवजात में होने वाली बीमारियों की प्रॉपर जांच के साथ उसका तुरंत समुचित इलाज होना चाहिये। इस दिशा में भी हमारी सरकार ने कई ठोस कदम उठाया हैं, ताकि बच्चों को रोग मुक्त रख सकें।




### पूरे राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही है। ये बीमारियां कैसे और किन लोगों को अपनी चपेट ले रही है , इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए । इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर विशेष जोर है, ताकि बीमारी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव हो सके । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि लोगों को होने वाली बीमारी की पहचान के साथ उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

### राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग बीमारियां व्याप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई ऐसे हिस्से हैं, जहां लोगों में विशेष तरह की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती है। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम है, तो साहिबगंज और संथाल के हिस्सों में कालाजार का प्रभाव ज्यादा है । ऐसी और भी कई बीमारियां हैं, जो क्षेत्र विशेष में विशेष रूप से लोगों को हो रही है। ऐसे में क्षेत्र विशेष तथा वहां व्याप्त बीमारियों को चिन्हित कर उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है, ताकि उन इलाकों में रहने वाले लोगों और उनकी आने वाली पीढियां को ऐसी बीमारियों से बचाया जा सके।

### अपने खान-पान में मिलेट्स का करें उपयोग, जंक फूड्स से रहें दूर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई-नई बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसके पीछे कहीं ना कहीं सबसे बड़ी वजह हमारा खान-पान है । आज ज्यादा से ज्यादा जंक फूडस का इस्तेमाल बच्चों को बीमार बना रहा है और आगे चलकर उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो रही है । अगर हमें अपने को स्वस्थ रखना है, तो अपने खान-पान में लोकल इंडिजिनस फूड्स ( मिलेट्स) लेना होगा। बच्चों को जंक फूड्स की बजाय हेल्दी डाइट्स दें। आज हमें अपने फूड हैबिट्स में बदलाव लाना बेहद जरूरी है।

### यूनिसेफ जैसे संस्थाओं की भागीदारी काफी सराहनीय

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के दूर- दराज के इलाकों में रहने वाले गरीब ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भागीदारी रही है। आज राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। हमारा प्रयास है कि जंगल, पहाड़ों, तलहटी और सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी इलाज की अच्छी सुविधा उपलब्ध करा सकें और इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कई रोगों के उन्मूलन की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन समेत कई विधायकगण, यूनिसेफ की श्रीमती आस्था अलंग एवं डॉ कनीनिका मित्रा तथा अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार बाइकर्स दो मोटरसाइकिल से टकराई, तीन की मौत, पांच घायल

**बालोद :** छत्तीसगढ़ के बालोद में आज शुक्रवार को सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में डेढ़ साल की मासूम बच्ची सहित तीन की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बाइकर्स सामने से आ रही दो मोटरसाइकिल से टकरा गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया जहां उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार घटना बालोद क्षेत्र के धमतरी मुख्य मार्ग की है। आज सुबह भिलाई से राइडर्स की टीम चार मोटरसाइकिल पर सवार होकर केशकाल के लिए निकले थे।

### तीन तस्कर 15 लाख के गांजा समेत गिरफ्तार

**प्रयागराज :** नवाबगंज थाना एवं बाराबंकी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने तीन गांजा तस्करों को झोकरी गांव के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से 103.50 किलोग्राम गांजा एवं 250 किलोग्राम अवैध भांग बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत 15 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में करीमुद्दीनपुर गांव निवासी प्रभाकर उपाध्याय, होलागढ़ थाना क्षेत्र के जूड़ापुर बीहर गांव निवासी मनीष कुमार मिश्रा उर्फ पिन्टू और होलागढ़ के बरई हरख गांव निवासी सत्यदेव मिश्रा हैं। पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि उनका गैंग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चार पहिया वाहन से गांजा व भांग की तस्करी करते हैं और इससे मिलने वाले पैसों को आपस में बराबर बांट लेते हैं।

### गोवा सरकार अयोध्या में बनाएगी गोवा राम निवास

**पणजी :** गोवा सरकार अयोध्या में गोवा राम निवास बनाएगी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की घोषणा भी की है। यह विशेष रूप से गोवा के श्रद्धालुओं के लिए समर्पित होगा, जिससे श्रीरामलला विराजमान के दर्शन और आध्यात्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी।गोवा सरकार ने इस ऐतिहासिक परियोजना को साकार करने में सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद का आभार व्यक्त किया है। गोवा राम निवास श्रद्धालुओं के लिए एक सुनिश्चित और पवित्र स्थान होगा, जहां वे आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर सकेंगे।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 11 करोड़ की लिक्विड कोकीन बरामद, ब्राजील की महिला तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई राजस्व खुफिया निदेशालय ने ब्राजील की महिला को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है. महिला तस्कर के कब्जे से 11 करोड़ रुपए की लिक्विड कोकीन बरामद हुई है. अधिकारियों ने संदेह जताया है कि यह मामला किसी अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़ा है. वहीं, डीआरआई के अनुसार, तरल कोकीन की तस्करी अत्यंत दुर्लभ है. बताया जा रहा है कि महिला तस्कर ने कंडोम के पैकेट में लिक्विड कोकीन को छिपाकर रखा था.राजस्व खुफिया निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, हमें सूचना मिली थी कि एक विदेशी नागरिक भारी मात्रा में ड्रग्स लेकर भारत आ रही है. सूचना मिलने के बाद हवाई अड्डे पर गश्त बढ़ा दी गई और विदेश से आने वाले हर यात्री की जांच की गई, तभी ब्राजील की महिला को 11 करोड़ रुपए की लिक्विड कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## आरएसएस की 3 दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू



एजेंसी
**बेंगलुरु :** बेंगलुरु में शुक्रवार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक आरंभ हुआ. बैठक में संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत 1,482 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं. बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की योजना बनाना और संगठन के कार्य विस्तार पर चर्चा करना है. बैठक में संघ के पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा की जा रही है और आगामी वर्ष के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है. संघटन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जा रहा है.संघ के कार्यों पर विशेष ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों में दिया जा रहा है,जहां पिछले वर्ष से 3,000 शाखाएं बढ़ाई गई हैं. शताब्दी विस्तार कार्यक्रम के तहत 2,453 कार्यकर्ताओं ने दो वर्षों तक निरंतर काम करने की जिम्मेदारी संभाली है. संघटन में युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है,जिससे ये संगठन युवा बना हुआ है. वर्तमान में संघ की 89,706 सेवा गतिविधियां चल रही हैं जिनमें 40,000 एजुकेशन, 17,000 स्वास्थ्य और 20,000 सामाजिक जागरूकता से जुड़ी हैं.राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा के दौरान महाकुंभ के आयोजन में हिंदू समाज के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी और केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशंसा की गई. मणिपुर की स्थिति पर संगठन ने चिंता जाहिर की जहां पिछले 20 महीनों से अशांति है. केंद्र सरकार के प्रशासनिक और राजनीतिक फैसलों से मणिपुर के लोगों की आशाएं बढ़ी हैं. संघ के कार्यकर्ता उत्तर और दक्षिण भारत को विभाजित करने वाली शक्तियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और सामाजिक समरसता के लिए काम कर रहे हैं.

## राज्य के कई जिलों में तेज हवा के साथ हुई बारिश



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** झारखंड में मौसम के मिजाज में बदलाव आया है. राज्य के कई इलाकों में आसमान में बादल छाने और कहीं-कहीं बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में 13.8 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है. रांची के मौसम केंद्र के मुताबिक सबसे अधिक बारिश हजारीबाग में हुई है. वहीं सर्वाधिक तापमान सिमडेगा में 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है.मौसम केंद्र ने पूरे राज्य में कहीं कहीं ओलावृष्टि, गर्जन और तेज हवा के झोंके की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.आज शनिवार को राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भाग में कहीं कहीं मेघगर्जन और तेज हवा के झोंके (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) चलेंगे. इस दौरान वज्रपात की भी संभावना है. इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर पश्चिम भाग में कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है. बता दें कि बंगाल की खाड़ी में आ रही नमी के साथ उत्तर भारत से आ रही हवा के झारखंड में प्रवेश करने के बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बड़े बदलाव होने के संकेत दिए थे. जिसका असर राज्य में देखने को मिल रहा है.राज्य के कई जिलों में शुक्रवार सुबह से ही रुक रुककर बारिश हुई. शाम में धूप भी निकला। जिले के कई इलाकों में ओलावृष्टि, गर्जन के साथ 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ बारिश हुई.

## बजट सत्र : जननी सुरक्षा योजना में 50 करोड़ रुपये की अनियमितता का लगाया आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक राज सिन्हा ने जननी सुरक्षा योजना में 50 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया। शुक्रवार को उनके सवाल का जवाब देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि योजना में गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच जारी है।
कोडरमा एवं गोड्डा जिलों में अनियमितता के चलते संबंधित अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष-2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुल-99925 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। कुल 3212 मोतियाबिंद कैंप आयोजित किए गये, जिसमें लाभुकों की संख्या 241062 है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 5905711 बच्चों का स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) किया गया है। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल-842297 महिला लाभान्वित हुई।उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष-2023-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत महिलाओं के बंध्याकरण के लिए कुल-3114.42 लाख राशि खर्च की गयी। मोतियाबिंद कैप एवं ऑपरेशन मद में कुल 1452.05 लाख राशि खर्च की गयी।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) के लिए कुल-739.1 लाख राशि खर्च की गयी। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कुल 4686.78 लाख राशि खर्च की गयी। कोडरमा एवं गोड्डा जिले में जननी सुरक्षा योजना के तहत बरती गयी अनियमितता से बंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## कर्नाटक विधानसभा : 18 विधायक छह महीने के लिए निलंबित, मार्शलों ने टांगकर बाहर किया

एजेंसी
**बेंगलुरु :** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार का दिन हंगामे के नाम रहा।हनी ट्रैप और मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को लेकर सदन में भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इसी क्रम में कर्नाटक विधानसभा में विरोध प्रदर्शन कर रहे 18 भाजपा विधायकों को अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया। जिसके बाद मार्शलों ने उन्हें जबरन सदन से बाहर निकाला। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने यह कार्रवाई विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने वाले विधायकों के खिलाफ की। आरोप है कि विधानसभा में हंगामा कर रहे भाजपा विधायकों ने न सिर्फ अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना की बल्कि अनुशासनहीन तथा अपमानजनक तरीके से व्यवहार भी किया।



जिसके बाद कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच.के. पाटिल ने उनके निलंबन के लिए विधानसभा में प्रस्ताव रखा, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 18 भाजपा विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव पारित किया।

## औरंगजेब की कब्र पर पहुंची एनआईए

एजेंसी
**मुंबई :** नागपुर हिंसा मामले में अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एंट्री हो गई है. एनआईए के अधिकारियों ने छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र का दौरा किया और वहां के पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर शुरुआती जानकारी जुटाई. एनआईए सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने औरंगजेब की कब्र और उसके आसपास के इलाके का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने वहां के सीनियर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर हिंसाग्रस्त इलाके की स्थिति का जायजा लिया. बांग्लादेशी कनेक्शन सामने आने के बाद एनआईए इस मामले में जल्द ही केस दर्ज कर जांच शुरू कर सकती है.दरअसल औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए वीएचपी ने बीते सोमवार को नागपुर में प्रदर्शन किया. इस दौरान औरंगजेब का पुतला जलाया गया. इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद नागपुर के महाल इलाके में हिंसा भड़क गई. उग्र भीड़ ने पथराव और तोड़फोड़ शुरू कर दी.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# रेल मंत्री से मिले पलामू के सांसद बीडी राम

## पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग को पूर्ण कराने का किया अनुरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग को पूर्ण कराने का अनुरोध किया है। सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक परियोजना गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है और दूसरी परियोजना बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कि कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुके हैं परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया। सांसद ने रेल मंत्री से निम्नलिखित मांग किया = 1. गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह परियोजना स्वीकृत है लेकिन कम प्राथमिकता के कारण रुकी हुई है। 2.बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह महत्वपूर्ण परियोजना झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण होने से न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के संबंध में रेल मंत्री ने बताया कि इसके लिए नया सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। तत्पश्चात कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। 3.वन्दे भारत ट्रेन टाटानगर-वाराणसी नई वंदे भारत एक्सप्रेस जो प्रारम्भ होने वाली है। इसे वाया डालटनगंज, गढ़वा रोड़ होकर चलायी जाय। पलामू संसदीय क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी बहुत सीमित है, केवल एक साप्ताहिक ट्रेन पटना तक जाती है। वंदे भारत एक्सप्रेस को इस मार्ग से संचालित करने से क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी एवं विकास को बल मिलेगा। 4.पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं राची चोपन एक्सप्रेस (वाया लोहरदगा सप्ताह मे तीन दिन) ट्रेन संख्या 18631/18632 मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने की मॉग की गयी है। विदित है कि उक्त दोनों ट्रेनों का ठहराव कोविड-19 के बाद से बंद है जबकि पहले ठहराव होती थी। मेराल स्टेशन पर चोपन गोमो पैसेंजर ट्रेन एवं रॉची चोपन एक्सप्रेस (वाया मुरी सप्ताह में तीन दिन) रूकती है तथा कोई भी अन्य पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। मेराल स्टेशन से रमना स्टेशन एवं गढ़वा स्टेशन की दूरी लगभग 11-11 किलोमीटर है जिसके कारण यहॉ की जनता को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।5.त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारम्भ किया जाय अथवा उसके स्थान पर एक ऐसी ट्रेन चलायी जाय जो लखनउ तक जाय। 6.झारखंड राज्य की राजधानी रांची से रांची नई दिल्ली के लिए प्रतिदिन ट्रेन चलाने रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन चलती है। दो दिन गुरुवार (ट्रेन संख्या 20407/20408) एवं रविवार (ट्रेन संख्या 12453/12454) को रांची वाया लोहरदगा, डालटनगंज एवं गढ़वा रोड़ स्टेशन होकर नई दिल्ली जाती है। बाकी अन्य दो दिन बुधवार एवं शनिवार को (ट्रेन संख्या 20839/20840) रांची वाया बोकारो, कोडरमा होकर नई दिल्ली जाती है। रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 रांची से नई दिल्ली सप्ताह में तीन दिन चलती है क्रमशः सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को। परंतु कोई भी ट्रेन सप्ताह में सभी दिन राज्य की राजधानी रांची से नई दिल्ली वाया लोहरदगा जिला (लोहरदगा स्टेशन), लातेहार जिला (चंदवा स्टेशन) एवं पलामू (डालटनगंज एवं गढ़वा रोड़ स्टेशन) एवं नई दिल्ली से रांची के लिए वाया गढ़वा रोड़, डालटनगंज, चंदवा एवं लोहरदगा होकर रांची तक नहीं चलती है। विदित है कि उक्त तीनों जिलें आकांक्षी जिलों की श्रेणी में शामिल हैं। यहां की जनता को नई दिल्ली से आवागमन करने के लिए प्रतिदिन ट्रेन नहीं होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए यहां के लोगों की मांग है कि गरीब रथ ट्रेन संख्या (12877/12878) को सप्ताह में 6 दिन चलाने एवं रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग की जा रही है। अगर उपरोक्त दोनों ट्रेनों को सप्ताह में प्रतिदिन चलाने में कोई कठिनाई आ रही हो, तो रांची नई दिल्ली वाया लोहरदगा, चंदवा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ स्टेशन होते हुए नई दिल्ली तक एक नई ट्रेन चलायी जाय। 7. गढ़वा टाउन स्टेशन से गढ़वा रोड़ वाया डालटनगंज, लोहरदगा होते हुए रॉची तक प्रतिदिन शाम-सुबह नई मेमू ट्रेन चलायी जाय। 8. रॉची से वाया डालटनगंज, गढ़वा रोड़ होते हुए अयोध्या तक नई ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ करने। 9. गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर किया जाय। 10. गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 के अलीगढ़ जंक्शन पर दो मिनट के ठहराव भी दिया जाय। ज्ञातव्य हो कि मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के सौ से अधिक संख्या में छात्र/छात्राएं अलीगढ़ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत है। यदि गरीब रथ का दो मिनट का ठहराव अलीगढ़ जंक्शन पर दे दिया जाता है तो उन्हें बहुत सुविधा होगी। 11. रॉची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311/18611 रांची से वाराणसी तक चलती है उसे गोरखपुर तक विस्तार किया जाय। यह ट्रेन बनारस स्टेशन पर 5.30 घंटे तक रुकती है, जबकि बनारस से लखनऊ की दूरी मात्र 268 किमी है। इसे लखनऊ तक बढ़ाने से झारखंड के यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। 12. हावडा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का विस्तार मुंबई तक किया जाय। यह ट्रेन जबलपुर और हावड़ा के बीच चलती है और जबलपुर में लगभग 8 घंटे का ठहराव होता है। इसे मुंबई तक विस्तारित किया जाय ताकि पलामू, गढ़वा एवं आसपास के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।13. पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 को रजहरा स्टेशन पर ठहराव दिया जाय।14. रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलायी जाय, जो कोरोना काल में चली भी थी। उसे बंद कर दिया गया है उसे पुनः चालू किया जाय। डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। 15. रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 में यात्रियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए vAC Chair Car एवं 3 G.S कोच की संख्या में बढ़ोतरी की जाय। 16. गढ़वा रोड एवं डालटनगंज रेलवे स्टेशनों पर रेक प्वाइंट डालटनगंज गुड्स शेड का अधिक उपयोग हो रहा है, इसे और विकसित किया जाय। गढ़वा रोड स्टेशन को 2017 में इसे अधिसूचित किया गया था लेकिन मांग की कमी के कारण बाद में निरस्त कर दिया गया। इसे पुनः उपयोग में लाने हेतु आवश्यक उपाय किया जाय। सांसद ने बताया कि माननीय रेल मंत्री जी ने उपरोक्त मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया तथा उक्त संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया है। उम्मीद है कि बहुत जल्द उक्त मांग पूर्ण होगी। इस आशय की जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# ग्राम सिक्कीकला में कृषक गोष्टी का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** दिन शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी पलामू के तत्वावधान में पाटन प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत के ग्राम सिक्कीकला में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा नमूना संग्रहण, जांच एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। साथ ही, किसानों को नई कृषि तकनीकों, बीज उपचार, जैविक कीटनाशकों के उपयोग, जैविक खेती तथा रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर मेराल पंचायत के जनप्रतिनिधि, कृषि विशेषज्ञ आकाश रंजन, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक अभिमन्यु कुमार, किसान मित्र तथा कई प्रगतिशील किसान महिला एवं पुरुष ने भाग लिया। गोष्ठी के दौरान किसानों के बीच सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया और इसकी उपयोगिता पर विशेष चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने उन्नत कृषि तकनीकों के साथ-साथ जैविक खेती, जीवामृत, बिजामृत एवं ब्रह्मास्त्र के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, बोरेन, जिंक एवं अन्य रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी खतरों एवं पर्यावरणीय क्षति पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। कृषक गोष्ठी को लेकर अधिकारियों ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों को नवीन कृषि पद्धतियों तथा सतत खेती के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे क्षेत्र में उत्पादन क्षमता एवं पर्यावरण संरक्षण दोनों में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# पत्थर माफिया के खिलाफ ग्रामीणों ने किया नारेबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत विशुनपुर में पत्थर माफिया के द्वारा माइंस कराया जा रहा है। जबकी माईस खुलने से लगभग भुइयाँ समाज के लोग बेघर हो जायेगें। माईस के चिन्हित क्षेत्र के अंदर 500 मीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय है और 700 -800 मीटर अंदर हाई स्कूल है तो नियम के ताख पर रखकर अधिकारियों ने माईस स्वीकृत कर दी गई है जो माईस के किसी प्रकार की अर्हता पूर्ण नहीं करती है तो आखिर माईस कैसे लीज कर गई इसका दोषी कौन है ? पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि श्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी ग्रामीण जनता के साथ कई बार माईस रोकने को लेकर उपायुक्त पलामू व जिला खनन पदाधिकारी के लिखित आवेदन दिया गया लेकिन किसी प्रकार की करवाई नहीं हुआ इससे प्रतीत होता है कि अधिकारियों के मिलीभगत से माईस खुल रही है और 40 -50 दलित परिवार की घर उजाड़ा जा रहा है। वही पर उप मुखिया प्रतिनिधि श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा बोला गया कि माईस खुलेगा और माईस व खनिज की राजस्व से ही महिलाओं का मईया सम्मान योजना चल रही है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि जान देगें लेकिन माईस नहीं खुलने देंगे। पत्थर माफिया के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने आर -पार की लड़ाई लड़ेगी। पत्थर माफिया व अधिकारियों के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों जमकर नारेबाजी किया। इसमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, मिथलेश यादव, शनि कुमार, नंदकेश्व भारती, फूलमतिया कुंवर, चन्द्रमाणिया देवी,राम प्रवेश भुइयाँ के अलावा पंकज कुमार सिंह, चनार्दन यादव समेत् काफी संख्या लोग शामिल थे।

# नैतिकता के आधार पर विधायक अनंत प्रताप देव दे इस्तीफा : लक्ष्मण राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर टाउनशिप में लगने वाला पॉवर प्लांट अब नही लगेगा यह तो तय हो गया है। उक्त बातें भाजपा के स्टेशन रोड स्थित भाजपा के स्थानीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा। उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुये कहा कि पॉवर प्लांट, बंशीधर कॉरिडोर के नाम पर ही भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता वोट देकर अनंत प्रताप देव को चुनाव जिताया है। बंशीधर महोत्सव के दौरान मंच से ही विधायक अनंत प्रताप देव् ने मुख्यमंत्री से पॉवर प्लांट और कॉरिडोर बनाने की मांग किया था। लेकिन मुख्यमंत्री ने उनको कोई जबाब नही दिया। जब कि सदन में विधायक के सवाल के जबाब से यह साफ हो चुका है कि भवनाथपुर में पॉवर प्लांट नही लगेगा। ऐसे में नैतिकता के आधार पर विधायक अनंत प्रताप देव को इस्तीफा दे देना चाहिये।क्यों कि विधायक फेल हो चुके है। उन्होंने कहा कि भानु प्रताप शाही भी कई बार मामले को सदन में उठा चुके है। इसका जबाब न तो तब मिल पाया था, न तो आज मिल पाया है। इसी प्रकार जब भवनाथपुर में क्रसर प्लांट कट रहा था तब भी विधायक ने कहा था कि वे मुख्यमंत्री से बात करेंगे। लेकिन पूरा प्लांट कट कर चला गया और वे मुह देखते रह गये। प्रेस वार्ता के दौरान जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, शैलेश चौबे, विभूति भूषण चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, रिंकू देव्, विवेकानंद पांडेय, निक्कू तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रोटरी स्कूलः वार्षिक परीक्षा फल घोषित, छात्र सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर के रोटरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल प्रकाशन में मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा उपस्थित थें साथ ही वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन के अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें। वर्ग नर्सरी में प्रथम कैरव गुप्ता, मुस्कान आर्य, गोपाल यादव, प्रेरणा कुमारी, राधिका शर्मा, सत्यप्रकाश चंद्रा, साहिल रंजन हुए। एलकेजी में प्रथम स्थान अनुप्रिया कुमारी, श्रेयांश कुमार हुए। यूकेजी में प्रथम प्रियांश रंजन, रिषिका गुप्ता, सावी दुबे, श्याम श्री, जियान अफरोज रिद्धि रानी हुए। वर्ग प्रथम में प्रथम स्थान काजल कुमारी, शौर्य श्री रहे। वर्ग द्वितीय में प्रथम स्थान तान्या कुमारी, शौर्य दुबे हुए।वर्ग तीन में सृष्टि कुमारी, आरोही कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ग चौथा में प्रथम स्थान आयुषी कुमारी, आराध्या श्री हुई। वर्ग पंचम में प्रथम स्थान सत्यम कुमार,सत्यम कुमार हुए। कक्षा छह में प्रथम आदर्श कुमार, दीपक कुमार रहे। वर्ग 7 वें में प्रथम स्थान अंजली कुमारी,निशि कुमारी हुए। वर्ग 8 वें में प्रथम आशीष कुमार, समर सिंह, नेहा कुमारी रहीं। वर्ग 9 वीं में प्रथम स्थान वेद प्रकाश, स्वेता दुबे,प्रिया कुमारी हुए। वर्ग 11 वीं में प्रथम स्थान सुरुचि गुप्ता, प्रिंसेस कुमारी रहीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया साथ ही कहा कि बच्चों को उत्साहित करते हुए बताया कि परीक्षाफल का दिन अत्यंत ही उत्साहवर्धक होता है क्योंकि पूरे वर्ष की मेहनत का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से फल मिलता है। वहीं चेयरमैन अनुग्रह नारायण शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं अभिभावक आपस में समन्वय बनाकर कार्य करते हैं जिसका परिणाम दिन प्रतिदिन विद्यालय के विकास के रूप में देखने को मिल रहा है।इसके लिए विद्यालय की पूरी टीम अभिभावक एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश पांडे ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षाफल प्रशासन के दिन सादे समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों के हौसलों को आगे बढ़ाना है क्योंकि यही उत्साह और हौसला लक्ष्य प्राप्ति में एक सेतु का कार्य करेगा। मौके पर परीक्षाफल प्रकाशित कार्यक्रम आयोजित में शिक्षक नम्रता पांडे, अरविंद पांडे, मनोज यादव, पीके मेहता, हर्ष बाला, सुषमा कुमारी, ज्योति देवी, सुधा सिंह सहित अभिभावक व छात्र छात्राएं मौजूद थें।

# विद्यालय प्रधान ने फर्जी वाउचर जमाकर विद्यालय अनुदान राशि का किया निकासी

## थमहवां विद्यालय के विकास अनुदान की राशि को किया प्रधान ने हजम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** राज्य सरकार द्वारा झारखंड के हर एक स्कूल में विकास मद की राशि प्रत्येक वर्ष आवंटित किया जाता हैं जिससे कि छात्र छात्राओं को विद्यालय में पढ़ाई अध्ययन समय किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न नहीं हो इसके लिए राज्य सरकार हर समय तत्पर पर हैं। लेकिन राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय थमहवां के प्रधानाध्यापक ने विकास मद की राशि से विद्यालय की जगह अपनी विकास करने में लगे हुए हैं। जिसका उदाहरण थमहवां विद्यालय में बिना रंग रोगन,गुलाब का पौधा व गमला और अन्य सामान की खरीद किए बिना ही फर्जी बिल लगाकर विद्यालय विकास मद की राशि का निकासी कर लिया गया हैं। जबकि सरकार की नियमावली के अनुसार विद्यालय विकास मद की राशि से वेंडर के माध्यम से विकास कार्य होता हैं। वेंडर द्वारा विकास अनुदान से विद्यालय मरम्मत, रंग रोगन, स्टेशनरी सहित अन्य कार्यो में राशि का खर्च किया जाता हैं। जब विद्यालय में सारा कार्य संपन्न हो जाता हैं, तब वेंडर द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री की राशि का विभाग भुगतान करती हैं। लेकिन प्रधानाध्यापक व वेंडर के साठगांठ से बिना विद्यालय का कार्य किए हुए ही फर्जी बिल लगाकर विद्यालय अनुदान का राशि निकासी कर लिया गया। इधर इस संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि जानकारी मिली हैं जांच का निर्देश दिया गया हैं जांच प्रतिवेदन आने के बाद दोषी पाये जाने पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।



Tax Invoice

M/s. RAZA ENTERPRISES

General Order Supplier

| | |
|---|---|
| Taxable Amount | 20,000 |
| CGST @% | / |
| SGST @% | |
| G.TOTAL | 20000/- |

A/c-84051088800

IFSC-SBIN0RRVCGB

Bank Name-J.R.G.B.

M/s. RAZA ENTERPRISES

Authorised Signature

06/12/24

### मर्यादाओं के विपरीत रहा अधिकारियों का आचरण, महोत्सव की भव्यता एवं दिव्यता हुई तार तार



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंशीधर नगर के गोसाईबाग के मैदान में आयोजित दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव सिर्फ प्रशासनिक महोत्सव बनकर रह गया। महोत्सव के दौरान कतिपय पदाधिकारियों ने मर्यादाओं के विपरीत आचरण कर महोत्सव की भव्यता एवं दिव्यता को तार-तार कर दिया। जबकि कार्यक्रम में जिले के वरीय अधिकारियों के साथ-साथ न्यायिक पदाधिकारी भी मौजूद थे। सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में पदाधिकारियों ने अपनी ड्यूटी करने के बजाय जमकर नंगा नाच किया तथा अमर्यादित गानों पर जमकर ठुमके लगाये। पदाधिकारियों की इस करतूत को देख वहां मौजूद लोग दंग रह गये ठुमका लगा रहे पदाधिकारी इतने जोश में थे कि वे अपना होश खो बैठे थे। उन्हें थोड़ा भी इल्म नहीं था कि यह कार्यक्रम सरकारी एवं सार्वजनिक है। यहां जिले के वरीय अधिकारी एवं न्यायिक अधिकारी के साथ साथ भारी मात्रा में आम दर्शक मौजूद हैं। जोश से लबरेज वैसे पदाधिकारी पूरे कार्यक्रम में अपना जलवा बिखेरते रहे। यह दौर पूरे दो दिनों चलता रहा।पदाधिकारियों की इस हरकत को जब मीडिया के कर्मियों ने अपने कमरे में कैद करना चाहा तो मीडिया कर्मी से मोबाईल तक लूट लिया गया तथा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्हें ठीक कर देने की धमकी दी गई। मीडिया कर्मियों के एकजुट होकर विरोध करने पर मोबाईल वापस मिला।इतना ही नही राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के दौरान महोत्सव में कला प्रदर्शित करने आये कलाकारों को शराब एवं मांस परोसा गया। जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की प्रतिष्ठा धूल में मिल गई। यहां बताते चले कि महोत्सव श्री बंशीधर नगर की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और संवर्द्धन के साथ-साथ श्री वंशीधर मंदिर और श्री बंशीधर नगर शहर की पहचान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फलक बनाने के उद्देश्य से किया जाता है। किंतु वर्ष 2025 में आयोजित राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में एक से बढ़कर एक अमर्यादित कार्यों के कारण उद्देश्यों से भटक गया। महोत्सव में कला प्रदर्शन करने आये कलाकारों को सर्किट हाउस में मांस एवं शराब परोसा गया। इससे प्रशासन की जमकर किरकिरी हो रही है।

### बिजली विभाग की छापामारी में 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर अवर विद्युत प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में 11 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया है, उसमें शांति लाल, रविन्स कुमार, अश्विनी सिंह, मो नजीर अहमद, अनिल रजवार, गणेश रजवार, अनुज कुमार, रणजीत राउत, हजारी प्रसाद, विनय प्रसाद गुप्ता एवं प्रमोद साव का नाम शामिल है। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करा दिया है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने बताया कि छापामारी दल में उनके अलावा मानव दिवस कर्मी ओबैद अहमद, जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह एवं अशोक मेहता शामिल थे।

### मंईयां सम्मान योजना की राशि के लिये बैंकों में बढ़ी महिलाओं की भीड़



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के एसबीआई बैंक,पंजाब नेशनल बैंक और प्रज्ञा केंद्रों पर बैंक के खुलते ही रोजाना महिलाओं की भारी भीड़ लग जा रही है।भीड़ का अलम यह है कि दिन भर कड़ी मशक्कत के बाद भी कई महिलाएं बेरंग घर लौट रही हैं।गौरतलब है कि होली के पूर्व से ही राज्य सरकार ने लाभुक महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजना शुरू कर दिया है लेकिन बहुत सारी महिलाओं के खाते में अभी तक राशि का हस्तांतरण नहीं हो पाया है।बताया जाता है कि जिन महिलाओं के खाते में डीबीटी चालू नहीं है या केवाईसी लगा है उनको अभी तक राशि नहीं मिल पाई है। खाते में सुधार को लेकर महिलाएं बैंकों का चक्कर लगाने पर मजबूर हैं। महिलाओं ने बताया कि कई दिनों से बैंक में भीड़ होने के कारण अभी तक उनका काम नहीं हो पाया है। काम धंधा छोड़कर रोजाना बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है उनकी बात सुनने और समझने वाला कोई नहीं है।

### मृतक वार्ड पार्षद के पत्नी को नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा दिया गया सहायता राशि का चेक



**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा दिवंगत वार्ड पार्षद स्व अर्जुन प्रसाद की पत्नी को 25000 का चेक सौंपा गया। कुछ दिनों पहले दिल की बीमारी से निधन हुए वार्ड पार्षद स्व अर्जुन प्रसाद के परिवार के प्रति सांत्वना प्रकट करने एवं आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए तरणीश कुमार हंस, प्रशासक राकेश कुमार सिंह, मिशन प्रबंधक, हिमानी बाडा, नगर प्रबंधक, रविकांत पटेल, लेखपाल, विकास कुमार, अनुसेवक के साथ अवधेश संजीत एवं रवि सुपरवाइजर के द्वारा व्यथित परिवार से मिलकर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### बिश्रामपुर में खुला द गुरुकुलम साइंस कोचिंग क्लासेज, थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में द गुरुकुलम साइंस कोचिंग क्लासेज नामक शैक्षणिक संस्थान आज से खुल गया है. जिसका उद्घाटन शुक्रवार को थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने दीप प्रज्वलित कर किया. उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता संस्था के निदेशक तीर्थराज सिंह ने किया.संचालन उप निदेशक धीरज कुमार ने किया.थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि शिक्षा से ही विकास का सभी द्वार खुलता है.शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना करना भी बेमानी है. उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर में उच्चस्तरीय शैक्षणिक संस्थान खुलना बच्चों के लिये किसी बरदान से कम नहीं है. संस्था के प्राचार्य विवेकानंद पटेल ने बताया कि यहां नौवीं से बारहवीं तक के छात्र - छात्राओं को संस्कार के साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा दी जायेगी. मौके पर एसआई प्रदीप शर्मा, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कु सिंह, जनता उच्च विधालय के प्राचार्य भोला राय, रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, मध्य विधालय के प्राचार्य रामू बाजपेई, पूर्व पार्षद सुनील कुमार चौधरी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, सुधीर दुबे, शिक्षक अरुण सिंह, चंदन कुमार, फहीम आलम, राजेश मार्शल, दीपक कुमार केशरी, शशिकांत कुमार, कन्हाई चौधरी, कामेश्वर पाल, हरिशंकर सिंह, अशोक तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## आरपीएफ, जीआरपी और झारखंड पुलिस के अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**रांची ।** डीआरएम कैम्पस में 21 मार्च 2025 को बचपन बचाओ आंदोलन द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के रांची और चक्रधरपुर मंडल, जीआरपी (धनबाद और जमशेदपुर) और झारखंड जिला पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाइयों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बाल संरक्षण और मानव तस्करी पर प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण आरपीएफ, रांची मंडल और बचपन बचाओ आंदोलन के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया, जिसमें कुल 132 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस सत्र में बच्चों की सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम और बचाव उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त, अशोक कुमार सिंह उपस्थित रहेद्य इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और मानव तस्करी को रोकने के लिए संबंधित एजेंसियों की भूमिका को सशक्त बनाना था।

## गणगौर पूजा एक अप्रैल को

**रांची:** गणगौर व्रत को सौभाग्य तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन सुहागिन पति की लंबी उम्र और अपने सुख-सौभाग्य के लिए व्रत करती हैं। हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को गणगौर का त्योहार मनाया जाता है। पंडित मनोज पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि गणगौर तीज का व्रत एक अप्रैल को रखा जाएगा। तृतीया की शुरुआत 31 मार्च को शाम 4.42 बजे शुरू हो जाएगी। गणगौर तीज के दिन ही भगवान शिव ने माता पार्वती और पार्वती ने महिलाओं को सौभाग्यवती का वरदान दिया था।

# मंत्री इरफान, प्रदीप और सुदिव्य सोनु आपस में उलझे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गठबंधन सरकार के दो-दो मंत्री और विधायक आपस में उलझ पड़े। स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के बीच सदन के अंदर वाद-विवाद चल रहा था तभी कार्यवाहक संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य सोनू कूद पड़े। विधानसभा के अंदर इनके बीच जबदस्त वाद-विवाद हुआ और सरकार में तालमेल की कमी देखने को मिली।पौरैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने विधानसभा में सवाल उठाया कि गोड्डा में नर्सिंग कॉलेज कब बना और कब तक चालू होगा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि ये बात सच है कि गोड्डा जिला में एक भी नर्सिंग कॉलेज नहीं है। वहां कॉलेज होना चाहिए था, प्रदीप यादव



काफी अनुभवी विधायक रहे है। वे पांच बार के विधायक रहे है फिर भी वहां नर्सिंग कॉलेज नहीं है। मै बहुत जल्द गोड्डा को नर्सिंग कॉलेज की सौगात दूंगा। अभी राज्य में 14 नर्सिंग कॉलेज का संचालन हो रहा है।इसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट प्रदीप यादव एक बार फिर खड़े हुए और उन्होने कहा कि एक बात समझने की कोशिश करिये कि सौगात की जरूरत नहीं है, कॉलेज बनकर तैयार है, इरफान अंसारी को जवाब देते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि आप उस उत्तर को पढ़िये जो आपने दिया है। भवन बनकर तैयार है, हम पूछ रहे हैं कि ये कब बना और कब इसे शुरू किया जाएगा। सीधा बताईये न इतने भाषण की जरूरत क्या है। फिर विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री से पूछा कि आप जवाब दीजिये कब शुरू होगा। मंत्री इरफान अंसारी अपने सहयोगी कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के सवाल से चिढ़ते हुए बोले कि हमसे ज्यादा वो वही जानते है! ये कोई प्रश्न है कि कब बना, यही बनवाये होंगे। कब बनवाये होंगे ये भी आपको पता है। आगे इरफान अंसारी ने कहा कि मै स्पष्ट करता हूं विधायक की मै बहुत जल्द इसे शुरू करवाउंगा, गोड्डा से मेरा लगाव है, हमारा संसदीय क्षेत्र भी रहा है गोड्डा , हम चाहते है कि राज्य के बच्चे वहां पढ़े। इसी दौरान राधाकृष्ण किशोर की जगह संसदीय कार्यमंत्री का कार्य देख रहे मंत्री सुदिव्य सोनू विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति से खड़े हुए और उन्होने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को हिदायत देते हुए कहा कि पता नहीं क्यों ये प्रतित हो रहा है कि आब्जेक्टिव सवाल भी नहीं आ रहे है और ऑब्जेक्टिव जवाब भी नहीं आ रहे है। उन्होने विधानसभा अध्यक्ष की ओर मुखातिब होकर कहा कि मेरा आपके माध्यम से आग्रह होगा कि मंत्री से कि आब्जेक्टिव जवाब होने चाहिए।

# आदिवासी संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस, आज रांची बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिरम टोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने 22 मार्च के संपूर्ण रांची बंद को लेकर विशाल मशाल जुलूस निकाला, जो मेन रोड के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से निकल कर अल्बर्ट एक्का चौक में समाप्त हुआ। सभी आदिवासी संगठनों के अगुवाओं और विभिन्न गांवों के सरना समितियों ने एक स्वर में कहा कि कल का संपूर्ण रांची बंद ऐतिहासिक होगा। विभिन्न चौक चौराहों पर आदिवासी समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सरना झंडा और तख्तियों के साथ अपनी मांगों को लेकर सड़क पर चक्का जाम करेंगे। सभी ने यह भी निर्णय लिया कि 22 मार्च अर्थात कल की बंदी में कोई भी गिरफ्तारी नहीं देंगे। और ना ही प्रशासन जबरन किसी को गिरफ्तार कर सकती है, क्योंकि आदिवासी समाज यह बंदी शांति पूर्वक एवं लोकतांत्रिक ढंग से करेगी। प्रशासन के लोग जबरन आंदोलन



कारियों को उकसाने का प्रयास ना करें। सभी सामाजिक धार्मिक आदिवासी संगठनों ने यह अपील की है कि, सभी दुकानदार संघ, बस - ट्रक, टेम्पो रिक्शा, टुक- टुक चालक संघों से निवेदन है कि बंद को समर्थन करें। आम जनता से अपील किया गया है कि बेवजह लोग घरों से गाड़ियां लेकर ना निकलें और स्कूल और कॉलेज एसोसिएशन से भी अपील है कि बंद को समर्थन देते हुए एक दिन अपने स्कूलों को बंद करें। जैसा कि आप सभी को मालूम होगा कि पिछले कई महीनों से आदिवासी समाज अपने केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली और अपने धर्म संस्कृति को बचाने के लिए फ्लाईओवर के रैंप को हटाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, मगर लगातार सरकार द्वारा समाज की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है । चूंकि, आगामी 01 अप्रैल 2025 को सरहुल शोभायात्रा का भव्य जुलूस निकलने वाली है और इस जुलूस में लगभग तीन लाख से भी अधिक आदिवासी शामिल होते हैं, जुलूस में शामिल सभी सरना धर्मावलंबी अपने अपने सरना स्थल और गांवों से निकल कर अपने पारंपरिक वेशभूषा और ढोल नगाड़ों के साथ केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली पहुंच कर मां सरना को जल चढ़ा कर धरती और सिंगबोंगा की अराधना करते हैं ।

## राष्ट्रगान और राष्ट्रध्वज का अपमान राष्ट्र विरोधी विषयः राजद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मानसिक रोगी के शिकार हो गए हैं इन दिनों उनका व्यवहार से ऐसा लगता है कि वे अचेत अवस्था में हैं ।

विदित है कि कल बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान हंसी ठिठोले करने लगे और बगल में खड़े मुख्य सचिव दीपक कुमार के हाथों को हिलाने लगे उसके बाद मंच से उतरने लगे । यादव ने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान राष्ट्रविरोधी मामला है निश्चित रूप से नीतीश कुमार को राष्ट्रद्रोह के मामले का सामना करना पड़ेगा इसलिए इन्हें अविलंब इस्तीफा देना चाहिए। ज्ञात हो कि राष्ट्रध्वज अपमान मामले में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को इस्तीफा देना पड़ा था और उन्हें कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी।

यादव ने कहा कि बीजेपी के शीर्ष नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत दिनों नीतीश कुमार को लाडला कहा था अब नीतीश कुमार के राष्ट्रगान अपमान पर नरेंद्र मोदी अमित शाह जेपी नड्डा को देशवासियों को जवाब देना होगा ।

अभी तक भाजपाइयों के चुप्पी साधने पर नकली राष्ट्रवाद का मुखौटा दिखता है।

## डिजिटल तकनीकि साक्ष्य संकलन व फोरेंसिक जाँच पर विशेष बल दिया : सुमन गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड के निर्देशानुसार 21.03.2025 को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशि एवं आधु, झारखण्ड की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई। इस बैठक में वाईएस रमेश, पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू क्षेत्र, पलामू, धनंजय कुमार सिंह पुलिस उप-महानिरीक्षक, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट एवं पुलिस अधीक्षक, लातेहार ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस बैठक में सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशि0 एवं आधु, झारखण्ड द्वारा 08 वर्षीय बालक की हत्या के आलोक में



दर्ज नेतरहाट थाना काण्ड सं0-05/2025, -17.02.2025 धारा-103(1)/235 बीएनएस के अनुसंधान के प्रगति व गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उक्त काण्ड की गुणवत्ता के मद्देनजर बीएनएसएस के संबंधित धारा के तहत डिजिटल तकनीकि साक्ष्य संकलन व फोरेंसिक जाँच पर विशेष बल दिया गया, ताकि दोषी को ससमय सजा दिलाई जा सके, साथ ही उक्त काण्ड के मद्देनजर विगत 10 वर्षो में नेतरहाट युनिट में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त एवं आस-पास के वैसे पुलिस पदाधिकारी/कर्मी जिनके विरूद्ध पूर्व में काण्ड दर्ज हो अथवा विभागीय कार्यवाही की गई है, उसमें अनुसंधान पूर्ण करने व विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर फलाफल से अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

## एक तरफ चल रही है परीक्षा वही दूसरी ओर 22 मार्च को रांची बंद का आह्वान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विभिन्न स्त्रोतों से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि सीरम टोली फ्लाईओवर को लेकर कतिपय सरना समिति के सदस्यों के द्वारा 22.03.2025 को रांची बंद एवं चक्का जाम का आह्वान किया गया है। यह भी गोपनीय सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ बंद समर्थक द्वारा हो-हंगामा/उपद्रव/तोड़ फोड़ की साजिश की जा रही है 7 जिला प्रशासन बंद आह्वान करने वाले सभी संगठन एवं व्यक्ति से अपील करती है कि इस अवधि में सभी गतिविधियाँ विधिसम्मत एवं शांतिपूर्ण होनी चाहिए। किसी भी व्यावसायिक वर्ग/ वाहन चालक पर किसी के भी द्वारा किसी भी प्रकार का दबाब/ बल प्रयोग किसी भी हाल में नहीं की जानी चाहिए। यह भी उल्लेखनीय है कि इस अवधि में विधानसभा सत्र जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियाँ और सेंट जेवियर्स कॉलेज एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विभिन्न परीक्षा का आयोजन हो रहा है। जिला प्रशासन यह सख्त हिदायत देता है कि बंद/चक्का जाम में शामिल किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी महानुभाव/ छात्र/ छात्राओं/ शिक्षण संस्थान के सदस्यों और जनसामान्य को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी, आवागमन में रोक-टोक किसी के द्वारा उत्पन्न नहीं की जानी चाहिए। बंद/चक्का जाम में शामिल किसी भी व्यक्ति के द्वारा अगर किसी भी प्रकार का कोई भी गैर कानूनी कार्य किया जाता है तो प्रशासन उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करेगा।

## अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिल्ली प्रखंड में अवैध बालू खनन का धंधा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी शिकायत प्राप्त होने पर उपायुक्त के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में 20.03.2025 को रात्री लगभग 9:50 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, सदर ,रांची , जिला खनन पदाधिकारी, राँची एवं जिला खनन टास्क फोर्स के अन्य सदस्यों के द्वारा अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए श्याम नगर, झाबरी पेट्रोल टंकी के पास खनिज लदे वाहनों का परिवहन चालान का




जॉच किया जा रहा था। जाँच करने के क्रम में बालू लदा हाईवा सं0 झ01-डीएन0894 जो कि सिल्ली से सोनाहातु की ओर जा रहा था को रोकने का ईशारा किया गया तो वाहन चालक वाहन को नहीं रोका । हाईवा वाहन चालक हाईवा को लेकर आगे सोनाहातु की ओर भागने लगा , जिसका पीछा अनुमंडल पदाधिकारी , सदर रांची एवं जिला खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा किया गया । पीछा करने के क्रम में हाईवा अपना नियंत्रण खो दिया और रस्ते से नीचे गिर गया। चालक और खलासी भागने में सफल रहे। जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा हाईवा को कब्जे में ले लिया गया एवं हाईवा के मालिक, चालक एवं इसमें सम्मिलित अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया।

## महिला कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में शामिल हुई मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजभवन के पास झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। महिला आरक्षण विधेयक, महिला सुरक्षा, ओबीसी महिलाओं को आरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा ने कहा कि महिला अधिकार और सुरक्षा के सवाल पर केंद्र की बीजेपी सरकार



सिर्फ ठगने का काम कर रही है। वोट की राजनीति के लिए केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण के नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया। देश की महिलाओं को इसका लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना होगा। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी के द्वारा की गई घोषणा धरातल पर नजर आती है। तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण और झारखंड में कांग्रेस के द्वारा मंत्री मंडल में महिलाओं को 50 प्रतिशत अधिकार इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि महिलाओं के हक अधिकार और सुरक्षा के सवाल पर लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। महिलाओं को एक जुट होकर अपनी लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना होगा। राजभवन पर महिला कांग्रेस के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक सहित प्रदेश कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

## देवाशीष घोष की बहन रीना ने पूर्व विधायक सीता सोरेन पर दर्ज कराया मामला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बड़ी भाभी सीता सोरेन सहित चार अन्य के खिलाफ रीना घोष ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रांची की अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया है। उसने कहा है कि उसका भाई देवाशीष घोष सीता सोरेन के साथ निजी सचिव के रूप में कई वर्षों से काम कर रहा था। पिछले विधानसभा चुनाव में सीता भाजपा की तरफ से जामताड़ा से चुनाव लड़ी, लेकिन हार गई। इस हार के बाद सीता सोरेन देवाशीष घोष पर दबाव बनाने लगी और कहने लगी कि चुनाव में बहुत खर्च कर दिए हो, सब तुम्हें वापस करना पड़ेगा। इसी क्रम में एक षड्यंत्र के तहत सीता सोरेन अपने चार सहयोगियों के साथ योजना बनाकर बीते सात मार्च 2025 को देवाशीष घोष का अपहरण कर धनबाद सराय ढेला स्थित सोनोटेल होटल में ले गई और जानलेवा हथियार सटाकर उससे गाड़ी की चाबी, जमीन के दस्तावेज और एटीएम कार्ड सब छीन ली। सीता सोरेन पर यह भी आरोप है कि हथियार के बल पर उसे अपने बैंक खाते में 3 लाख भी जमा करवा ली। इसके अलावा उसकी गाड़ी में रखी एक्सिस बैंक का चेक भी ले ली। साथ ही गाड़ी ट्रांसफर से संबंधित फार्म 29 और 30 पर जबरदस्ती हस्ताक्षर भी ले ली। सीता सोरेन के खिलाफ दर्ज शिकायतवाद में यह भी आरोप है कि एक फर्जी पिस्तौल रखकर देवाशीष घोष के खिलाफ सरायढेला थाना में प्राथमिकी दर्ज करा कर उसे धनबाद सरायढेला जेल भेज दी। इस घटना की जानकारी मिलने पर शिकायतकर्ता रीना घोष ने रांची के डीटीओ ऑफिस, जमीन रजिस्ट्री ऑफिस तथा एक्सिस बैंक में आवेदन देकर गाड़ी के ट्रांसफर, जमीन के ट्रांसफर और चेक राशि के हस्तानांतरण पर रोक लगाई है।

## भाजपा कार्यालय के नजदीक ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली

**रांची।** शुक्रवार सुबह से ही रुक रुक कर बारिश हो रही है। इसी क्रम में दोपहर को बारिश और गरज-चमक के बीच हरमू स्थित भाजपा कार्यालय के नजदीक लगे एक ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 2:50 बजे हुई। बिजली गिरने के बाद ट्रांसफार्मर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। राज्य के कई हिस्सों में बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश और गरज-चमक के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# जन भावनाओं को समझते हुए काम करे प्रशासन : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू कॉलोनी में जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। नागरिकों का विरोध भी तर्कसंगत है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस मुद्दे पर प्रशासन को भी जन भावनाओं का ख्याल रखने की सलाह दी है। सेठ ने कहा कि हरमू कॉलोनी के लोग चाहते हैं कि यहां जलमिनर का निर्माण ना होकर, अन्य स्थान पर किया जाए। इसलिए जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस निर्माण को तुरंत रोका जाएद्य उन्होंने



कहा कि हरमू स्थित लाल बहादुर शास्त्री मार्ग में यह एक मात्र मैदान है, जहां बच्चे खेलते हैं। शादी विवाह व अन्य सामाजिक आयोजन होते हैं। वैसे भी वहां पहले से हेल्थ सब सेंटर बनाने का प्रस्ताव है। जलमीनार का निर्माण हिंदपीढ़ी के लोगों को पानी देने के लिए निर्माण किया जा रहा है। पानी की सप्लाई हिंदपीढ़ी में होनी है तो फिर इसका निर्माण भी हिंदपीडी में ही किया जाना चाहिए। हरमू में प्रशासन जबरन काम कर रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। इस कार्य का विरोध करने पर प्रशासन वहां के बुजुर्ग, महिलाएं वहां के स्थानीय लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर रही है। जनभावनाओं को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची के उपायुक्त से बात कर जल मीनार के काम को रोकने, स्थानीय लोगों को परेशान नहीं करने को कहा है।

## सत्यापन के लिए पैसों की मांग किये जाने पर अबुआ साथी 943032880 पर दें जानकारीः डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला के झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों से कहा है कि वो अपना भौतिक सत्यापन अवश्य करायें। सत्यापन प्रपत्र निःशुक्ल है, जो आंगनवाड़ी सेविका से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सत्यापन के लिए किसी भी स्तर पर पैसों की मांग किये जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। आज दिनांक 21.03.2025 को योजना के संबंध में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों एवं सीडीपीओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक करते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

**भौतिक सत्यापन निःशुल्क, राशि वसूलने की शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाईः** झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में लाभुकों से भौतिक सत्यापन के नाम पर राशि वसूलने की मिल रही शिकायत पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि



सत्यापन के लिए सेविका या अन्य के द्वारा स्राशि वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित एल एस, सीडीपीओ पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लाभुकों से योजना अंतर्गत सत्यापन के लिए पैसों की मांग किये जाने पर अबुआ साथी (943032880) या विभिन्न प्रखंडों के लिए बनाये गये अबुआ ग्रुप पर जानकारी देने की बात कही।

**लोगों को सही जानकारी दें पदाधिकारी :**योजना के लाभ को लेकर कई लोग प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इस पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित पदाधिकारियों को कहा कि झारखण्ड मंईयां सम्मान योजना हेतु जिनका नाम सूची में नहीं है, उन्हें पूरी जानकारी आवश्यक रूप से दें। लोगों को विश्वास और साकारात्मकता के साथ उचित जानकारी प्रदान करें।ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर 112 पर कॉल करें या अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायें।

## रिसर्च सोसायटी फॉर स्टडी ऑफ़ डायबिटीज झारखंड चैप्टर का चौथा वार्षिक कांफ्रेंस आज और कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिसर्च सोसायटी फॉर स्टडी ऑफ़ डायबिटीज इन इंडिया के झारखंड चैप्टर द्वारा 22 और 23 मार्च को वार्षिक सम्मेलन का आयोजन सावन भूमि बैंक्विट हॉल में किया जा रहा है. इस आयोजन में 500 डॉक्टर भाग लेंगे, अधिवेशन में पूरे हिंदुस्तान से 40 सीनियर डॉक्टर अपना शोध पेश करेंगे. यह अधिवेशन से झारखंड के डॉक्टर को नवीनतम जानकारी देने में अहम भूमिका निभाएगा. डॉ विनय धन धनिया एवं डॉक्टर अजय छाबरा ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री ने बताया कि डायबिटीज पिछले 15 सालों में बहुत तेजी से फैल रहा है विदेश में यह बीमारी 45 से ऊपर के लोगों में पाया जाता है,पर भारत में यह बीमारी कम उम्र में ही हो रही है, अब बच्चों में भी डायबिटीज का खतरा बढ़ रहा है. शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रहा है. आएसएसडीआई इस बीमारी से बाहर शोध कर रही है,और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किस तरह से लोगों को इस बीमारी से सचेत किया जाए. अधिवेशन में डायबिटीज के उपचार सही भोजन एवं तालमेल के बारे में विशेष जानकारी दी जाएगी. यह कॉन्फ्रेंस डायबिटीज पर मंथन द्वारा एक नहीं दिशा प्रदान करेगा और मिल का पत्थर साबित होगा इस मौके पर डॉक्टर डीके सिंह, डॉक्टर रश्मि सिंह,डॉक्टर नूपुर वानी,डॉक्टर मनोज भादानी,डॉक्टर गगन गुंजन और डॉक्टर विनीत जगनानी इत्यादि मौजूद थे।

## कुंदन कुमार सम्मानित किए गए



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य आरोग्य दूत के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आज शिक्षक कुन्दन कुमार शर्मा को सदर अस्पताल के ऑडिटोरियम में माननीय जिला शिक्षा पदाधिकारी, माननीय जिला शिक्षा अधीक्षक, माननीय सिविल सर्जन के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुंदन कुमार ने कहा कियह सब आप सभी के प्रेम और माता रानी के आशीर्वाद से संभव हो पाया है । कुंदन कुमार के सम्मानित किए जाने पर टाटीसिलवे के समाजसेवीयो, मित्रों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अधिवेशन में शामिल हुए पिपरवार के लोग



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल फील्ड मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सीसीएल एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार मे आयोजित कोलफील्ड मजदूर यूनियन के दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन मे शामिल हुए। जानकारी के अनुसार कोल फील्ड मजदूर यूनियन पिपरवार एरिया के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बचरा चार नंबर चौक मे एकत्रित होकर जाकर नारेबाजी की और विभिन्न वाहनो से एक साथ डकरा के लिए रवाना हुए।इस संबंध में यूनियन के अध्यक्ष अनिल कुमार कुवंर और सचिव भीम सिंह यादव ने बताया कि सीएमयू का दो दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन 21 व 22 मार्च को एनके एरिया के डकरा भीआईपी सभागार में किया जा रहा है।इस अधिवेशन में सीसीएल के सभी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हों रहे है।मुख्य अतिथि के रूप में हरिमन सिंह सिद्धु महामंत्री एसएमएस, व गिरिनाथ सिंह पूर्व मंत्री झारखंड,राघवन रघुनंदन सीएमयू महामंत्री, रंजीत पांडेय सहित अन्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युनियन के पिपरवार क्षेत्र के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एक साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष अनिल कुमार कुवंर, सचिव भीम सिंह यादव, एसडी राम,रामु गोप,रविन्द्र कुमार सिंह,बंसत नारायण महतो,रामबच्चन यादव,गांधी राम साहु,हरिवंश महतो, बासिल टोप्पों,बालदेव यादव,केशव यादव सहित यूनियन के कई लोगों का नाम शामिल है।

## पंच परगना फुटबॉल लीग मैच 23 मार्च से शुरू

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित बहुचर्चित पांच परगना फुटबॉल लीग मैच 23 मार्च 2025 से जीईएल चर्च आमलेशा मैदान में शुरू होगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। लगभग एक महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पांच परगना क्षेत्र की 15 प्रमुख टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन मुकाबला जेएफसी तमाड़ और लिटिल स्टार कितादेर के बीच शाम 3 बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य नशा मुक्ति जागरूकता रखा गया है। जिसके तहत समाज में संदेश फैलाने का प्रयास किया जाएगा।

## चकला ईदगाह के इफ्तार पार्टी में सैकड़ों की संख्या में एकजुट हुए लोग

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माह-ए-रमजन का आधे रोजा पूरा हो चुका है,वही रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। शुक्रवार को प्रखंड के चकला गांव के ईदगाह में अंजुमन इस्लामिया कमेटी चकला के सौजन्य से दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित अंजुमन कमेटी के सदर अबुल अंसारी व सचिव हाजी रजब अली अंसारी, हाजी अशरफ अली अंसारी, अब्दुल कुद्दश अंसारी,हाफिज सनाउल्लाह, हाफिज बशारत सहित स्थानीय लोग शरीक हुए। मस्जिद में दी गई मगरीब नमाज की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने सबसे पहले खजूर खाकर रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में जाबिर अंसारी,अब्दुल कयूम अंसारी, मजहर अनीश,जियाउल हक,हाजी सलाउद्दीन अंसारी,मोहसिन आलम, मिन्हाज आलम सहित बड़ी संख्या में पंचायत जनप्रतिनिधियों के अलावा बुद्धिजीवी वर्ग एवं बच्चे शमिल हुए।रोजा इफ्तारी का फजीलत बताते हुए अंजुमन कमेटी के सेक्रेटरी हाजी रजब अली अंसारी ने बताया कि जिस आदमी ने किसी रोजेदार को इफ्तार करवाया तो उस आदमी को भी उतना ही शबाब मिलेगा जितना शवाब रोजेदार के लिए है। उन्होंने कहा कि जो रमजान के महीने में रोजेदार को इफ्तार कराता है।उसके गुनाहों की मगफिरत की जाती है। साथ ही रोजेदार के बराबर ही इफ्तार कराने वाले को शबाब मिलता है। रमजान का महीना लोगों के लिए काफी अजीम है। इस महीने में लोगों को ज्यादा से ज्यादा खुदा की इबादत करनी चाहिए। इस महीने में कुरान- ए- पाक का अवतरण हुआ था।

### मंईयां सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए प्रखंड कार्यालय में महिलाओं की उमड़ी भीड़

# आंगनबाड़ी सेविका सत्यापन के नाम पर पैसा लेती है तो सख्त कार्रवाई होगी : कामेश्वर बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए महिलाओं की भीड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय ओरमांझी में उमड़ पड़ी है। महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चे के साथ अपना खाता चेक कराने को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंची। जहाँ काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखकर कंप्यूटर ऑपरेटर भी परेशान हो गए। आपको बता दे की। होली के मौक पर झारखंड सरकार के द्वारा एक साथ तीन महीने के साढ़े सात हजार रुपए महिलाओं के खाते में डाले गये जहां महिलाओं के खाते में पैसे आते ही महिलाओं के खुशी का ठिकाना नहीं रहा तो वहीं दूसरी और जिन महिलाओं को योजना की राशि नहीं मिली तो वे महिलाएं परेशान हो गए और उन्हें डर सताने लगा कि कहीं उनका नाम इस योजना से कट तो नहीं गया। यही कारण है कि ऐसी महिलायें रोज प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच रही हैं और अपने खाता की जानकारी ले रही है। कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें एक बार भी इस योजना के तहत राशि उनके खाते में नहीं भेजी गयी है। वहीं कई



महिलाओं ने बताया कि उन्हें शुरू में महिला सम्मान योजना का पैसा मिला लेकिन दूसरे माह से खाता में पैसा नहीं आया। कई महिलाओं ने तो ऑनलाइन आवेदन किया था लेकिन हार्ड कॉपी जमा नहीं हुई थी। वे हार्ड कॉपी जमा कर अपडेट कराने पहुंची थीं। कई महिलाएं आवेदन में त्रुटि सुधार कराने पहुंची थीं। यह भीड़ सुबह 10 बजे से लेकर समय 4 बजे तक देखने को मिला। इस सबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने कहा की मईया सम्मान योजना का पैसा महिलाओं के खाते में नहीं जाने के कारण महिलाएं परेशान हो गई है और अपना अपडेट करने को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंच रही है मगर उन्हें परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है, अगर किसी ग्रामीण महिला के बैंक खाते में एक बार भी मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का पैसा गया और बाद में पैसा नहीं जा रहा है तो प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम एक आवेदन दे सकती हैं। आवेदन में घोषणा पत्र, राशन कार्ड,आधार कार्ड और बैंक पासबुक एवं पहचान पत्र की छाया प्रति संलग्न करना होगा। आवेदन को मुखिया या पंचायत सेवक से अनुशंसा कराना होगा। पंचायत क्षेत्र की महिलाओं को अंचल कार्यालय में आवेदन देना होगा ताकि इसकी जाँच की जा सके।

## बेशुमार बरकतों व रहमतों का महीना है माहे रमजान : मुन्तजिर अहमद रजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र के पूर्व उप प्रमुख सह वरिष्ठ समाजसेवी मुंतज़िर अहमद रजा ने कहा कि रमजान का चांद दिखते ही मस्जिदों एवं घरों में नमाज व इबादत का सिलसिला शुरू हो गया है। एक माह का रोजा तमाम बुराइयों से बचाने और नेकियों से करीब करने वाला महीना है। यह महीना निहायत ही सब्र का महीना है। रोजा एक ऐसी इबादत है जो तकरीबन सभी नबियों की उम्मतों पर फर्ज था। इसीलिए तो अल्लाह ने कुरआन मजीद में फरमाया है कि ईमान वालों जिस तरह उन पर रोजा फर्ज किया गया है। उसी तरह तुम पर



भी रोजा फर्ज किया गया है। ताकि इंसान परहेजगार बनकर अल्लाह की इबादत का हक अदा करे और उसके बंदों की खिदमत करे। वहीं उन्होंने रोजे की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि रोजा हमारी बीमारियों का इलाज भी है। इसकी बरकत से इंसान के अंदर रुहानी ताकत आती है। रोजा तो बुराई के मुकाबलों में एक ढाल की हैसियत रखता है। मुन्तजिर अहमद रजा ने कहा कि रोजा रखने की बरकत से रोजेदार के बदन में नूर का बहाव तेज हो जाता है। रमजान की फजीलत ऐसी है कि जो बंदा एक नेकी करता है, अल्लाह उसे 70 गुना शबाब देता है।

रमजान महीने में तीन दर्जा होते हैं। रमजान के इस महीने में तीन दर्जा होते हैं। इसका पहला 10 दिन रहमत का है और दूसरा 10 दिन बख्शीश का है। तीसरा 10 दिन जहन्नम से आजादी का है। इस महीने का जैसे ही रमजान का चांद नजर आता है, जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं।

**बहुत अहम है तरावी :** रमजान में कुरआन शरीफ के तीस पारो की खास नमाज पढ़ी जाने वाली तरावी काफी महत्वपूर्ण बताई गई है। लोग मस्जिदों में पढ़ी जाने वाली तरावी में शामिल होते हैं। हाफिज व कारी कुरआन शरीफ की तिलावत कर 20 रकात में तरावीह की नमाज को पूरी करते हैं। यह सिलसिला पूरे 30 दिन तक जारी रहता है। ईद का चांद दिखने पर तरावी की नमाज बंद कर दी जाती है।

### पिपरवार कोयलांचल के मस्जिदो मे अदा की गई रमजान महीने की तीसरे जुमे की नमाज

## ईबादत के महीना रमजान मे गुनाहों की होती है माफी : हाफिज मुमताज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाको मे शुक्रवार को रमजान महीने की तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई।नमाज अदा करने के लिए क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे नमाजियो की काफी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र में खराब मौसम और मूसलाधार बारिश के बावजुद नमाजियो की भीड़ 12 बजे से मस्जिदो मे आना शुरु हो गया।बचरा जामा मस्जिद मे जुमे की नमाज पढ़ने के लिए भारी संख्या मे नमाजियो की भीड़ देखी गई।कई लोग बारिश की पानी में भींगकर नमाज



पढ़ने जाते देखे गए।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने जुमे की नमाज पढ़ायी।नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर मे रोजा व नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि रमजान मे रोजा,नमाज के साथ गरीब असहाय की मदद करना काफी जरूरी है।एक माह तक लोग खुदा की ईबादत करते और सच्चे दिल से इबादत करने वालो के गुनाहो को खुदा माफ करते है।लोग एक महीने के रोजे मे नमाज,तरावीह, कुरान की तिलावत करते है,साथ ही फितरा जकात निकाल कर गरीब असहाय की मदद करते है।उन्होंने कहा कि माहे रमजान का यह महीना बरकत वाला होता है और इस एक महीने मे लोगो के गुनाहो का फैसला होता है।अंत मे क्षेत्र, राज्य व देश की खुशहाली एंव अमन चैन और भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गई।पिपरवार क्षेत्र के बचरा,राय,बेहरा,कल्याणपुर, न्युमंगरदाहा, पुरानीराय सहित अन्य जगहो पर रिमझिम बारिश के बीच रमजान महीने के तीसरे जुम्मे की नमाज अदा क़ी गई।

# लोकपाल टीम ने किया बेड़ो प्रखंड का दौरा

### इटा पंचायत में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण, लाभुकों से ली गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** झारखंड राज्य के लोकपालों की एक टीम ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड का दौरा कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। टीम ने इटा पंचायत में जाकर मनरेगा, आम बागवानी योजना, सिंचाई कूप निर्माण, डोभा निर्माण, कच्ची नाली निर्माण, टीसीबी निर्माण, नडेफ कंपोस्ट निर्माण और बुआ आवास योजना जैसी योजनाओं की समीक्षा की। लोकपालों ने लाभुकों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर योजनाओं के प्रभाव और क्रियान्वयन की जानकारी ली। पंचायत कार्यालय में आयोजित



प्रशिक्षण सत्र के दौरान कर्मियों और अधिकारियों ने अभिलेखों की प्रस्तुति दी और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। लोकपाल टीम ने सेवन रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों के अद्यतन से जुड़ी स्थिति की भी समीक्षा की।इसके अलावा, प्रखंड कार्यालय में मनरेगा कार्यों से जुड़े एनआईसी और इंटरनेट से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अनुपम भारती (उपनिदेशक, मनरेगा कोषांग), निहार रंजन महाराणा (राज्य समन्वयक, प्लानिंग सेल), और दीपक कुमार (मनरेगा कोषांग) ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। दौरे के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, लोकपाल पुष्प लता जायसवाल, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहित अन्य पदाधिकारी, अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि, रोजगार सेवक, लाभुक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस निरीक्षण से योजनाओं की पारदर्शिता और क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया, जिससे भविष्य में सुधार के आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## सीआईएसएफ कैंप पिपरवार में रक्तदान शिविर आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीआईएसएफ कैंप पिपरवार बचरा में रक्तदान महादान टीम खलारी के द्वारा शनिवार 22 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसमें सीआईएसएफ के जवान व पदाधिकारी के अलावा क्षेत्र के लोग भी इसमे रक्तदान कर सकते हैं।रक्तदान महादान टीम खलारी के मुन्नु शर्मा ने बताया कि रक्तदान महादान कार्य है।यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है। रक्तदान करने से किसी की भी जान बचाई जा सकती है।इसमें लोगों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की जरूरत है।उन्होने क्षेत्र के लोगों से भी इसमें शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

## ऐतिहासिक रामनवमी मेला लगने को लेकर बैठक आयोजित

**बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उमेडंडा के मोहन जायसवाल बने महावीर मंडल उमेडांडा का अध्यक्ष रत्न प्रकाश सिंह को बनाया गया महावीर मंडल उमेडांडा का मुख्य संरक्षक 84 मौजा और 108 गांव का लगने वाला ऐतिहासिक रामनवमी मेला का सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को उमेदंडा महावीर मंडल का बैठक आयोजित किया गया बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया बैठक में 84 मौजा और 108 गांव के महावीर मंडल के लिए अखाड़ा की व्यवस्था से लेकर पेयजल मेला परिसर की साफ सफाई लाइटिंग करने जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा किया एवं सहमति बना वही मेला कमिटी का उपाध्यक्ष अनिमेष मिश्रा,सचिव चंद्रदीप साहू,उपसचिव बलराम साहू कोषाध्यक्ष सुनील साहू, उपकोषाध्यक्ष आनंद जायसवाल वही विजयमल साहू को संगठन सचिव बनाया गया मेला में आए हुए अतिथियों का स्वागत की जिम्मेवारी निखिल नायक एवं प्रमोद मिश्रा को दिया गया, संरक्षक में अरुण यादव, मनोज मिस्र, सुदामा नायक,विनोद मुंडा,पवन राम,प्रदीप साहू,और कांशी साहू को बनाया गया वही गुड्डू जायसवाल, सोनू जायसवाल, कुलदीप साहू, अनिल नायक, रमेश जायसवाल,सूरज सिंह,और बबन सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

## पिपरवार में 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन हुआ अस्त-व्यस्त



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है।वहीं बारिश और ठंडी हवाओं के कारण कोयलांचल क्षेत्र में ठंड का प्रकोप एक बार फिर से बढ़ गया है।मूसलाधार बारिश और खराब मौसम के बीच कोयलांचल के लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए हैं।जानकारी के अनुसार गुरुवार 20 मार्च की शाम से ही पुरे इलाके मे बादल छाये जाने के साथ ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई।इस दौरान कई जगह पर ओलावृष्टि होने की भी सूचना है।रिमझिम बारिश के बीच ठंडी हवाओं ने इलाके में फिर से ठंड का प्रकोप बढ़ा दिया है।इस दौरान गुरुवार को रात भर रुक-रुक कर पूरे इलाके में बारिश होती रही।वहीं शुक्रवार की सुबह से ही मूसलाधार बारिश लगातार जारी है। बारिश के साथ कई जगहो पर वज्रपात व तेज गरज होने के कारण आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति घंटो ठप रही।इधर खराब मौसम पर इलाके के लोगो ने बताया कि कोयलांचल में गर्मी की दस्तक लगभग आ चुकी थी, लेकिन अचानक मौसम में बदलाव होने से और बारिश व ठंडी हवाओं के कारण ठंड का प्रकोप एक बार फिर से बढ़ गया है।बदलते मौसम के बीच घरों में बच्चों एवं वृद्ध लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सर्द-गर्म के इस मौसम में वृद्ध लोग एवं बच्चों को मौसमी बीमारियों की चपेट में आने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर बारिश के कारण सड़कों पर जल जमाव एवं कीचड़ों का अंबार देखा जा रहा है।बारिश के कारण क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों एवं चौक चौराहा में सन्नाटा पसरा हुआ है।लोग अपने-अपने घरों में कैद हो चुके हैं।स्कूलों में परीक्षा समाप्त होने के बाद क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों के बंद होने से बच्चों को थोड़ी राहत मिली है।इधर खराब मौसम की मार सीसीएल के कार्यों पर भी देखा जा रहा है। कोयला खदानों में इसका प्रतिकूल असर पड़ा है।खदान क्षेत्र में भारी मशीनों का परिचालन बंद कर दिया गया है।वही ट्रांसपोर्टिंग कार्यों की गति भी धीमी हो गई है।

# तेज बारिश और ऑलावृष्टी से भारी तबाही

## सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त, फसलों को भारी नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के घाघरा, नेहालु, ईटा, दिघिया, जामटोली, बेड़ो, टेरो और जरिया पंचायत के दर्जनों गांवों में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे आई तेज बारिश, ऑलावृष्टी और तूफान से भारी नुकसान हुआ। इस आपदा में सैकड़ों मकानों के एलवेस्टर और खपड़े उड़ गए, घरों के बाहर खड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और खेतों में लगी आलू, मटर, फ्रेंचबीन, गेहूं और सरसों जैसी फसलों को भारी नुकसान हुआ। क्षेत्रीय विधायक सह कृषि एवं



पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल मुआवजा को लेकर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है। मंत्री के निर्देश पर प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव और अन्य प्रतिनिधि प्रभावित इलाकों का दौरा कर नुकसान का आकलन कर रहे हैं। इधर नेहालु पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र भगत, जरिया पंचायत की मुखिया कुआंरी खलखो और ईटा पंचायत के मुखिया बुधराम बाड़ा, घाघरा पंचायत के मुखिया रमेश उराँव ने प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

## एचएमएस के महामंत्री का आरकेएमयू के प्रतिनिधियों ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** हिन्द मजदूर सभा के महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू के एनके क्षेत्र में आगमन पर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर उनका जोरदार स्वागत किया।जानकारी के अनुसार आरकेएमयू के सीसीएल सचिव ललन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डकरा वीआईपी गेस्ट हाउस मे उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया।इस दौरान आरकेएमयू के प्रतिनिधियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर महामंत्री का जोरदार स्वागत किया।इस दौरान महामंत्री ने



आरकेएमयू के प्रतिनिधियों से स्थानीय बातों की जानकारी ली।वहीं प्रतिनिधिमंडल के द्वारा पिपरवार एवं उनके एरिया की विभिन्न समस्या से उन्हें अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से एनके एरिया सचिव सुनील कुमार सिंह,पिपरवार एरिया सचिव भीम प्रसाद मेहता,पिपरवार अध्यक्ष केके चतुर्वेदी,राघव चौबे,तिला महतो,बबन सिंह,अभीषेक सिंह,गुड्डू सिंह,देवपाल मुंडा,श्याम नारायण चौधरी, श्याम सुंदर महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती का 108 रुद्राक्ष की माला पहनाकर अभिनंदन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची के अग्रसेन भवन में गुरुवार को द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का मजदूरों के मसीहा राकेश्वर पांडेय व शुभम खिरवाल की ओर से 108 रुद्राक्ष की माला पहनाकर अभिनंदन व हार्दिक हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश पाठक, टप्पू खिरवाल, लक्ष्य खिरवाल व सोनू अग्रवाल समेत काफी संख्या में श्रद्धालु व भक्तगण उपस्थित थे। सबों ने शंकराचार्य भगवान का जयकारा लगाया। भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद देर रात शहर लौट गये।

## जमशेदपुर सीए सोसाइटी का होली मिलन आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) सोसाइटी द्वारा डोबो स्थित गुप्ता फॉर्म हाउस में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने अपने परिवारों के साथ इस खास मौके का आनंद लिया। आयोजन में रंगों और खुशियों के भरपूर माहौल में सबने विभिन्न खेलों और डीजे का आनंद लिया। साथ ही कार्यक्रम में सभी ने लजीज व्यंजनों का स्वाद भी लिया। इसके आयोजन में सीए रमाकांत गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास, उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सचिव सीए आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए विनीत मेहता, पूर्व अध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम में बिशन अग्रवाल, जगदीश खंडेलवाल, किशन चौधरी, सुशील खोवाला, सरोज कांत झा, शिशिर मिश्रा, राकेश रोशन झा, रवि गुप्ता, उमंग अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, धीरज प्रसाद आदि ने अपने परिवार के साथ शिरकत की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सीए रवि गुप्ता ने दी।

## सीनी मार्ग पर रायडीह गांव के समीप सोना नदी में पुल निर्माण कार्य का विधायक ने उठाया मामला



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने राज्य सरकार से खरसावां-सीनी मार्ग पर रायडीह गांव से समीप सोना नदी में पुल निर्माण की मांग की. विधायक ने शुक्रवार को विस में शून्य काल के दौरान इस मामले को उठाया. उन्होंने कहा कि रायडीह गांव के पास सोना नदी में पुल का निर्माण कार्य करीब छह वर्ष पूर्व शुरु किया गया था. परंतु छह वर्ष बाद भी पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है. यह योजना पथ निर्माण विभाग से संबंधित है. संवेदक द्वारा बैंक के साथ धोखाधड़ी करने के कारण वित्त विभाग द्वारा संवेदक को किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं करने निर्देश निर्गत किया है. इस कारण से पुल निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है. सरकार से मांग किया है कि सभी प्रक्रियाओं को अपनाते हुए नये सीरे निविदा की प्रक्रिया को निष्पादित करते हुए पुल निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए.

## तेज हवा के साथ बारिश में कई सेड तबाह, ओले व पेड़ भी गिरे



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में मौसम करवट बदलते ही दिन को ही घनघोर अंधेरा छा गया और तेज हवा के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि हुई। कहीं पेड़ गिरे तो कहीं सेड। कहीं ओले भी गिरे। आंधी तुफान के साथ झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त रहा। वहीं आंधी तूफान से मिलन चौक में राजकुमार महतो का टीना सेड गीर कर नष्ट हो गया । सेड में रखे कई लोगों का बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया, जगह जगह दर्जनों पेड़ गिर गया। ओलावृष्टि से खेतों में लगे रवि फसलें भी क्षतिग्रस्त हो गया। किसानों का कड़ी मेहनत से उगाए गए बैंगन,लौकी ,मीर्चा ,साग , सब्जी आदि फसलों को ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ। गृह स्वामी राजकुमार महतो ने कहा कि होटल के आगे बने टीना सेड हवा से उड़कर नष्ट हो गया। उन्होंने आपदा प्रबंधन कि ओर से मुआवजा देने का मांग किया है।

## ब्रांडिंग, पेटेंट व पंजीकरण से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकड़ु प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वाधान में इंडिया एसएमई फोरम के माध्यम से चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्तर का आईपीआर मिशन के तहत पेटेंट, डिजाइन, ट्रेड मार्क, लोगो रजिस्ट्रेशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन कुमार, एफ टी कोर्डिनेटर देवनारायण,कम्युनिटी कॉर्डिनेटर नृपेन मंडल ,राजू कुमार, अरूण कुमार व समूह की दीदियां उपस्थित रहे। कार्यशाला में 60 से ज्यादा स्वयं सहायता समूह की बहनें व उद्यमियों ने सहभागी की व कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुनील मिश्रा ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन इंडिया एस एमई फोरम के सुनील मिश्रा ने किया।

## चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के जयंती पर जेएलकेएम ने दी श्रद्धांजलि

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पटमदा प्रखंड कमिटी के सदस्यों ने शुक्रवार को रांगाटांड़ स्थित प्रखंड कार्यालय में भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी एवं चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के 287 वां जयंती मनाई । इस दौरान चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी के जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मौके पर जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो, फनि महतो, प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, प्रताप महतो, मृत्युंजय महतो, फुलचांद मुर्म, हांसु सहिस, बिकल महतो, सैकत महतो, कैलाश महतो, बिकास महतो,दयासागर महतो, साहेब राम महतो, प्रवीर महतो, भैरव महतो, सागर महतो, निर्मल महतो, प्रदीप महतो, अजय महतो, देव कुमार महतो, उत्तम महतो, योगेश्वर महतो, सुनील महतो, पंचानन महतो एवं आदि उपस्थित थे।

## जुगसलाई में बाबा बासुकीनाथ का 16 वां वार्षिक जागरण 24 मार्च को

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** श्री श्री 1008 बाबा बासुकीनाथ का 16 वां वार्षिक जागरण आगामी 24 मार्च सोमवार की रात को जुगसलाई स्थित शिव मंदिर सत्संग भवन में होगा। सोमवार की संध्या 05.30 बजे से पूजन, रात 09 बजे महाआरती के बाद रात 09.45 बजे से भजन कीर्त्तन का शुभारंभ होगा, जो बाबा बासुकीनाथ की इच्छा से देर रात तक चलेगा। बाबा भोले नाथ का दरबार सजाया जायेगा। इसका आयोजन श्री श्री 1008 बाबा बासुकीनाथ नव युवक कांवडिया मंडली जुगसलाई द्धारा किया जा रहा हैं। यह जानकारी शुक्रवार को संस्था के भंवर पारिक और राकेश गोयल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि इसमें आमंत्रित भजन गायक भागलपुर के मुरलीधर शर्मा, स्थानीय भजन गायक अशोक आगीवाल और महावीर अग्रवाल मुन्ना शानदार भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झुमाएगें।

# डीसी व एसपी ने किया टाटा-कांड्रा मार्ग पर लगाए गए ट्रैफिक लाइट सिग्नल का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए जेडएफ कमर्शियल व्हीकल कंट्रोल सिस्टम इंडिया लिमिटेड कंपनी की ओर से सीएसआर के तहत ट्रैफिक लाइट सिग्नल लगाया गया है। इस दौरान कांड्रा टॉल रोड से आदित्यपुर तक कुल 9 जगहों पर ट्रैफिक लाइट सिगनल लगाया गया है। इसका विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और आरक्षी अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने गम्हरिया थाना परिसर में रिमोट दबाकर किया। इससे पूर्व कंपनी के अधिकारियों द्वारा ट्रैफिक लाइट सिग्नल जिला प्रशासन को सुपुर्द किया गया। इस मौके पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि टाटा कांड्रा मार्ग पर पुलिस प्रशासन के प्रयास से ट्रैफिक लाइट सिग्नल स्थापित किया गया है। इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, रोड सेफ्टी का निर्देश एवं गाइडलाइन का अनुपालन करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सिविल सोसायटी के आदित्यपुर, गम्हरिया के सदस्यों के साथ भी वार्ता हुई है। उनसे फीडबैग लेकर नियमों को बेहतर बनाया जा रहा है। डीसी ने कहा कि किस प्रकार ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके इस पर विचार किया जा रहा है। एसपी मुकेश लूणायत ने कहा कि सीएसआर के तहत गम्हरिया से आदित्यपुर तक कुल 9 स्थानों पर ट्रैफिक लाइट सिग्नल का विधिवत उदघाटन किया गया है। उन्होंने सीएसआर मद से ट्रैफिक लाइट अधिष्ठापित करने वाली औद्योगिक क्षेत्र की जेड एफ कमर्शियल कंपनी के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्यालय डीएसपी, परिवहन पदाधिकारी, गम्हरिया थाना प्रभारी कुणाल कुमार, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, ट्राफिक थाना प्रभारी, कम्पनी के अधिकारी दिलीप कुमार दास, राघव तिवारी आदि उपस्थित थे।

## हाथी विंदा पंचायत का 5 गांव 5 दिनों से अंधेरे में, ग्रामीणों का सब्र टूटा, प्रदर्शन कर जताया विरोध



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के हाथीविंदा पंचायत का पांच गांव की 3000 आबादी बीते पांच दिनों से अंधेरे में डूबी हुई है जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं हैं। इधर जादूगोड़ा बिजली विभाग जूनियर इंजीनियर के बेतुका बयानबाजी से भी लोगों में बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश को बढ़ा दिया हैं। वहीं जूनियर इंजीनियर द्वारा झूठा आश्वासन से ग्रामीणों का गुस्सा उबाल पर हैं।। इधर ग्रामीणों ने महिला नेत्री छवि रानी महतो व विश्वनाथ महतो के अगुवाई में नारायणपुर गांव में बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया और पोटका विधायक संजीव सरदार व सांसद विद्युत महतो से जल्द विद्युत आपूर्ति चालू करने की पहल करने का मांग उठाई। इस बाबत नारायणपुर गांव के मनसा कुमार महतो, विश्वनाथ महतो, नरेंद्र नाथ महतो, खरोद चंद्र महतो ने कहा कि क्षेत्र ने लोग बिजली बिल समय पर चुकता करते है व लोगों को बिजली सही ढंग से नहीं मिलती। यहां तीन स्कूल है, मसलन विद्या निकेतन, तुलसी छवि पब्लिक स्कूल के बच्चे बीते 17 मार्च को आई तूफान के बाद से बिजली आपूर्ति के अभाव में परेशान है।

## करीम सिटी कॉलेज में स्पार्क ने मनाया विश्व कविता दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक संस्था %स्पार्क% (सोसाइटी फॉर प्रोमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर) ने हिंदी, अंग्रेजी उर्दू, बंगला तथा उड़िया विभागों के सहयोग से विश्व कविता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। कॉलेज के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी भाषाओं के प्रसिद्ध कवि अतिथि कवि के रूप में आमंत्रित किए गए थे। डॉ मनोज पाठक आजिज (प्राध्यापक अरका जैन विश्वविद्यालय), बरुण प्रभात (लेखकीय सचिन जनवादी लेखक संघ जमशेदपुर), सद्दाम गनी (उपाध्यक्ष दबिस्तान-ए-जमशेदपुर), डॉ प्रसन्न कुमार भुइयाँ (सेवानिवृत्ति सेक्शन ऑफिसर एबीएम कॉलेज) तथा प्रो एके दास (प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग करीम सिटी कॉलेज) कार्यक्रम में अतिथि कवि स्वरूप सम्मिलित हुए। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज तथा स्पार्क के कोऑर्डिनेटर डॉ यहिया इब्राहीम ने सभी अतिथि कवियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मुबीना बेगम तथा आयुष्मान शर्मा ने किया और उदरिजा मल्लिक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में कई विभागों के प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सीए स्टूडेंट्स अनुराग एवं आयुष बने शतरंज विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** द इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया की जमशेदपुर ब्रांच ऑफ़ सिकासा (स्टुडेंटस एसोसिएशन) द्वारा सीए स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन शतरंज का खेल आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता शुक्रवार को जमशेदपुर ब्रांच के स्टडी सेंटर परिसर में संपन्न हुई। फाइनल राउंड में अनुराग और आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। अब ये दोनों विजेता 29 मार्च को मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद के शतरंज टूर्नामेंट में अपनी पहचान बनाएंगे। इस अवसर पर सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन जमशेदपुर के चेयरमैन सीए चेतन अग्रवाल और अन्य पदाधिकारियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। मालूम हो कि इस टूर्नामेंट का आयोजन 29 मार्च को मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा आयोजित होने वाले ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के लिए दो विजेताओं का चयन करने के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में केवल सीए स्टूडेंट्स ही भाग ले सकते थे। प्रत्येक ब्रांच से 2 विजेताओं को इस टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर ब्रांच के चेयरमैन सीए कौशलेंद्र दास, सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के चेयरमैन सीए चेतन अग्रवाल, ब्रांच के सेक्रेटरी सीए ऋषि अरोड़ा और ब्रांच के वाईस चेयरमैन सीए आनंद अग्रवाल उपस्थित थे।

## माफियाओं से मिल रही है धमकी, कल एसपी से मिलकर करेंगे सुरक्षा की मांग : बनमाली हांसदा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चांडिल :** अनुमंडल क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता बाबूराम सोरेन और उसके टीम को अवैध खनन माफियाओं से जान माल का खतरा बताया है। इस संदर्भ में एनएच 33 पर स्थित जड़ियाडीह के समीप शुक्रवार को एक होटल में प्रेस वार्ता के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता बनमाली हांसदा ने बताया कि बुधवार को शहरबेड़ा गांव के टोला एदेलबेड़ा में माफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध पत्थर खनन को रोकने के लिए बाबूराम सोरेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की थी जिसके फलस्वरूप अगले ही दिन गुरुवार को जिला उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन निरीक्षक समीर ओझा के नेतृत्व में विभाग ने छापेमारी की। इस दौरान खनन विभाग के अधिकारियों ने अवैध खदान से कुल 700 सीएफटी पत्थर जब्त कर जमीन मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश चांडिल अंचल अधिकारी को दे दिया। इसके बाद से ही क्षेत्र के अवैध खनन माफियाओं द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता बाबूराम सोरेन और उसके टीम को हर जगह चौक-चौराहे पर जान से मारने की बात की चर्चा आग की तरह फैली हुई है। जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। श्री हांसदा ने बताया कि बीते दिन दलमा इको सेंसेटिव जॉन मे हो रहे अवैध खनन को लेकर बाबूराम सोरेन ने पत्राचार के माध्यम से सार्वजनिक कर जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर कल वे सब जिला समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंच कर अपने जान माल हेतु सुरक्षा की मांग करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान एदेलबेड़ा मांझी बाबा सुनील मार्डी, बबलू सोरेन, सुदन टुडू, लालमोहन हांसदा आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा हुआ अव्वल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में (नवाचार ) प्रोजेक्ट की प्रतियोगिता संकुल संसाधन केंद्र पटमदा में संपन्न हुई। इसमें प्रखंड के मध्य विद्यालयों एवं कस्तूरबा विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा, द्वितीय मॉडल स्कूल पटमदा तथा तीसरा केजीबीपी स्कूल बांगुड़दा ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार पाने वाले उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा के विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए 24 मार्च को जमशेदपुर जाएंगे। निर्णायक मंडली के रूप में विवेकानंद दरिपा, डोली दे, स्नेहलता कुमारी एवं अवनी महंती उपस्थित रहे। मौके पर +2 उच्च विद्यालय बांगुड़दा के शिक्षक विवेकानंद दरिपा ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को उजागर करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम काफी फायदेमंद साबित होते हैं। एसएस +2 उच्च विद्यालय पटमदा की शिक्षिका डोली दे ने कहा कि हर एक बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण होते हैं, हमें उन्हें तराशने की जरूरत है। बीआरपी अबनी महंती ने सभी बच्चों एवं उपस्थित नोडल शिक्षक को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शकुन्तला महतो, अरविंद कुईला, उज्ज्वल कांति दास, सुधांशु महतो, हरेकृष्ण पाल, पंचानन महतो, सुभाष बास्के, श्यामपद महतो, बृहस्पति सोरेन व भजहरि महतो आदि की अहम भूमिका रही।

## रामकृष्णा फाउंडेशन द्वारा डोंडा गांव में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**गम्हरिया :** रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड की इकाई रामकृष्णा फाउंडेशन की ओर से गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर पंचायत के डोंडा गांव में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच, ईसीजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ परामर्श, हड्डी रोग की जांच, नेत्र जांच, रक्तचाप एवं शुगर जांच आदि की गई। साथ ही, चिकित्सीय परामर्श के अनुसार उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच शिविर का कुल 166 ग्रामीणों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया, कंपनी के प्लांट हेड एवं एचआर हेड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि रामकृष्णा फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी के प्लांट हेड ने अपने संबोधन में कहा कि हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएसआर प्रमुख संजय कुमार, देवेन्द्र विश्वकर्मा, रोहित कुमार, निहारिका पति, सारिका सिंह, प्रभात, बिदेश गांगुली, देवाशीष और बगाई टुडू ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

## बिजली चालित चाक से मिलेगा कुम्हार समाज के बुजुर्गों को सहारा : संजीव सरदार

### - पोटका विधायक ने शून्यकाल में उठाया मामला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में पोटका विधायक संजीव सरदार ने कुम्हार समाज के बुजुर्ग कारीगरों की मदद के लिए सरकार से विशेष पहल की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में कुम्हार समाज के लोग अपनी परंपरागत आजीविका मिट्टी के बर्तन बनाने के माध्यम से चलाते हैं, लेकिन उम्र बढ़ने के कारण कई बुजुर्ग कुम्हार अब हाथ से चलने वाले चाक पर काम करने में असमर्थ हो गए हैं। विधायक संजीव सरदार ने इस समस्या को गंभीरता से उठाते हुए सरकार से आग्रह किया कि इन बुजुर्ग कारीगरों को बिजली से चलने वाले स्वचालित चाक उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे अपनी आजीविका को जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि परंपरागत कारीगरी को बचाने और कुम्हार समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। संजीव सरदार का कहना है कि कुम्हार समाज हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अगर इन्हें आधुनिक संसाधन नहीं मिलेंगे, तो यह कला धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। विधायक ने इस मुद्दे को सरकार के समक्ष रखते हुए इसे शीघ्र हल करने की अपील की। कुम्हार समाज ने श्री सरदार के इस पहल की सराहना की है और सदन में इस मामले को उठाने के लिए उनका आभार जताया है.

## पत्थर क्रशर व खदानों का माइनिंग इंस्पेक्टर व सीओ ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** जिला उपायुक्त अन्नय मित्तल के निर्देशानुसार शुक्रवार को पटमदा सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, माइनिंग इंस्पेक्टर अरविंद उरांव, कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से ओड़िया, बानकुचिया गेरूवाला, समरजोबरा, चिरूडीह गांवों में स्थित क्रेशर मिल एवं खदानों का निरीक्षण किया. संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में संचालित क्रेशर मशीन व पत्थर खदानों के कागजातों की भी जांच की गई. जांच के दौरान अधिकारियों को क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध खदान एवं क्रेशर मिल की पहचान नहीं हो पाई हैं. मालूम हो कि पिछले दिनों जिला उपायुक्त अन्नय मित्तल द्वारा दादुडीह गांव एक कार्यक्रम को लेकर अतिथि के रूप में शामिल हुए थे. इस दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा मौखिक रूप से क्षेत्र में अवैध क्रेशर एवं पत्थर खदान चलाए जाने की शिकायत की गई थी. ग्रामीणो के मौखिक शिकायत के आधार पर आज उपायुक्त के निर्देश पर संबंधित विभाग एवं स्थानीय अधिकारी द्वारा मामले का निरीक्षण किया गया.

## साकची बंगाल क्लब में महिलाओ को आत्मनिर्भर करने के उदेश्य से प्रदर्शनी शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** महिलाओं द्वारा संचालित कोलकाता की प्रसिद्ध संस्था एनिग्मा के तत्वावधान में महिला दिवस सह प्री बैसाखी प्रदर्शनी की शुरुआत शुक्रवार, 21 मार्च से 23 मार्च तक साकची बंगाल क्लब में हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी पूरबी घोष ने फीता काटकर किया, उनके साथ बंगाल क्लब के महासचिव सौम्य सेन भी उपस्थित थे। संस्था की प्रमुख एलिट्रा सिन्हा मुखर्जी ने बताया कि जमशेदपुर में यह प्रदर्शनी 13वीं बार आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी में कोलकाता और जमशेदपुर के बेहतरीन कारीगरों द्वारा तैयार किए गए लेडीज कलेक्शन, जिसमें साड़ियां, कुर्तियां, आभूषण, और मेंस कलेक्शन शामिल हैं, प्रदर्शित किए गए हैं। इसके अलावा, हस्तशिल्प और घरेलू उत्पादों के भी कई स्टॉल लगाए गए हैं। इस प्रदर्शनी में 30 से अधिक स्टॉल कोलकाता और जमशेदपुर के महिलाओं द्वारा लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में शहरवासियों के लिए विशेष छूट और ऑफर्स भी उपलब्ध हैं, जिससे खरीदारी का अनुभव और भी खास बन रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## विचार प्रवाह

संपादकीय

# 'अंतरिक्ष बेटी' की घर वापसी

ये क्षण बेहद भावुक, खुशनुमा, उत्साहपूर्ण और गौरवान्वित हैं। भारत मूल की बेटी अंतरिक्ष से सकुशल घर लौटी है। ब्रह्मांड की ऐसी दुनिया में रहकर और पल-पल संघर्ष कर बेटी लौटी है, जहां पानी, ऑक्सीजन और ताजा खाना नहीं था। अपने ही मूत्र और पसीने को रिसाईकल कर पानी पीना पड़ा। खाना डिब्बाबंद था, जो अंतरिक्षयात्री अपने साथ ले गए थे। ऐसी दुनिया में रहना सामान्य कैसे हो सकता है? सुनीता और उनके साथियों ने जिंदगी और अपने शोधात्मक मिशन के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। आने वाले यात्रियों के लिए एक रास्ता और तरीका तैयार किया कि अंतरिक्ष में अपेक्षाकृत लंबा समय कैसे बिताया जा सकता है? 'शून्य गुरुत्वाकर्षण' में सहज जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती, लेकिन उस दुनिया में भी 'अंतरिक्ष बेटी' 286 दिन रही, चहलकदमी का चुनौतीपूर्ण काम किया, अंतरिक्ष में 'माता तुलसी' का पवित्र पौधा भी रोप दिया। बेशक सुनीता का जन्म अमरीका में हुआ, लेकिन उनके पिता दीपक पंड्या की पारिवारिक जड़ें भारत के गुजरात में मौजूद हैं, लिहाजा सुनीता के पैतृक गांव झूलासण (मेहसाणा जिला) में 'अखंड ज्योति' भी बीते 9 माह से प्रज्वलित रही। बेटी के प्रत्येक शुभ और सकारात्मक पल के लिए प्रार्थनाएं की गईं। अंततः आस्था-विश्वास भी जीते और अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरों की भी विजय हुई। वैसे सुनीता विलियम्स तीन बार अंतरिक्ष में जा चुकी हैं और कुल 609 दिन वहां वास कर चुकी हैं। उनसे आगे अमरीका की ही पेगी विटसन हैं, जो 675 दिन अंतरिक्ष में रहीं। यह विश्व कीर्तिमान रूस के ओलेग कोनोनेन्को के नाम दर्ज है, जो पांच बार अंतरिक्ष-यात्रा कर चुके हैं और कुल 1110 दिन अंतरिक्ष में बिताए हैं। कुछ भी हो, ऐसे प्रयास अलौकिक और अति मानवीय लगते हैं। इस बार सुनीता ने जितना समय अंतरिक्ष में बिताया, उस दौरान उन्होंने करीब 4500 बार पृथ्वी की परिक्रमा की। गति 28,000 किलोमीटर प्रति घंटा रही और उस दौरान एक दिन में 16 सूर्योदय और 16 ही सूर्यास्त देखे। वहां एक दिन मात्र 19 मिनट का होता है। कितना रोमांचक और अद्भुत अनुभव रहा होगा! जब 'स्पेस एक्स' के ड्रैगन कैप्सूल ने बुधवार, 19 मार्च की लगभग भोर में 3.27 बजे समंदर में लैंडिंग की, तो सोचिए कितनी दुआएं फलितार्थ हुई होंगी! अंतरिक्ष यात्रियों की सकुशल घर-वापसी ने एक नया इतिहास लिख दिया। इसी के साथ अंतरिक्ष में निजी कंपनी का एक और प्रयास कामयाब रहा। दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी के कैप्सूल 44 बार अंतरिक्ष स्टेशन तक का सफर तय कर चुके हैं। उन्होंने कुल 49 मिशन सफलतापूर्वक सम्पन्न किए हैं। कितनी असीम, अनंत उपलब्धि है यह? जब नासा अपने अंतरिक्ष यात्रियों की कुशल घर-वापसी में सफल नहीं हो पा रहा था, तो 'स्पेस एक्स' का मिशन भेजा गया और हमारे जांबाज अंतरिक्ष-यात्री सकुशल घर लौट सके। बहरहाल अब सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को फिलहाल नासा के पुनर्वास केंद्र में रखा जाएगा। इस बार जो डाटा जमा किया गया है, वह निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है। बहरहाल हम आसमानी कोशिशों को दुआ देते हैं और सफलता की शुभकामनाएं देते हैं।

> ब्रह्मांड की ऐसी दुनिया में रहकर और पल-पल संघर्ष कर बेटी लौटी है, जहां पानी, ऑक्सीजन और ताजा खाना नहीं था। अपने ही मूत्र और पसीने को रिसाईकल कर पानी पीना पड़ा। खाना डिब्बाबंद था, जो अंतरिक्षयात्री अपने साथ ले गए थे। ऐसी दुनिया में रहना सामान्य कैसे हो सकता है? सुनीता और उनके साथियों ने जिंदगी और अपने शोधात्मक मिशन के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। आने वाले यात्रियों के लिए एक रास्ता और तरीका तैयार किया कि अंतरिक्ष में अपेक्षाकृत लंबा समय कैसे बिताया जा सकता है? 'शून्य गुरुत्वाकर्षण' में सहज जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती, लेकिन उस दुनिया में भी 'अंतरिक्ष बेटी' 286 दिन रही, चहलकदमी का चुनौतीपूर्ण काम किया, अंतरिक्ष में 'माता तुलसी' का पवित्र पौधा भी रोप दिया। बेशक सुनीता का जन्म अमरीका में हुआ, लेकिन उनके पिता दीपक पंड्या की पारिवारिक जड़ें भारत के गुजरात में मौजूद हैं, लिहाजा सुनीता के पैतृक गांव झूलासण (मेहसाणा जिला) में 'अखंड ज्योति' भी बीते 9 माह से प्रज्वलित रही। बेटी के प्रत्येक शुभ और सकारात्मक पल के लिए प्रार्थनाएं की गईं। अंतत: आस्था-विश्वास भी जीते और अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरों की भी विजय हुई।

### घायल लोग व पुलिस वाले दिखे, क्षतिग्रस्त व जले वाहन नजर आए, इसके गम्भीर मायने हैं

# आखिर नागपुर जैसी सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं कब और कैसे थमेंगी?

कमलेश पांडेय

> सवाल है कि क्या यह आरएसएस और उसके आनुषंगिक संगठनों को देश-दुनिया में बदनाम करने की सियासी साजिश है? क्या हमारे देश के समुदाय विशेष को आईएसआई लगातार भड़का रही है जिससे वो निरंतर हिंसक होते जा रहे हैं और पाकिस्तान-बंगलादेश से सहानुभूति रखते हुए उन्हीं जैसा व्यवहार करने लगे हैं? सुलगता हुआ सवाल यह भी है कि क्या दुनियावी मंचों पर लगातार मजबूत हो रहे भारत को पुन: कमजोर करने की साजिश के तहत अंतरराष्ट्रीय ताकतों के इशारे पर यह सब कुछ हो रहा है जिसके तार हमारे राजनेताओं तक से जुड़े हुए हैं क्योंकि देश की यही बेलगाम ताकत है जो अधिकांश अनैतिक करतूतों की जड़ समझी जा रही है!

लीजिए एक और साम्प्रदायिक दंगा हो गया। इस बार आरएसएस मुख्यालय के लिए मशहूर नागपुर शहर ही इन दंगों की आग से धधक उठा। टीवी पर जो आग की उठती लपटें दिखीं, घायल लोग व पुलिस वाले दिखे, क्षतिग्रस्त व जले वाहन नजर आए, इसके गम्भीर मायने हैं। सवाल है कि क्या यह आरएसएस और उसके आनुषंगिक संगठनों को देश-दुनिया में बदनाम करने की सियासी साजिश है? क्या हमारे देश के समुदाय विशेष को आईएसआई लगातार भड़का रही है जिससे वो निरंतर हिंसक होते जा रहे हैं और पाकिस्तान-बंगलादेश से सहानुभूति रखते हुए उन्हीं जैसा व्यवहार करने लगे हैं? सुलगता हुआ सवाल यह भी है कि क्या दुनियावी मंचों पर लगातार मजबूत हो रहे भारत को पुनः कमजोर करने की साजिश के तहत अंतरराष्ट्रीय ताकतों के इशारे पर यह सब कुछ हो रहा है जिसके तार हमारे राजनेताओं तक से जुड़े हुए हैं क्योंकि देश की यही बेलगाम ताकत है जो अधिकांश अनैतिक करतूतों की जड़ समझी जा रही है! इसी के साथ यह सवाल भी पुनः प्रासंगिक हो गया कि आखिर ब्रेक के बाद होने वाली नागपुर जैसी सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं कैसे थमेंगी? आखिर इन जैसी घटनाओं को रोकने में प्रथमदृष्टया हमारा पुलिस प्रशासन असहाय क्यों प्रतीत होता है और फिर घटना के बाद सक्रिय होकर स्थिति को काबू में करता है? सवाल यह भी है कि आखिर क्यों पुलिस बल की तमाम रणनीति फेल हो जाती है जिसकी कीमत इसके अधिकारियों-जवानों के साथ-साथ उन मेहनतकश लोगों को भी चुकानी पड़ती है जो अपने कार्यवश सड़क पर होते हैं या प्रभावित क्षेत्र से गुजरते हैं? प्रश्न यह भी है कि समय रहते ही पत्थर, ईंट-रोड़े छतों पर जमा होने की सूचना पुलिस को क्यों नहीं मिल पाती है? क्या हमारा खुफिया तंत्र बार बार विफल हो रहा है या उसकी सूचना पर सही प्रशासनिक फैसले नहीं हो पाते हैं? यह सब कुछ प्रशासन को बताना चाहिए क्योंकि ब्रेक के बाद देश में होने वाली सांप्रदायिक/जातीय/क्षेत्रीय हिंसा व आगजनी की खबरें हर किसी को परेशान करती हैं। लिहाजा इस बारे में पुलिस जनजागृति कार्यक्रम करती रहे और घटना के पश्चात इतनी कड़ी कार्रवाई करे ताकि फिर कहीं और किसी के सिर उठाने की नौबत ही नहीं आए। वहीं, सिविल प्रशासन, न्यायपालिका,



मीडिया, सामाजिक संस्थाओं और सियासी दलों को भी पुलिस कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए क्योंकि विधि-व्यवस्था के मामले में समझौता करने का सीधा असर समाज और कारोबार दोनों पर पड़ेगा। इस मामले में बयानबाजी भी सधी होनी चाहिए ताकि यह और नहीं भड़के। सवाल यह भी है कि क्या इस क्षेत्र में नागरिक-पुलिस समन्वय समिति नहीं थी या फिर वह भी विफल साबित हुई? सवाल बहुत हैं और जवाब सिर्फ यही कि चुस्त-दुरुस्त प्रशासन ही ऐसी घटनाओं को रोक सकता है अन्यथा जन-धन की अप्रत्याशित क्षति होती रहेगी। कहना न होगा कि नागपुर के महल क्षेत्र में दो समुदायों के बीच भड़काए गए दंगे पर कांग्रेस ने जिस तरह से भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है, वह एक ओछी राजनीति का परिचायक है। ऐसे में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सरकार की विफलता की जो आलोचना की है, वह उनकी दूषित सियासी मानसिकता का ही परिचायक है। ऐसी विकृत सियासी सोच के चलते ही साम्प्रदायिक दंगे लाइलाज बीमारी बनते जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि सियासी विकृति, प्रशासनिक अकर्मण्यता, न्यायिक विवेकशून्यता और मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक में संपादकीय विवेक के अभाव का ही नतीजा है कि ब्रेक के बाद यत्र-तत्र दंगे भड़क जाते हैं जिसके बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया जाता है। इंटरनेट पर पाबंदी इस समस्या का समाधान नहीं है बल्कि उकसाऊ तत्वों का विधि सम्मत तरीके से सफाया करके ही इस समस्या का सार्थक समाधान किया जा सकता है। लोगों के मुताबिक, जिस तरह से नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़की, भीड़ का पथराव हुआ, भीड़ द्वारा 8 से 10 वाहनों में आग लगा दी गई और ऐसी ही घटनाएं सामने आई हैं, उससे प्रशासन के एक्टिव रहने पर ही सवाल उठता है क्योंकि उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश न होना पुलिस को जान पर खेलने के लिए विवश करने जैसा है। इसके लिए संसद और सुप्रीम कोर्ट दोनों की अदूरदर्शी भूमिका भी सभ्य समाज के कठघरे में है क्योंकि राष्ट्र को सुशासन देने की नैतिक जिम्मेदारी इन्हीं दोनों संस्थाओं की है। यदि एक समुचित कानून नहीं बनाने का दोषी है तो दूसरा ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान न लेकर किंकर्तव्यविमूढ़ बने रहने का जो मंचन करता है, वह अस्वीकार्य है। हैरत की बात है कि नागपुर के महल इलाके में दो समुदायों के बीच भड़की हिंसा पर जो राजनीति शुरू हो गई है, उससे घटिया बात कुछ हो ही नहीं सकती! भले ही कांग्रेस ने इसके लिए भाजपा नीत सरकार को जिम्मेदार ठहराया है लेकिन उसकी सरकारों ने क्या किया है, उसका अतीत कैसा रहा है, इस बारे में वह कभी नहीं सोचती। कांग्रेस ने जिस तरह से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफलता का आरोप लगाया है, वह एकतरफा आरोप है। भले ही कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया है कि सांप्रदायिक सद्भाव के 300 साल के इतिहास वाले शहर में इस तरह की अशांति कैसे हो सकती है लेकिन इसकी हकीकत उनसे ज्यादा कौन बयां कर सकता है। एक ओर उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर अपने फायदे के लिए जानबूझकर तनाव भड़काने का आरोप लगाया जबकि दूसरी तरफ सांप्रदायिक हिंसा रोकथाम विधेयक 2011 लाकर उनकी पार्टी ने किस तरह एकतरफा नियम बनवाए, वह हैरतअंगेज है। क्या वह अपनी पार्टी की करतूतें भूल चुके हैं? उनका यह कहना कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के गृहनगर महल में दंगा भड़क गया, एक अस्वीकार्य बयानबाजी है क्योंकि वहां के हालात इस बात की चुगली कर रहे हैं कि यह एक सुनियोजित साजिश थी क्योंकि उपद्रवियों ने हिंदुओं को चुन चुन कर निशाना बनाया है। ऐसे आरोप टीवी व सोशल मीडिया पर दिखाई-सुनाई पड़ रहे हैं। इसलिए मुझे भी इसमें साजिश की बू आती है क्योंकि वाकई नागपुर का इतिहास 300 साल पुराना है और यहां पहले कभी कोई दंगा नहीं हुआ। यह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस जैसे सुलझे हुए नेताओं का गृह क्षेत्र भी है, इसलिए यहां शांति की गारंटी होनी चाहिए क्योंकि यथा नेता तथा प्रजा वाली कहावत यहां सटीक बैठती थी।

दृष्टि कोण

# बलूचिस्तानी की आज़ादी के लिए तेज हुआ संघर्ष

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी, बलूच लिबरेशन फ्रंट और बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने मिलकर पाकिस्तान और वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलूच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है। मकसद बलूचिस्तान की आज़ादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़नी है। इन संगठनों ने निर्णय लिया है कि पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और अपने अभियानों को और तेज़ करना होगा। गत 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छी जिले के आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी, जिसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल मार्ग पर 17 सुरंगे हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है। गत 13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत अलगाववादियों की मदद कर रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकवादी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सख्ती से खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा लगाए गए ये निराधार आरोप हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में असफल दिखी है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया कि उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना अभी उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रांत के नोशकी जिले में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार डाला। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक, 90 सैनिकों को मार डाला गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों और दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रक्षक मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं, जिनमें से एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई। दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार डाला। दरअसल, बलूच अपनी आज़ादी के लिए अभियान चला रहे हैं। सन 1947 से पहले ही बलूचिस्तान में भी आज़ादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त, 1947 को दिल्ली में हुई मीटिंग में माउंटबैटन के साथ कलात के वकील के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना थे, जिन्होंने कलात, खरान, लास बेला और मकरान को मिलाकर बलूचिस्तान बनाने का सुझाव दिया था। बाद में जिन्ना इससे पलट गए, लेकिन कलात के खान ने 12 सितम्बर, 1947 को बलूचिस्तान को आज़ाद देश घोषित कर दिया। 26 मार्च, 1948 को पाकिस्तानी सेना वहां घुस गई और इसे अपने आधिपत्य में ले लिया। इसके बाद सन 2000 तक बलूचियों ने चार बार पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह किया, लेकिन हर बार इसे दबा दिया गया। सन 2005 में अकबर बुगती के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया। 26 अगस्त, 2006 को बुगती और उनके साथियों की हत्या कर दी गई। बुगती के बाद बलूच नेता गिरी को भी मार दिया गया। इसके बाद 2009 से वहां के लोगों को गुप्त रूप से निशाना बनाना शुरू किया गया। तब से अब तक बड़ी संख्या में बलूचों को या तो मार दिया गया या फिर उन्हें गायब कर दिया गया। बलूच विद्रोहियों की शुरुआत से यही मांग रही है कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान को खाली कर उनके सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा कर दिया जाए।

कुछ अलग

# क्रांति का विकलांग चेहरा

शिक्षा क्रांति के दावों के बाद स्कूलों का चेहरा बदल गया है। हमारे बच्चों को कुपोषण का मर्ज है। घर में तो उन्हें उचित खाने को मिलता नहीं, एक जून रोटी मिल जाए तो भी असंख्य धन्यवाद। सरकार ने बच्चों के हाथ में पुस्तक और पेट में रोटी देने के लिए स्कूलों में बच्चों के लिए मध्य दिवस भोजन योजना शुरू कर दी थी। उम्मीद थी कि कम से कम एक समय तो उन्हें उचित भोजन मिल जाएगा। उधर सर्व शिक्षा अभियान भी चला रखा है। प्राथमिक शिक्षा के लिए सब बच्चों को संवैधानिक अधिकार भी दे दिया है, लेकिन देने की घोषणा करने और वास्तव में मिल जाने के सच में यहां योजना का अंतर होता है। पब्लिक स्कूल कल्चर की कमर तो टूटी नहीं। गरीब बच्चों को इन स्कूलों की फ्री आरक्षित सीटों पर दाखिला नहीं मिला। बीच में निजी शिक्षा के मसीहाओं ने अदालतों की निषेधाज्ञा खड़ी कर दी। अब इंतजार और अभी। आंकड़ा शास्त्रियों ने बताया है कि इस देश में पांच साल की उम्र तक के बच्चे आधे से अधिक काल कलवित हो जाते हैं, तो बारह-चौदह साल के बच्चों में भी कुपोषण की वजह से, उसी तरह लगभग आधे काल का ग्रास हो जाते हैं। शेष जो बचते हैं, उनमें से बड़ी तादाद मानव तस्करों की कृपा से लापता होकर तेल धनी देशों के शेखों के द्वार तक पहुंच जाती है। लेकिन अब मध्यपूर्व के इन देशों में राजनीतिक उथल-पुथल बढ़ जाने के बाद सोचा जा रहा है, कि क्या इससे धनी शेखों के धन के पहाड़ कुछ कम हो जाएंगे? क्या उनकी रुचियों, ऐश्वर्य और विलास में कुछ अंतर आएगा? अंतर तो चाहे न आए, लेकिन इसी आशंका से हो सकता है कि मानव तस्करी के धंधे में कुछ मंदा हो जाए। बच्चे अगर अपहृत होकर लापता कम होने लगेंगे, और गरीबों की गूदड़ बस्तियों में दनदनाते नजर आएंगे तो हो सकता है उन्हें शिक्षा का मूल अधिकार देने की घोषणा पूरी हो जाए। स्कूलों में मध्यदिवस भोजन देने की योजना शुरू होकर भ्रष्टाचार की नजर लग जाने से बंद होने के कगार पर है। कहीं-कहीं तो उच्च न्यायालय के आदेश से इसे पुनः जीवनदान मिला है और अब यह लडख़ड़ाती और कांपती-कराहती पुनः उठती नजर आ रही है, लेकिन केवल भूख ही तुष्ट करना क्यों, यहां तो अधनंगे बदनों को कपड़े से भी ढकने की समस्या है। अपने राज्य के स्कूलों में सरकार ने बच्चों के लिए मुफ्त वर्दियां बांटने की घोषणा की है। लालफीताशाही इसे भूल गई, खाली खजाने का रुदन राग तो चलता ही रहता है। सुबह के मुर्गों ने दोपहर को बांग दे दी, सरकारी मशीनरी जागी। गर्मियों की वर्दियां सर्दियों में बंटी। अब उम्मीद है कि सर्दियों की वर्दियां भरपूर गर्मी तक बंट सबका उपकार कर सकेंगी। भई, भला हो पर्यावरण प्रदूषण वालों का। मौसम का सारा गणित बिगाड़ रखा है। गर्मी के दिनों में सर्दी पडऩे लगती है और सर्दियों में पंखा चलाने की नौबत आती है, कि जैसे सावन की बेवफाई ने बिन बादल बरसात के अतिकथन को सच करना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि इससे इन वर्दियों का इस्तेमाल भी बेमौसम नहीं लगेगा। इस पर्यावरण प्रदूषण से जल्द तो छुटकारा मिलेगा नहीं, क्योंकि चचा सैम ने 'अमरीका अमरीकियों' का वादा लगा कर इन संधियों पर हस्ताक्षकर करने से मना कर दिया है, और सजा के तौर पर ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगा कर तीसरी दुनिया के देशों का तेल-डीजल बंद करने का प्रयास किया है। अब अगर महंगा होता कच्चा तेल कम आयात होने लगेगा तो इसका प्रयोग भी कम होगा। य

देश दुनीया से

# सीमित आय से सुख का बजट

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को अपनी सरकार के कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करते हुए सबसे पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लेकर जीएसटी से कम होती आय, केंद्रीय ग्रांटों में कमी और निरंतर कम होती आरडीजी ग्रांट का जिक्र करते हुए इस बात को स्वीकार किया कि 2025-26 का साल प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए उनकी नजर में पिछले कई दशकों में सबसे चुनौतीपूर्ण वर्ष रहने वाला है। लेकिन वे अपने बजट भाषण में अर्थव्यवस्था को सुधारने का कोई रोडमैप भी प्रस्तुत नहीं कर पाए। अपने बजट भाषण की शुरुआत में ही उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा सत्ता संभालने के तुरंत बाद नाजुक वित्तीय स्थिति, पनपते खनन माफिया, पूर्व सरकार द्वारा लापरवाही से की गई भरपूर फिजूलखर्ची का उल्लेख करते हुए पिछली सरकार द्वारा कई सरकारी भवनों तथा अन्य पूंजीगत कार्यों का बिना बजटीय प्रावधानों के ही निर्माण करने और बिना जरूरत के संस्थानों को खोलने का आरोप लगाते हुए बेहिसाब कर्ज लेने का उल्लेख भी किया। इसी तरह वे कर्मचारियों के प्रति देय वेतन आयोग की देनदारियों, बकाया महंगाई भत्ते और डीए एरियर्स के भुगतान का कोई रास्ता निकालते भी नजर नहीं आए। अपने बजट में वे कर्मचारियों को मई 2025 से तीन फीसदी डीए भुगतान की घोषणा तो करते हैं लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि कर्मचारियों/पेंशनरों को जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत डीए लागू है, के बारे में उनके अफसर उन्हें बताना क्यों भूल गए, ये समझ से परे है। अपनी अधिकांश वित्तीय मांगें पूरी न होने से सोशल मीडिया में कर्मचारियों और पेंशनरों की टिपणियों में घोर निराशा एवं असंतोष की भावना दिख रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विस्तारपूर्वक आरडीजी ग्रांट यानी राजस्व घाटा अनुदान का विस्तृत ब्यौरा सदन के समक्ष रखा और बताया कि वर्ष 2021-22 में आरडीजी ग्रांट 10 हजार 949 करोड़ रुपए थी, इस वित्तीय वर्ष अर्थात 2024-25 में राजस्व घाटा अनुदान राशि घटकर 6 हजार 258 करोड़ रुपए हो गई और अब आने वाले साल 2025-26 में यह मात्र 3 हजार 257 करोड़ रुपए रह जाएगी। घटती आरडीजी ग्रांट और ऋण लेने पर केंद्र द्वारा थोपी गईं बंदिशें ही सरकार के गले की फांस बनी हुई हैं। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री और उनकी अफसरशाही के पास वित्तीय चुनौतियों से निपटने का कोई तर्कसंगत उपाय नहीं बचा है और सुक्खू सरकार के समक्ष अब अगले केंद्रीय वित्तायोग की सिफारिशों के बाद ही शायद कुछ राहत के आसार बन पाएं। उनके अनुसार 2025-26 के बजट प्रस्तावों के अनुसार प्रति 100 रुपए व्यय में से, वेतन पर 25 रुपए, पेंशन पर 20 रुपए, ब्याज अदायगी पर 12 रुपए, ऋण अदायगी पर 10 रुपए, स्वायत्त संस्थानों के लिए ग्रांट पर 9 रुपए, जबकि शेष 24 रुपए पूंजीगत कार्यों सहित अन्य गतिविधियों पर व्यय किए जाएंगे। इस प्रकार से देखें तो पिछले वर्ष के मुकाबले अब विकास कार्यों के लिए सौ रुपए में से महज 24 रुपए ही बचेंगे। सवाल ये नहीं है कि कर्मचारियों/पेंशनरों और ऋण भुगतान पर राज्य बजट का अधिकांश रुपया खर्च हो रहा है, बल्कि मुद्दे की बात यह है कि सरकार की इन्कम उस अंदाज में नहीं बढ़ रही है कि वह अपनी देनदारियों के साथ-साथ विकासात्मक गतिविधियों को अमलीजामा पहना सके। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने वर्ष 2025-26 के लिए 58 हजार 514 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत करते हुए कुल राजस्व प्राप्तियां 42 हजार 343 करोड़ रुपए रहने का अनुमान दर्शाया है तो वहीं कुल राजस्व व्यय 48 हजार 733 करोड़ रुपए अनुमानित बताया है। उनके अनुसार कुल राजस्व घाटा 6 हजार 390 करोड़ रुपए अनुमानित रहेगा और राजकोषीय घाटा 10 हजार 338 करोड़ रुपए अनुमानित रहेगा। हिमाचल में प्रति व्यक्ति आय 257212 रुपए पर पहुंच गई है और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2 लाख 32 हजार 185 करोड़ रुपए अनुमानित दर्शाई गई है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष सभी श्रेणियों की 25 हजार भर्तियां करने की घोषणा भी अपने बजट भाषण में की है जिससे बेरोजगार युवाओं को नौकरियां मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने बजट प्रस्तावों द्वारा अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों का ही अनुसरण करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास हेतु कृषि, बागवानी, पशुपालन व संबद्ध क्षेत्रों का विकास एवं विस्तार, पर्यटन विस्तार, समाज के सभी वर्गों का उत्थान एवं कल्याण, स्वरोजगार के क्षेत्र में नई घोषणाओं, हरित ऊर्जा, हरित हिमाचल व स्वच्छ हिमाचल, स्वास्थ्य सेवाओं का आधुनिकीकरण व शिक्षा का रूपांतरण, नशामुक्त हिमाचल, स्वच्छ पेयजल एवं सीवरेज सुविधाओं के क्षेत्र में विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण और परिवहन, उद्योग, पुलों एवं सडक़ों जैसे क्षेत्रों के लिए अनेक घोषणाएं की हैं। लेकिन कम वित्तीय संसाधनों और बढ़ती देनदारियों से उनकी सरकार कैसे निपटेगी, इसका कोई उपाय नहीं बता सकी है। दूसरी तरफ अमरीकी बहुराष्ट्रीय वित्तीय सेवा कंपनी मार्गन स्टेनली के अनुसार भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसे में यह केंद्र सरकार का भी दायित्व बनता है कि वह बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के गैर भाजपा शासित राज्यों को भी उदार वित्तीय मदद मुहैय्या करवाए ताकि उन राज्यों विशेषकर हिमाचल जैसे दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य के नागरिक विकास की दौड़ में पीछे न छूट जाएं। हिमाचल सरकार को भी लोकलुभावन घोषणाओं से बचते हुए अपने वित्तीय संसाधनों का नियोजन मितव्ययिता से करना होगा और पहाड़ जैसे कर्ज से कैसे मुक्ति मिले, इसके लिए विशेष उपाय करने पड़ेंगे, तभी राज्य की डगमगाती अर्थव्यवस्था पटरी पर आ पाएगी। देखा जाए तो मुख्यमंत्री सुक्खू का यह बजट परंपरा से हटकर हिमाचल की अर्थव्यवस्था में किन्हीं क्रांतिकारी व्यापक बदलावों को रेखांकित करने वाला बजट भी नहीं कहा जा सकता है।

आप का नजरीया

# किसने लिखी मौत की कहानी

ये मौत के सन्नाटे तेरी कब्र के पास टूटे, तू किस हवा का कफन जो घर से दूर मिला। पावर कारपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी का अचानक गायब होना अंततः कफन में प्रश्न बनकर लौट आया। दस मार्च से गायब एक उच्च अधिकारी गोबिंद सागर में तैरती लाश बन गया, तो कई शंकाओं और चिंताओं के चिन्ह भी वहीं उभर आएंगे। इस मौत के बीच कई रहस्यों के द्वंद्व और मानव जीवन की त्रासदियों के प्रसंग दिखाई दे रहे हैं, लेकिन हिमाचल की नाजुक हिस्ट्री के ये लम्हे पीड़ाजनक हैं। स्व. विमल नेगी अगर सफल नहीं होते, तो पावर कारपोरेशन की अहमियत में एक बुलंद शख्सियत के अधिकारी न होते। उनके जीवन में विभागीय सफलताओं की सीढियां न होतीं और न ही उनके लापता होने की खबर इतनी मनहूस और दुखदायी न होती। इस मौत का अंजाम इतना सरल भी नहीं है कि किसी फुसफुसाहट या अफवाह में समझा जाए। वह बतौर अधिकारी मरे या एक पारिवारिक व्यक्ति के रूप में इतने कठिन दौर तक पहुंचे। जाहिर तौर पर यह घटना असाधारण मानवीय प्रवृत्तियों, चुनौतियों, संकटों और दबावों की अंतहीन कहानी है और हर सूरत इसके हर पहलू की जांच होनी चाहिए। पावर कारपोरेशन की व्याख्या इस मौत के संदर्भ में होनी चाहिए। यह एक मुश्किल वित्तीय प्रबंधन, राजनीतिक कुपोषण और सत्ता के अभिभाषण की प्रयोगशाला में पलता निगम है, जो लाभ-हानि की ईमानदारी से पालन नहीं कर पाता। एक घाटे के निगम के मुखिया को सफल होना है, तो उसे सियासी दबाव को साधना भी आना होगा। अमूमन ऐसे पदों पर इंजीनियरिंग और सार्वजनिक व्यापार के सिद्धांत काम नहीं आते। यहां हर वक्त दो जमा दो, चार नहीं होते। जाहिर है ऐसी कसौटियों के बीच कई अधिकारी अपने पद और व्यक्तित्व के बीच संतुलन नहीं बना पाते। असंतुलन की एक दूसरी वजह पारिवारिक परिस्थितियां भी हो सकती हैं। जिंदगी के कई अनुपात हमारे कत्र्तव्यों की दक्षता के कारण भी बिगड़ सकते हैं। बहरहाल, विमल नेगी का शव असाधारण जांच की विनती कर रहा है। इस मौत के अगर अनेक कारण हो सकते हैं, तो कई संदेश राज्य को भी मिलते हैं। जीवन की कशमकश में इर इनसान को जीने की कला सीखनी होगी। विमल नेगी इस इबारत को मौत के मुहाने तक खुद ले गए, तो इन कमजोर कडियों के बीच हर नागरिक को परिवेश के पहलुओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी भूमिका निभानी होगी। शायद इस दुखद घटना के समस्त कारणों में कहीं समाज के फंदे भी रहे हों। बहरहाल यह जांच का विषय है और इसे गहरे तक छानने की जरूरत है। इस मौत के बाद भी जिंदगी चलती रहेगी। कल जिस कुर्सी पर विमल नेगी थे, कल कोई और नेम प्लेट स्वागत करेगी, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों के विभिन्न दबावों को समझने की जरूरत बढ़ रही है। तनाव तो पद, उत्तरदायित्व, स्थानांतरण, सियासी दखल से सियासी घोषणाओं तक के रहते हैं। हर राजनीतिक फैसले का खोट अंततः प्रशासनिक असफलता, कानूनी कार्रवाइयों और सामाजिक उलाहना से ही निकलता है। आज तक किसी नेता पर कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन जहां सजा निश्चित थी, वहां सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को ही अपनी गर्दन गंवानी पड़ी।

# चतरा सांसद ने केन्द्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर रेलवे परियोजनाओं की त्वरित स्वीकृति पर की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान परैया (गया) - बालूमाथ (लातेहार) नई ब्रॉड गेज रेल लाइन हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) एवं विस्तृत अनुमान (DE) की त्वरित स्वीकृति देने के संबंध में चर्चा किए। पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत परैया (गया) से बालूमाथ (लातेहार) तक 123.409 किमी लंबी नई ब्रॉड गेज रेल लाइन हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) एवं विस्तृत अनुमान (DE) तैयार कर लिया गया है। इस परियोजना में शेरघाटी एवं चतरा होते हुए रेल संपर्क प्रस्तावित है। साथ ही, 4 लाइन (DFC DN Line) से प्रस्तावित परैया-बालूमाथ रेल लाइन (8.148 किमी) तथा कसथा (4.950 किमी) एवं बक्रु (4.626 किमी) पर ड्ड-कनेक्शन का भी समावेश किया गया है। चतरा सांसद श्री सिंह ने केन्द्रीय रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि यह परियोजना सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है! यह क्षेत्र कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। इस नई रेल लाइन से कोयला सहित अन्य माल ढुलाई में वृद्धि होगी, जिससे भारतीय रेल को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। यह झारखंड और बिहार के पिछड़े एवं वंचित क्षेत्रों को मुख्य रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। गया, शेरघाटी एवं चतरा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक, पर्यटन एवं व्यापारिक केंद्रों को सुगम रेल संपर्क प्रदान करेगी, जिससे पर्यटन एवं व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना ?6846.76 करोड़ की लागत से प्रस्तावित है, जिसका वित्तीय विश्लेषण FIRR 4.71 प्रतिशत एवं EIRR 12.95त्न के साथ किया गया है। इसे वित्तीय सलाहकार एवं पूर्व मध्य रेलवे (ECR) के महाप्रबंधक द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। केन्द्रीय रेल मंत्री के द्वारा इस परियोजना की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने पर आश्वासन दिया गया। मुलाकात के दौरान पलामू लोकसभा क्षेत्र से सांसद विष्णु दयाल राम, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद विद्युत वरण महतो भी उपस्थित थे। चतरा वासियों में रेलवे कार्य की प्रगति सुनकर खुशी का माहौल है, चतरा के लोगों ने रेल मंत्री और सांसद के प्रति आभार प्रकट किया।

# अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन, एक आया आवेदन मामला लंबित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर अंचल ऑफिस में अंचल कोर्ट का आयोजन शुक्रवार को किया गया। अंचल कोर्ट अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के अध्यक्षता में की गई। जहां एक आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन देने वाला व्यक्ति गिद्धौर मुख्यालय गांव हेठटोला गांव निवासी दीनानाथ दांगी एवं निरंजन दांगी दोनों पिता देवा महतो ने आवेदन दिया था। जिसमें जमीन खाता नंबर 105 प्लॉट नंबर 766 रकबा 15 डिसमिल के मध्य 7:30 डेसिमल पर अवैध तरीके से इनके गोतिया कार्तिक दांगी पिता स्व बहादुर दांगी प्रकाश दांगी कैलाश दांगी दोनों के पिता डेगन महतो के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिसका निष्पादन के लिए दोनों पक्षों को अंचल कोर्ट गिद्धौर में बुलाया गया था। दोनों पक्षों की बातें सुनकर अंचलाधिकारी ने दोनों से कागजात की मांग की है।एवं अगले आदेश तक जमीन पर किसी को भी कोई कार्य करने से रोका गया है।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए पीएम श्री मध्य विद्यालय से 76 बच्चों को किया गया रवाना



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय से शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे शैक्षणिक भ्रमण के लिए कुल 76 बच्चों को रांची रवाना किया गया। यह कार्य प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय के देखरेख में भेजी गई है। प्रधानाध्यापक ने बतलाइए की बच्चों को बिरसा जैविक उद्यान एवं चिड़ियाघर के साथ-साथ मछली घर का भ्रमण करवाया गया है। जिसमें 28 लड़के एवं 48 लड़कियां और 6 शिक्षक एवं शिक्षिका भ्रमण में गए हैं। जिसमें शिक्षक सत्यदेव उपाध्याय शंभू सर त्रिलोकी सर गुड़िया मैडम जयमाला मैडम शीला मैडम का नाम शामिल है। इस भ्रमण से बच्चों को मानसिक विकास में बढ़ोतरी होगी तथा बच्चे अधिक से अधिक चंचल होंगे।

# चतरा स्थित एएम सिद्दीक इंटरनेशनल कुरान एकेडमी में दस्तारबंदी व एएमयू इंटर कॉलेज का हुआ उद्घाटन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था एएम सिद्दीक पब्लिक स्कूल के परिसर में जलसा ए दस्तार बंदी और इंटर कॉलेज उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मुबारक अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय का भी आगाज बड़े ही जोश व ख़रोश के साथ किया गया।इस मौके पर ए एम यू इंटर कॉलेज का उद्घाटन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चतरा एसडीओ मो जहूर आलम और जमीयत उलमा ए झारखंड के महासचिव मुफ्ती शहाबुद्दीन उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मो मुर्तजा ने किया जबकि संचालन प्रोफेसर मो उमर फारूक कर रहे थे। मुख्य अतिथि एसडीओ मो जहूर आलम ने अपने संबोधन में बड़े स्कॉलर के रूप में कम समय में कुरान,धर्म ,विज्ञान और सामाजिक जीवन के अछूते पहलुओं पर सरल अंदाज में कहा कि दीन ( धर्म )और दुनियां अलग नहीं है दीन ही दुनियां है और दुनियां ही दीन है इस बारीकी को समझने पर बल दिया।उन्होंने धार्मिक और साहित्यिक ग्रंथों और बड़े कवियों के कविता को कोड करते हुए कहा कि कविता की बारीकियों को समझने का प्रयास किया जाना चाहिए तभी कविता की रूह तक पहुंच सकते हैं।उन्होंने ने बड़े बेबाक अंदाज में कहा कि अब भी देश के अल्पसंख्यक मुसलमानों में शिक्षा की घोर कमी है।यह शिक्षा के क्षेत्र में ए एम यू इंटर कॉलेज इस क्षेत्र के लिए पहला कदम है यह मंजिल नहीं है।इस के लिए हम सब को मिल कर प्रयास करने की बात दोहराई।उन्होंने ने कहा कि विज्ञान और कुरान अलग नहीं है बल्कि कुरान पूर्ण रूपेण विज्ञान और सामाजिक न्याय की वकालत करता हुआ नजर आता है।उन्होंने आगे कहा कि हमसब गुमरहाई के सबब कुरान,साइंस दीन और दुनियां को अलग अलग कर के देखते हैं। अपना नजरिया बदलना होगा तभी सभी दृष्टिकोण से परिपूर्ण हो सकते हैं। उन्होंने बड़े सरल अंदाज में कहा कि एक बीज अपना वजूद मिट्टी में छुपा कर तनावर पेड़ के रूप में विशाल रूप धारण करता है।कोई छाया देता है तो कोई अन्य और फल यही खूबी मानव में होनी चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि मां अपने कोख में एक शिशु को परवान चढ़ाती है कई परेशानियों और दुख को सह कर उसी सहन को सब्र की संज्ञा दी गई है तब कहीं कोई बच्चा इस संसार में आकर कई कृतिमान स्थापित करता है ऐसे ही कार्यो से मां को संसार में सबसे ऊंचा दर्जा प्राप्त है। मां का मान सम्मान हर वर्ग, धर्म और समुदाय में दिया जाता है। इस लिए स्कूल,मदरसा और कॉलेज में शिक्षा के साथ साथ न्याय प्रिय,मानवीय कर्तव्यों का पाठ पढ़ाया जाना समय की पुकार है। धार्मिक ग्रंथ और विज्ञान को अलग कर के देखना मानवीय भूल है। धार्मिक ग्रंथ मनुष्य को मानवीय कर्तव्यों का पाठ पढ़ा कर वैज्ञानिक रूपी मानव बनाने का प्रयास कराता है।जिस से सामाजिक तानाबाना सशक्त और मजबूत हो सके।

# डीएमएफटी योजना अन्तर्गत 2एचपी/1 एचपी ट्राली माउंटेड सोलर पंपसेट का वितरण हेतु लाभुक चयन समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विकास भवन के उप विकास आयुक्त कार्यकालय कक्ष में। उप विकास आयुक्त, चतरा अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में डीएमएफटी योजना अन्तर्गत 2एचपी/1 एचपी ट्राली माउंटेड सोलर पंपसेट का वितरण हेतु लाभुक चयन समिति की बैठक आहूत की गई। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के नई मार्गदर्शिका के अनुरूप प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के योग्य लाभुकों का चयन किया जाना है। लाभुकों का चयन में एससी/एसटी एवं महिला किसान को प्राथमिकता देने का प्रावधान है। उक्त बैठक में ग्राम सभा के माध्यम से चयनित कृषकों के आवेदन की स्क्रूटनी / छंटनी प्रक्रिया को अपनाते हुए कुल 300 लाभुकों का चयन किया गया। लाभुक चयन में ग्राम सभा से पारित कृषको का जमीन का रशीद, आधार कार्ड, राशन कार्ड, सिंचाई सुविधा का स्रोत, पीएम कुसुम के द्वारा पूर्व में लिये गये लाभान्वित कृषको को ध्यान में रखते हुए लाभुको का चयन किया गया। चयन कमिटी में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी चतरा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टण्डवा एवं सिमरिया उपस्थित थे।

# ग्रामीणों का आरोप सहायिका पद के चुनाव के लिए नहीं किया गया व्यापक प्रचार प्रसार

## प्रचार प्रसार के नाम पर सिर्फ की गई खानापूर्ति : ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के मेदवाडीह आंगनबाड़ी केंद्र केंद्र संख्या 44 पर बुधवार को आंगनबाड़ी सहायिका पद को लेकर चुनाव की गई। लेकिन ग्रामीणों ने चुनाव को लेकर व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार न करने का आरोप लगाया है ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के महज एक दिन पूर्व गांव के कुछ लोगों तक इसकी जानकारी दी गई।जबकि 50 प्रतिशत से अधिक लोगों को इसकी कोई सूचना नहीं थी यहाँ तक की विधवा उर्मिला देवी को भी सहायिका पद पर चुनाव की कोई सूचना नहीं मिली थी।वही इसे लेकर लगभग सैकड़ो ग्रामीणों ने अपना हस्ताक्षर कर बाल विकास पदाधिकारी प्रतापपुर को आवेदन दिया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि या तो सहायिका के पद पर विधवा को चयनित किया जाए अन्यथा चुनाव को रद्द करते हुए व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार करते हुए पुनः से चुनाव कराई जाय।

# बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में राशन डीलरों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव की अध्यक्षता में सभी राशन डीलरों की एक बैठक रखी गई। जिसमें बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव ने बताया कि ई-केवाईसी सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमे 21 मार्च से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सभी राशन कार्ड धारी को कराना अनिवार्य कर दिया गया है ।उन्होंने कहा जो लोग छूट गए हैं उनका ई केवाईसी जरूर से जरूर करवा लें। अन्यथा उनका नाम कट जाएगा। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी राशन डीलर घर-घर जाकर केवाईसी करने की अपील करे। इसके अलावा वैसे लाभुक जो 3 साल से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं। वैसे लोगों का नाम काटा जाएगा। वही राशन कार्ड धारक किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। तो उसे परिवार से सत्यापन कर उनका नाम हटाया जाएगा। मौके पर एम ओ रघु प्रजापति, डीलर ईश्वरी पासवान, वीरेंद्र कुमार, मनोज पाठक, सोमनाथ उरांव, अशोक कुमार समेत कई डीलर उपस्थित थें।

# विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है, वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंचल अधिकारी जुड़े थे।

# बालूमाथ में जमकर हुई दिन भर बारिश, कई फसलों को नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में बीते गुरुवार देर शाम से हो रही जमकर बारिश का सिलसिला शुक्रवार को दिन भर जारी रहा बारिश होने से तापमान 5 से 6 डिग्री तक गिर गया है। वही मौसम खुशनुमा हो गया है। लेकिन लोगों का घरों से निकलना दुर्भर हो गया। रास्तों में कई जगह पर कीचड़ भर गया है। मगध और तेतरियाखांड कोलियरी में खनन कार्य और डिस्पैच कार्य पर भी प्रभाव पड़ा है। बालूमाथ के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। इक्का दुक्का लोग ही जरूरी सामान की खरीदारी करते दिखे ।बारिश होने से मौसम में तो ठंडक जरूर आई है लेकिन कई फसलों को नुकसान भी पहुंचा है । जिसमें सरसों, रहर, चना की फसलों को नुकसान होने की उम्मीद है। वही गेंहू, कद्दू, खीरा की फसल को फायदा पहुंच है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक महेश जराई ने बताया कि जिसका सरसों पूरे लातेहार जिले में खासकर बालूमाथ में सरसों के फसल खेती वाले सबसे अधिक लोग है।

# मंईयां सम्मान की राशि के लिए सीओ कार्यालय में दें आवेदन : सीओ



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगर कोई महिला शहरी या नगर पंचायत क्षेत्र में रहती और उनका तीन माह का साढ़े सात हजार (7500) रुपये मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते नहीं आया है तो ऐसी महिलायें अंचल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकती हैं।बता दें कि मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए महिलाओं की भीड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में उमड़ पड़ी है।खास कर जब होली के मौके पर झारखंड सरकार के द्वारा एक साथ तीन महीने के 7500 रूपये महिलाओं के खाते में डाले गये तो उन महिलाओं का खुशी का ठिकाना नहीं रहा तो वहीं दूसरी और जिन महिलाओं के खाते में पैसे नहीं गए वे काफी निराश हैं। अपना खाता चेक करने को लेकर ऐसी महिलायें रोज प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच रही हैं और अपने खाता की जानकारी ले रही है। इस संबध में अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया की प्रखंड सह अंचल कार्यालय से एक नोटिस जारी किया गया है जिसमे यह बताया गया कि अगर किसी ग्रामीण महिला के बैंक खाते में एक बार भी मुख्यमंत्री मईयां सम्?मान योजना का पैसा गया और बाद में पैसा नहीं जा रहा है तो प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम एक आवेदन दे सकती हैंअगर महिला शहरी क्षेत्र की है तो उन्हें अंचलाधिकारी कार्यालय में आवेदन देना होगा। आवेदन में घोषणा पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक पासबुक एवं पहचान पत्र की छाया प्रति सलग्न करना होगा। आवेदन को मुखिया या पंचायत सेवक से अनुशंसा कराना होगा। नगर पंचायत क्षेत्र की महिलाओं को अंचल कार्यालय में आवेदन देना होगा ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

# भारी ओलावृष्टि और बारिश से आम के मंजर एवं महुआ फूल को भारी नुकसान



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलधार बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस खराब मौसम के कारण खासतौर पर दिहाड़ी मजदूरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके खाने-पीने की समस्या उत्पन्न हो गई है। लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों के लिए भी बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। आम के मंजर, महुआ फूल और खेतों में लगी गेहूं, प्याज, लहसुन, टमाटर एवं रहड़ की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि इस तबाही से उनकी फसल उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी।प्रशासन से किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी क्षति का आकलन कर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस प्राकृतिक आपदा से उबर सकें।

# राजगुरु के भुइयां टोला में पेयजल समस्या से ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम के भुइयाँ टोला मे पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राजू राम, जुगेश्वर राम, नीतू देवी रिंकू देवी, सरोज देवी, किरण देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, मुनिया देवी, गुड़िया देवी, बरमदेव राम, विकास राम, भिखु राम सहित अन्य कई ग्रामीण महिला पुरुषों ने बताया की हमलोग लगभग 20 से 25 घरों मे दलित समुदाय के लोग निवास करते हैं। पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण घरेलु कार्य सहित अन्य दैनिक कार्य के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। यहां से लगभग आधा किमी दूर डाउन स्तर पर जल नल योजना अंतर्गत जलमीनार लगाया गया है। उसी जलमिनार से कनेक्शन कर मात्र पाईप लगाया गया है। जिसके कारण भुइयाँ टोला मे पानी नहीं पहुँच पाता है। उन्होंने भुइयाँ टोला पुल के पास एक जलनल योजना के तहत सोलर जलमीनार लगाने की बात कही। पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण पेयजल सहित अन्य कई कार्यो के लिए सभी महिलाओं को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय मुखिया को उक्त बातों से अवगत कराये जाने व अश्वासन दिए जाने की बात कही इस संबंध मे मुखिया सुरेश उरांव ने कहा की ग्रामीणों की मांग सही है। उन्होंने कहा कि पीएचडी विभाग से जलमिनार लगाने की की गई है। इधर गरमी के दिनो में होने वाले अधिक परेशानी के मद्देनजर ग्रामीणों ने उपायुक्त व सम्बंधित विभाग से पेयजल सुविधा बहाल करने की गुहार लगाई है।

# महुआडांड़ में भारी औलावृष्टि व आंधी तूफान से जीवन अस्त व्यस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ में भारी ओलावृष्टि और आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शुक्रवार सुबह आठ बजे से शुरू हुई तेज बारिश और ओलों की बौछार ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया।

**फसल को बड़ा नुकसान**

ओलावृष्टि के कारण लगभग 60 प्रतिशत आम के मंजर झड़ गए और महुआ के फूलों को भी भारी क्षति हुई। कई जलमीनार के सोलर उड़ गये. वहीं बहुतों के आशियानों पर भी गंभीर असर पड़ा है. साथ ही साथ प्याज, लहसुन, टमाटर और गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसानों सुनील नगेसिया, अरशद अली, दहदीरवा नगेसिया, मंसू नगेसिया और मनीष सिंह ने बताया कि लगभग 30 एकड़ में लगी गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। सभी किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

**आंधी-तूफान से क्षति**

तेज आंधी के कारण बेलटोली गांव में एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने पेड़ काटकर सड़क को साफ किया। डाल्टनगंज रोड में एक पेट्रोल पंप के पास अरविंद कुमार की गुमटी उड़ गई, जबकि रामपुर के आनंद नगर इलाके में जलमीनार की सोलर प्लेटें भी उड़ गईं, जिससे पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई है।

**बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप**

बारिश और तेज आंधी के कारण महुआडांड़ में बिजली सप्लाई पूरी तरह से बाधित हो गई। महुआडांड़ सबस्टेशन के पास ट्रांसफार्मर और बिजली के कई खंभे गिर गए, जिससे कई इलाकों में तार टूटकर गिर पड़े। गुमला जिले के जरागी और महुआडांड़ रूट में ब्रेकडाउन होने से बिजली बहाल करने में मुश्किलें आ रही हैं। रुक-रुक कर हो रही बारिश से मरम्मत कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जिससे फिलहाल बिजली बहाली की संभावना कम है।

**प्रशासन से मदद की अपील**

प्रभावित किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत और मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोग बिजली और पानी की आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

## तिलैया जलाशय से विस्थापितों को अब तक नहीं मिला जमाबंदी पर्चा

# विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

**- झारखण्ड विधानसभा में उठा तिलैया जलाशय से विस्थापितों का मुद्दा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा में तिलैया जलाशय से विस्थापित परिवारों की समस्याओं को लेकर तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, जमाबंदी पर्चा न मिलने और सरकारी योजनाओं से वंचित रहने को लेकर कई अहम सवाल उठाए। विधायक मनोज यादव ने सरकार से सवाल किया कि क्या यह सही है कि 1951-52 में तिलैया जलाशय निर्माण के दौरान हजारीबाग जिले के बरही अंचल के नाथुवामारन चचरो, पडीरमा, माधोपुर गांव के लोगों को विस्थापित कर कोलंगा, बसरिया (पंचमाधव), लचुडीह, गाजो, हरला में पुनर्वासित किया गया, लेकिन अब तक उन्हें जमाबंदी पर्चा नहीं मिला है? इसके अलावा विधायक श्री यादव सवाल किया है कि क्या यह सही है कि 2016 में जारी विभागीय संकल्प संख्या-820 के तहत भू-अर्जन से प्रभावित विस्थापित परिवारों को पुनर्वास स्थल और आवंटित भूमि का स्वामित्व देने का निर्देश दिया गया था? क्या यह सही है कि



विस्थापित परिवारों को जमाबंदी पर्चा नहीं मिलने से वे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। जिसके जवाब में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री ने स्वीकार किया कि दामोदर घाटी निगम से विस्थापित कुल 38 रैयतों को शुद्धि पत्र जारी किया गया है। इसमें मौजा-बसरिया में 0.56 एकड़ भूमि के लिए 4 शुद्धि पत्र और मौजा-कोलंगा में 40.5852 एकड़ भूमि के लिए 34 शुद्धि पत्र जारी किए गए हैं। हालांकि, अधिकांश प्लॉट वन भूमि के रूप में अधिसूचित होने के कारण जमाबंदी प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि 2016 के संकल्प के अनुसार विस्थापित परिवारों को आवंटित भूमि का स्वामित्व मिलना चाहिए, लेकिन हजारीबाग जिले के बरही अंचल के बरसोत थाना संख्या-139, खाता संख्या-187 और चुन्दिया गजुवा थाना संख्या-134, खाता संख्या-88 में स्थित 400 एकड़ भूमि वन भूमि घोषित है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि वन विभाग से अनुमति लंबित है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग के उपायुक्त ने 12 सितंबर 2024 को पत्रांक-2185/रा0 के तहत वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग को विस्थापित परिवारों को मालिकाना हक देने हेतु 400 एकड़ भूमि को डी-नोटिफाई करने का प्रस्ताव भेजा है। वन विभाग द्वारा इस पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि तिलैया डैम से विस्थापित परिवारों को मालिकाना हक तभी मिल सकेगा, जब भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के तहत पूर्वानुमति प्राप्त होगी। इस सम्बंध में विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि विस्थापितों को लेकर वह लगातार आवाज उठाते रहे है, इससे पहले भी उनके द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सरकार तक मामले को पहुंचाया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विस्थापितों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रही है।

## रमजान के तीसरे जुमा में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़, बारिश में भी दिखा लोगों में जुमा की नमाज के लिए भारी उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** रमजान-उल-मुबारक के तीसरे जुमा को भारी बारिश में भी अकीदतमंदों में जबरजस्त उत्साह देखने को मिला। बड़कागांव प्रखंड के बादम, बड़कागांव, चट्टी, सिरमा, छवानिया, डाडी, चेपा, सिंदुवारी, महूदी, बलिया, कनोदा, नापो, महुगाई, चंदौल, मिर्जापुर, इस्लाम पुर, हाहे, रुद्दी आदि गांव के मस्जिदों में बारिश के कारण समय से पहले ही नमाजी मस्जिदों में पहुंच गए। इस दौरान मस्जिदों में अमन शांति के लिए विशेष दुआ की गई। सभी मस्जिदों में उलेमाओं ने नमाज अदा कराने के पहले तकरीर करते हुए रमजान माह की फजीलत को बयां कीया। माहे रमजान के तीसरे जुमा में लोगों में खासा उत्साह था। सुबह से ही लोग नमाज की तैयारियों में लगे हुए थे। दोपहर को जैसे ही मस्जिदों



से अजान की आवाज आई तो नमाजियों ने मस्जिदों की तरफ रुख करना शुरू कर दिया। नमाज पढ़ने के लिए बड़ों, बूढ़ों के साथ-साथ बच्चे भी काफी उत्साहित थे। प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम स्थित जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। जुमे की नमाज से पहले तकरीर करते हुए मस्जिद के इमाम ने शबे कद्र की रात के बारे में बताया। उन्होंने बताया के हदीस की किताबों में आया है के ये एक रात हजार सालों से बेहतर है। शब ए कद्र 21, 23,25,27 और 29 रमजान के किसी एक रात में होता है। यह रात बहुत ही फजीलत वाली रात है। इस रात के आखरी पहर में फरिश्ते जमीनों पर आते हैं। इस रात में जो दुआ की जाती है उसे अल्लाह कबूल करता है। इन पांच रातों में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने से शब ए कद्र की रात नसीब होती है। इस से पूर्व सुबह से हो रही बारिश से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। बारिश के कारण ठंड में बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी हुई।

## मां सती आरोग्य हॉस्पिटल टाटीझरिया में प्रत्येक रवि, मंगल को इलाज के दौरान मरीजो का ओपीडी शुल्क राशि निःशुल्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के विष्णुगढ़ हजारीबाग एनएच 522 मेन रोड स्थित डीएवी सैनफोर्ड पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के समीप मां सती आरोग्य हॉस्पिटल टाटीझरिया में आए लखनऊ के सुप्रसिद्ध योग्य एमबीबीएस डॉक्टर शुभम सिंह जेनरल फिजिशियन द्वारा विभिन्न बीमारियों के मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधक एवं संचालकों में प्रभात चौधरी,गौरव चौधरी,मनीष कुमार चौधरी ने कहा कि हमारे अस्पताल में दवा एवं जांच में 10त्न की विशेष छूट दिया जाता है एवं किसी भी बीमारियों का बेहतर इलाज ऑपरेशन मरीजों को योग्य एवं अनुभवी डाक्टरों द्वारा किया जाता है ।हमारे अस्पताल परिसर में कई आधुनिक बीमारियों की जांच मशीनें उपलब्ध है तथा अन्य कई बीमारियों की जांच मशीन लगवाने की प्रक्रिया जारी है। मरीज तथा उनके परिजनों के लिए अधिक जानकारी हेतु अस्पताल परिवार के ओर से संपर्क सूत्र 7991157233,7004018959,8252219887 मोबाइल नंबर साझा किया है। बताते दे कि अंकुरम आईवीएफ फर्टिलिटी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर परामर्श शिविर का आयोजन 23 मार्च 2025 दिन रविवार को




सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे तक अस्पताल परिसर में ही किया जाना है ।जिसमें शिविर के दौरान महिलाओं को दूसरी संतान में कठिनाई होना,नसबंदी के बाद संतान की बाद इच्छा ,विवाह के दो वर्ष बाद भी संतान नहीं होना,दोनों ट्यूब का बंद होना या पीसीओडी का होना,बार बार गर्भपात होना या अंडों का सही मात्रा में निर्माण नहीं होना,बच्चे दानी में गांठ का होना,मासिक धर्म में अनियमित या बंद होना,अधिक उम्र में गर्भाधान की समस्या, शुक्राणुओं में की आकार संख्या में कमी या बिल्कुल नहीं होना जैसे समस्याओं की परामर्श शिविर में निःशुल्क किया जाएगा।

## पुनाई टांड़ में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन, 551 कलशों के साथ निकली भव्य यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** प्रखंड अंतर्गत पुनाई टांड़ के प्राचीन शिव मंदिर में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर शुक्रवार को मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 551 श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ झूमते हुए शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में जय श्री राम और हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दी। गंगा पूजन के बाद मंदिर प्रांगण में स्थापित किए गए कलश शिव मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा शिवानी नदी तक पहुंची, जहां भक्तों ने विधिवत गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद गोबराही नदी से पवित्र जल भरकर कलशों को मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया। महायज्ञ का संचालन पूज्य स्वामी हेतिराजाचार्य जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है, जो 21 मार्च से 25 मार्च तक चलेगा।

**महायज्ञ का विस्तृत कार्यक्रम :** 21 मार्च : जल यात्रा एवं कथा प्रारंभ, 22 मार्च : पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं अरणी मंथन, 23-24 मार्च : नित्य पूजन, संध्या प्रवचन एवं 24 मार्च की रात जागरण, 25 मार्च : पूर्णाहुति, भंडारा एवं विदाई समारोह। मुख्य पुजारी अशोक प्रसाद कुशवाहा एवं उनकी पत्नी विजय प्रसाद



कुशवाहा इस आयोजन की अगुवाई कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए संध्या प्रवचन और रात्रि जागरण की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे भक्ति और आध्यात्म का संगम देखने को मिलेगा।

**शिव मंदिर के जीर्णोद्धार से भक्तिमय हुआ पुनाई टांड़ :** महायज्ञ और शिव मंदिर के जीर्णोद्धार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं। इस मौके पर अध्यक्ष विजय कुमार महतो,उपाध्यक्ष विनोद साव, कोषाध्यक्ष प्रयाग प्रसाद कुशवाहा, कार्यकरणी सदस्य में शैलेश कुशवाहा,उमेश यादव,अशोक कुशवाहा, तुलेश्वर प्रसाद,रवि कुमार ,मनोज प्रसाद, अर्जुन राणा को बनाया गया है। वैदिक कर्मकांड से यज्ञ को पूर्ण करने हेतु अयोध्या से ब्राह्मण को बुलाया गया है

## आत्मनिर्भर बने महिलाएं डीवीसी सीएसआर कोनार ने किया चूजा वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ डीवीसी सीएसआर कोनार द्वारा लूगु पहाड़ी क्षेत्र के तुलबुल पंचायत क्षेत्र, पिंडरा, कदमटोला, ऊपरटोला, बड़की कोईटांड, हरदीयामों की 45 एसएचजी महिलाओं को मुर्गी पालन प्रशिक्षण के बाद के बीच 15 दिनों का पूर्णतः वैक्सीनेटेड चूजा (सोनाली ब्रीड) वितरण 20 मार्च 2025 को किया गया। चूज़े के साथ उन्हें दो महीने का दाना भी दिया गया। ताकि वो इस चुजें के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थित में सुधार ला सके। महिलाओं ने डीवीसी सीएसआर द्वारा इस तरह के और भी प्रशिक्षण कराने और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के प्रयासों की सराहना की। वितरण कार्यक्रम में पूर्व मुखिया जागेश्वर हांसदा, कारण मुंडा, धनीराम बेसरा, दशरथ, अनिल प्रजापति आदि ने सहयोग किया ।

## बिजली ठेकों में गड़बड़ी का मामला विधानसभा में गूंजा



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक रौशनलाल चौधरी ने बिजली विभाग जेबीभीएनएल द्वारा बिजली वितरण में किया जा रहे अनियमित को लेकर विधानसभा में सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के हजारीबाग इलेक्ट्रिक एरिया बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न अंचलों में ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस, एडीपी हेड, और डिपॉजिट हेड से जुड़े ठेके अवैध रूप से कुछ ही कंपनियों को आवंटित किए जाने का आरोप है। जिसमें कथित ठेकेदार मेजर्स वेस्टर्न इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर अरिहंत जैन एवं मेसर्स राहुल इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर राहुल कुमार दोनों ही निविदा में हेरफेर करके एल 1 और एल 2 की सेटिंग कर ठेके हासिल करना है। पिछले 5 वर्षों से करोड़ों रुपए के ठेके इन्हीं कंपनियों को मिलना। कई कार्यों में ओवरलैपिंग करके अवैध भुगतान भी किया जाना है। हम सदन के माध्यम से मांग करते हैं कि निविदा निस्तारण की निष्पक्ष जांच कराई जाए एवं दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ तत्काल सरकार इस मामले की वित्तीय एवं तकनीकी जांच कराए और जेबीभीएनएल के अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा की जाए।

## बज्रपात से एक व्यक्ति की हुई मौत



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पगार ओपी अंतर्गत चट्टी बरियातू गांव के नावाडीह टोला निवासी दिलु महतो उम्र लगभग 44 वर्ष पिता किशुन महतो की मौत बज्रपात से हो गयी। घटना के संदर्भ स्थानीय मुखिया झरी लाल महतो ने बताया कि दिलु अपने घर के बगल के खेत मे लगे फसल को देखने गया था। उसी क्रम में अचानक बज्रपात हुआ जिस कारण दिलु की मौत घटना स्थल पर हो गयी। ग्रामीणों के हो हल्ला करने के उपरांत घटना स्थल पर परिजन पहुँचे तन जा कर ग्रामीणों की मदद से शव को घर लाया गया !उसके उपरांत ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया साथ ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। वहीं मृतक के पत्नी के अलावे दो बच्चे भी है,जिन्हें रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना की सूचना केरेडारी अंचलाधिकारी राम रतन वर्णवाल को दी गयी। घटना के संदर्भ में केरेडारी सीओ ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आपदा प्रबंधन के तहत मृतक के परिजन को चार लाख रुपये सहयोग के तौर पर दिया जाएगा।

## कोलकाता के व्यवसायी की खोज में जुटी कोडरमा पुलिस, कई लोगों से कर रही पूछताछ

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** कोलकाता से अपनी जमीन संबंधित मामलों को लेकर कोडरमा पहुंचे 40 वर्षीय व्यवसायी सुमीत अवस्थी की खोज में कोडरमा पुलिस जुट गई है।इस दौरान बताया जाता है कि कोडरमा पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ कर रही है हलांकि कोडरमा पुलिस इसकी पुस्टि नहीं कर रही है. बताया जाता है कि वे विगत 16 मार्च को वह अपने जमीन संबंधित मामलों को लेकर कोलकाता से कोडरमा के लिए चले थे। 17 मार्च को वह अपनी पत्नी से कोडरमा न्यायालय में होने की बात बताई थी। लेकिन बाद में उनका फोन बंद आने लगा। इसको लेकर परिवाजनों में चिंता बढ़ गई है। इस मामले में उनकी पत्नी ने कोलकाता थाना में भी शिकायत दर्ज कराई है। बाद में पता चला कि मोबाइल का लोकेशन कोडरमा बताया जा रहा है। इस बाबत कोडरमा थाना में आवेदन भी उनकी पत्नी ने दी है जिसमें उन्होंने पूरे मामले की जांच की मांग की है। वहीं यह भी बताया जाता है कि परिजनों ने जिले के एसपी अनुदीप सिंह से मिलकर व्यवसायी के सकुशल बरामद की गुहार लगाई है । सूत्रों के अनुसार उनका झुमरी तिलैया के शीतला माता मंदिर के पास जमीन होने की बात कही जा रही है।

## आरोग्य दूत सम्मान समारोह में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के शिक्षको को मिला सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के पांच विद्यालयों के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ0 एस पी सिंह हजारीबाग द्वारा उपहार और शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण के तहत आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विष्णुगढ़ प्रखंड के पांच विद्यालयों में राजकीय मध्य विद्यालय अचलजामो, उच्च विद्यालय खरना, उच्च विद्यालय नरकीकला, हाई स्कूल चौथा तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेडरा बालक का चयन किया गया। इन विद्यालयों के शिक्षको में अरुण कुमार गोस्वामी, अशोक कुमार, उच्च विद्यालय खरना के उमेश




कुमार, सविता कुमारी, उच्च विद्यालय नरकीकला के शिव शंकर यादव, अब्दुल हकीम अंसारी, हाई स्कूल चौथा के अनूप कुमार, सुशीला कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेडरा बालक के प्रियंका कुमारी, ममता मिश्रा को मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ0 एस पी सिंह हजारीबाग द्वारा इनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में 80 विद्यालयों के 152 स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने नशाखोरी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति भी की। इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से एसडीपीओ अजय कुंडू, जिला आरसीएच प्राधिकारी डॉ0 कपिल मुनि, डाइट हजारीबाग से रंजीत वर्मा, एनएचएम से जिला प्रोग्राम मैनेजर रवि शंकर, जिला अकाउंट मैनेजर राकेश पांडे, जिला टाटा मैनेजर दिवाकर अम्बष्ठा, तनु,अमित के अतिरिक्त सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी हजारीबाग जिला के सभी प्रखंड के चयनित शिक्षक उपस्थित थे। इन सभी शिक्षकों को उपायुक्त हजारीबाग, जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग तथा सिविल सर्जन हजारीबाग के संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़कर सभी को सम्मानित किया गया।

## हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने बसंत यादव, रामनवमी की परम्परा और भव्यता के लिए कार्य करूंगा : बसंत यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग की रामनवमी 2025 के संचालन को लेकर महासमिति अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें बसंत यादव विजयी हुए महासमिति अध्यक्ष पद के लिए चार रामभक्तों ने अपनी दावेदारी पेश की थी जिसमें बसंत यादव को 116 मत विशाल बाल्मीकि को 61 मत , दिलीप यादव को 30 मत एवं मीत यादव को 16 मत प्राप्त हुआ। बसंत यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 55 मतों से हराया द्य चुनाव परिणाम आते ही रामभक्तों का उत्साह देखते बन रहा था । रामनवमी महासमिति अध्यक्ष पद पर विजयी बसंत यादव ने कहा कि यह जीत हजारीबाग के रामभक्तों की जीत है मैं हजारीबाग के रामनवमी की परम्परा का निर्वहन करते हुए बेहतर से बेहतर संचालन के लिए प्रतिबद्ध हूं द्य हजारीबाग की रामनवमी हजारीबाग को अलग पहचान देता है और इस पहचान और प्रतिष्ठा को कायम रखूंगा द्य बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव संचालन समिति ने चुनाव संपन्न कराया जिसमें बसंत यादव ने जीत दर्ज किया लेकिन यह जीत बसंत यादव के साथ साथ सनातन धर्म की जीत है हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी में सभी लोग की भागीदारी सुनिश्चित है सभी रामभक्त बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रामनवमी की भव्यता को बढ़ाने में अपना योगदान दें द्य जीत की घोषणा के बाद बसंत यादव अपने समर्थको के साथ जुलूस के शक्ल मे निकले व नगर भ्रमण कर विभिन्न मंदिरों मे पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया।

# मिशन ग्राउंड की भूमि पर सरकार की मंशा स्पष्ट हो : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा सत्र के दौरान मिशन ग्राउंड की भूमि को लेकर सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार द्वारा दिए गए जवाब को अस्पष्ट, भटकाने वाला और बिना ठोस समाधान वाला बताते हुए कहा कि यह मैदान हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, लेकिन इसकी स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। विधायक ने सरकार से मांग की इस भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए और इसे अतिक्रमण मुक्त कर साफ-सुथरा एवं विकसित किया जाए, ताकि हजारीबाग की जनता को एक स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल मिल सके।

विधानसभा अध्यक्ष महोदय को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की सरकार ने अपने जवाब में स्पष्ट किया है कि यह भूमि 'खास महाल' के अंतर्गत आती है। यदि यह खास महाल की जमीन है, तो सरकार इसे अतिक्रमण मुक्त करने में क्यों असमर्थ है? सरकार ने अब तक इस मैदान की सफाई, सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया? यह मैदान हजारीबाग के केंद्र में स्थित है और हजारों लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल हो सकता है, फिर भी इसे उपेक्षित क्यों छोड़ा गया है?

विधायक ने सरकार से मांग की मिशन ग्राउंड को एक सुव्यवस्थित और अत्याधुनिक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे इसे खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोग किया जा सके।

इस प्रश्न पर संबंधित मंत्री ने उत्तर देते हुए बताया कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और इसकी अगली सुनवाई 28 मार्च को निर्धारित है।न्यायालय का निर्णय आने के बाद ही सरकार अतिक्रमण को लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगी। हालांकि, विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंत्री के जवाब पर गहरी असंतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि यदि यह लीज भूमि है, तो इसे चिन्हित कर अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। जब अन्य




भूमि पर जमाबंदी हो सकती है, तो मिशन ग्राउंड की भूमि पर यह प्रक्रिया क्यों रुकी हुई है? कई सरकारी अधिकारी और कर्मचारी भी इस भूमि विवाद से जुड़े हुए हैं, तो फिर सरकार निष्पक्ष जांच से क्यों बच रही है? यदि मामला न्यायालय में है, तो क्या सरकार न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा में सिर्फ मूकदर्शक बनी रहेगी?

**उच्च स्तरीय जांच और ठोस समाधान की मांग**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से निम्नलिखित ठोस कदम उठाने की मांग की एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर इस भूमि विवाद की निष्पक्ष जांच कराई जाए। भूमि का वास्तविक सत्यापन कर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट की जाए।

अतिक्रमण हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जाए। मिशन ग्राउंड को एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे यह हजारीबाग की जनता के लिए उपलब्ध हो सके। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग की जनता मिशन ग्राउंड को एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में देखती है। यह केवल एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि हजारीबाग की पहचान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सरकार से अपील की इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करे, ताकि यह मैदान पुनः अपने गौरव को प्राप्त कर सके और शहरवासियों के उपयोग में आ सके।

## पोटंगा के पारगढा में 28 मार्च को सादगीपूर्ण सरहुल पूजा मनाने का लिया गया निर्णय



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत के पारगढा स्थित जिउतिया मंडप प्रागन में शुक्रवार को सरहुल पूजा मनाने को लेकर बैठक कि गई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता जीतन मुंडा व संचालन अकल मुंडा ने किया। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 28 मार्च को सादगीपूर्ण सरहुल पूजा मनाया जाएगा। क्योंकि गांव के बुद्धिजीवी और झामुमो नेता स्वर्गीय संतोष सिंह कि हत्या से पुरे गांव के लोगों में शोक है। इसलिए इस बार सादगीपूर्ण सरहुल पूजा मनाने का निर्णय लिया गया है। वहीं इस बैठक में मुकुन्दर मुंडा, गिरधारी प्रजापति, प्रेमलाल मुंडा, राजेन्द्र गंझू,जयेन्द्र मुंडा,कमेश्वर मुंडा,अजय मुंडा, विन्देश्वर मुंडा, राजू गौर,हरिनाथ मुंडा,सुरज मुंडा, संजय मुंडा,सिकेन्दर मुंडा, मंटू मुंडा, सुनील मुंडा, दिलिप मुंडा,दीपक मुंडा, सुमीत मुंडा, विकास मुंडा,कंचन प्रजापति, महेन्द्र गंझू,मुकेन्द्र मुंडा,चंदन मुंडा आदि लोग मौजूद थे

## रामगढ़ विधायक ममता देवी ने रात्रि प्रहरियों के लिए सम्मानजनक मानदेय की मांग उठाई




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने शून्यकाल के माध्यम से प्रखण्ड संसाधन केंद्रों में कार्यरत रात्रि प्रहरियों की समस्याओं को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ सहित झारखंड के अन्य जिलों में कई रात्रि प्रहरी बीते 15 से 20 वर्षों से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक सम्मानजनक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है।विधायक ममता देवी ने सरकार से आग्रह किया कि इन रात्रि प्रहरियों की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनके मानदेय को उचित रूप से बढ़ाया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन प्राप्त हो सके। उन्होंने इस मामले में जल्द से जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की।

## एनआईसी कक्ष में कंप्यूटर ऑपरेटर की हुई दक्षता जांच



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित एनआईसी कक्ष में राजस्व शाखा में बाह्यस्रोत के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर योग अभ्यर्थियों के चयन हेतु दक्षता जांच का आयोजन किया गया।राजस्व शाखा कंप्यूटर ऑपरेटर पद हेतु 6 अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है यथा दक्षता जांच में कुल 18 अभ्यर्थियों की सूची में 13 अभ्यर्थियों ने कंप्यूटर ऑपरेटर पद हेतु दक्षता जांच में भाग लिया। दक्षता जांच के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उपसमाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी,सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी बिरेंद्र प्रसाद, एडीआईओ मनीष चाहर सहित अन्य उपस्थित थे।

# मांडू प्रखंड के बड़का चुंबा पंचायत में रिश्वत लेकर अबुआ आवास योजना का लाभ देने संबंधित शिकायत पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

**● उप विकास आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को बड़काचुम्बा पंचायत के पंचायत सचिव एवं मुखिया से स्पष्टीकरण पूछने तथा राशि के वसूली का दिया निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बड़काचुंबा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं इंदिरा आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके लोगों को पुनः अबुआ आवास योजना के तहत लाभ दिए जाने संबंधित शिकायत पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने संज्ञान लिया है जिसके उपरांत उन्होंने उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू को पत्र लिखकर मामले की स्थल जांच करने एवं बड़काचुम्बा पंचायत के पंचायत सचिव एवं मुखिया से स्पष्टीकरण पूछते हुए दो दिनों के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उप विकास आयुक्त ने जांच के उपरांत राशि की वसूली करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू को दिए हैं।गौरतालब होकि बड़काचुम्बा पंचायत के पंचायत सचिव, लाभुक एवं पंचायत के मुखिया पर आरोप है कि उनकी मिली भगत से प्रधानमंत्री आवास एवं इंदिरा आवास प्राप्त व्यक्तियों से मोटी रकम लेकर पुनः अबुआ आवास दे दिया गया। जिस कारण




वास्तविक व्यक्तियों को आवास नही मिल पा रहा है। पूर्व में प्रधानमंत्री आवास प्राप्त व्यक्तियों (1) दुखन प्रजापति पिता बैजनाथ प्रजापति जिसका I.D No.- JH2465077 है। दुखन प्रजापति की पत्नी फुलकी देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है। जिसका I.D No. 1972092 है। (2) जगरनाथ प्रजापति पिता पारसनाथ प्रजापति जिसका I.D No. JH2504833 है। जगरनाथ प्रजापति की पत्नी संगीता देवी को पुनः अबुआ आवास दिया गया है जिसका v.D No. 2120977 है। (3) वागेश्वरी देवी पति भोला करमाली को पूर्व में इन्द्रा आवास मिला था तथा पुनः वागेश्वरी देवी पति भोला करमाली को ही अबुआ आवास दिया गया है जिसका I.D No. 2123159 है।

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जाँच शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर तूलिका रानी के नेतृत्व में पब्लिक स्कुल, घुटवा, पतरातू में एक दिवसीय जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जाँच की गयी।कुल मिलाकर 62 बच्चे की जाँच डॉ पल्लवी कौशल एवं सीएचओ , स्नेहा कुमारी के द्वारा की गई। कुल 20 बच्चों में जाँच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार के द्वारा जाँच उपरान्त 14 बच्चों में इस बिमारी कि पुष्टि हुई।शिविर में जाँच के



साथ-साथ फुलुओरोसीस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कुल के डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं व साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फुलुरोसीस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खट्टे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फरोओराइड इक्टठा नही होता हैं। यह भी बताया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फलुलोरोसीस बीमारी की जाँच करवा सकता हैं। शिविर को सफल बनाने हेतु क्षेत्र की सी0एच0ओ0, ड्रेसर, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिदार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 61869 छात्र-छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया है वहीं आईएनओ द्वारा 56466 छात्र-छात्राओं के आवेदनों को सत्यापित किया गया है पूर्व में 41786 बच्चों को छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जा चुका है। वर्तमान



में प्रीमैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 14680 विद्यार्थियों को अनुमोदन दिया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने हेतु आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू में मनाई गई प्रथम स्वतंत्रता सेनानी की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया चौक पीटीपीएस पतरातू में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो की 287 वाँ जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता कटिया मुखिया किशोर कुमार महतो व संचालन गणेश कु. ठाकुर ने किया। वहीं किशोर कु. महतो ने कहा कि भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 ई को वर्तमान खरसावाँ जिले के नीमडीह प्रखंड के घुंटियाडीह गांव में हुआ था। वे अंग्रेजों के खिलाफ जो विद्रोह किये थे, उसे चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। उन्होंने ÷अपना गांव, अपना राज; दूर भगाओ विदेशी राज÷ का नारा दिया था। शहीद रघुनाथ महतो एक भारतीय क्रांतिकारी थे। जिन्होंने 1769-1778 में अंग्रेजों के खिलाफ चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। मौके पर महावीर अग्रवाल प्रिया नाथ मुखर्जी निलेश कुमार तेरुष देवी किरण कुमारी गोविंद महतो नीतीश कुमार पंकज कुमार मनीष कुमार सुनील कुमार पवन कुमार सुबोध कुमार प्रताप कुमार दिनेश कुमार जितेंद्र कुमार राजेश कुमार कामेश्वर महतो आदि लोग उपस्थित थे ।

## श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने एसडीपीओ व सिविल सर्जन को दिया आमंत्रण पत्र



**⇨ अप्रैल को मंगला शोभायात्रा में जिले के सभी सनातनी शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय दे : भोपाली**

**⇨ अप्रैल को मंगला शोभायात्रा और रामनवमी पूजा को लेकर एसडीपीओ व सिविल सर्जन को समिति ने आमंत्रित किया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ ने आगामी रामनवमी महापर्व को लेकर जोर सोर से तैयारी कर रही है। शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद और सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद को महा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली और महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से कार्यालय में जाकर 1 अप्रैल को आयोजित मंगला शौभायात्रा और रामनवमी पूजा को लेकर आमंत्रण पत्र देकर महासमिति के सभी कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया है। दोनों पदाधिकारी को समय निकाल कर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने कहा एसडीपीओ और सिविल सर्जन को महासमिति अपने सभी कार्यक्रमों के लिए आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया हैं। आगे उन्होंने कहा कि रामगढ़ में 1 अप्रैल को दिव्य एवं भव्य मंगला शौभायात्रा सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ से निकाली जायेगी।श्री रामनवमी महापर्व धार्मिक महत्व के साथ साथ हमारे समाज के सभी वर्गो एकजुट करने और हमारे संस्कारों को मजबूती देने का महापर्व है। मंगला शोभा यात्रा में रामगढ़ जिले सभी सनातनी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय दे।

## झारखंड में राज्य खाद आपूर्ति विभाग और ठेकेदार के मिली भगत से करोड़ों का घोटाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** जदयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खाद आपूर्ति विभाग और ठेकेदार के द्वारा मिली भगत करके राज्य सरकार का करोड़ों रुपया गबन करने का आरोप लगाया । राज्य में 24 जिलों का टेंडर हुआ जिस जिले में ज्यादा रेट में टेंडर हुआ उसको तुरंत एग्रीमेंट करके वर्क आर्डर दे दिया गया। क्योंकि उस जिला में पहले कम रेट में काम चल रहा था । और जिस जिला में कम रेट में टेंडर हुआ और पहले ज्यादा रेट में था और अभी आधा रेट में टेंडर हुआ जैसे चतरा,रामगढ़ है उस जिला का एग्रीमेंट नहीं करके पुराना रेट में ही एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन दिए जा रहे हैं, जबकि टेंडर की अवधि 120 दिन था जो महीनों पर हो गया है नियम के अनुसार उस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर के या तो किसी बगल जिला को टैग किया जाता है या नहीं तो टेंडर में जो रू2 होता है उसे टेंडर दिया जाता है । साथ ही साथ कई ऐसे जिला भी है जिसमें सिंगल बीड पर ही टेंडर दे दिया गया जैसे धनबाद,गोड्डा, गुमला या तो यहां पर सेकंड पार्टी को धन से या बाल से दबाया गया है तभी वह लोग टेंडर में बोली नहीं लगा पाए यह जांच का विषय है यदि राज्य खाद आपूर्ति के प्रबंध निदेशक अभिलंब कार्रवाई नहीं करते हैंतो मुझे उच्च न्यायालय के शरण में जाना पड़ेगा।

# चैनगड़ा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जयराम महतो को माँग पत्र सौपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सक्रिय सदस्य श्यामसुंदर महतो व जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो की अगुवाई में रामगढ़ जिला के बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत चैनगड्ढा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर पार्टी के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक आदरणीय टाइगर जयराम महतो को मांग पत्र सोपा! टाइगर जयराम महतो ने आश्वस्त किया कि इसको कार्मिक विभाग के संज्ञान में देंगे! तथा राजभर के सभी विधायकों को निर्देश मिला है कि अपने-अपने क्षेत्र से भौगोलिक स्थिति के तहत प्रखंड बनाने की अर्हता पूरी करता हो , वैसे का लिस्ट उपलब्ध कराना है! श्याम सुंदर महतो ने कहा की चैनगडा को प्रखंड बनाए जाने के लिए सरकारी प्रावधानों की सभी अर्हता पूरी करता है! इसके बावजूद लोगों का यह मांग आज तक अधूरी है ! गांव से पतरातु की दूरी ज्यादा होने के कारण क्षेत्र के लोगों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है ! वर्तमान में पतरातु



प्रखंड 46 पंचायतो का बड़ा आबादी के साथ-साथ, बड़े क्षेत्रफल का प्रतिनिधित्व करता है ! जिसके कारण बहुत से पंचायत ऐसे हैं ,जिनकी प्रखंड कार्यालय से दूरी 45 किलोमीटर से अधिक होने के कारण आम जनमानस को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है! साथ ही कार्यालय संबंधित कार्य भी समय पर नहीं हो पाते है! चैनगडा प्रखंड बनने पर इस क्षेत्र का चौमुखी विकास , किसानों ,मजदूरों एवं आम जनता को लाभान्वित होंगे! मांगपत्र में मुख्य रूप से श्यामसुंदर महतो, प्रदीप कुमार ,फोचवा देवी, राजेश महतो दीपू गोप, पंचदेव करमाली, रविंद्र मुंडा दीपक कुमार, रवि पासवान, गिरी शंकर महतो ,श्याम कुमार,संजीत शर्मा, विजय ठाकुर, अनिल मुंडा, बलराम कुमार ,मनोज महतो, लालधारी महतो ,साजिद ,आदिल, शिवलाल महतो, तुलसी मुंडा, बैजनाथ मुंडा, गणेश मुंडा ,बिट्टू कुमार महतो ,नरेश प्रजापति ,किशोर महतो, जागेश्वर करमाली, सुभाष कुमार, महेश राम, दिलीप बेड़िया, अमित ठाकुर ,विक्रम राम, प्रदीप कुमार चक्रवर्ती ,राजकुमार सिंह, रूपलाल रविदास, मनोज कुमार, जगत महतो, जीतराम बेड़िया, सुनील कुमार ,प्रदीप करमाली ,सुदामा महतो, उत्तम कुमार, उमेश महतो, मदन डांगी, सुनील शर्मा, प्रभा देवी, सुरेश प्रसाद के अलावा सैकड़ों लोगों का संयुक्त हस्ताक्षर के साथ मांग पत्र सोपा गया।

# दौड़ेगा रामगढ़, बढ़ेगा रामगढ़,मिनी मैराथन हेतु आयोजन समिति और पुलिस पदाधिकारियों ने किया रूट का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन और सभी खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 23 मार्च को दौड़ेगा रामगढ़- बढ़ेगा रामगढ़ मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर रविवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल,रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार,ट्रैफिक थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बरकाकाना थाना के पदाधिकारी परिक्षित महतो आयोजन समिति के सचिव सीडी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शशि पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष सह गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा,संरक्षक सरदार अनमोल सिंह,कोषाध्यक्ष कीर्ति गौरव,मनमोहन सिंह लांबा, पूरन महतो ,स्मृति भारद्वाज,अंकित सिंह ,समित कुमार,राहुल पासवान,



अंकित कुमार,शुभम सिंह,विनीत यादव,मनीष पॉल,शेखर कुमार सहित आयोजन समिति के कई सदस्यों ने छावनी फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया।साथ ही साथ प्रस्तावित रूट का भी निरीक्षण किया। रूट जो कि इस प्रकार है :- छावनी मैदान से सुभाष चौक होते हुए बंजारी मंदिर,पोचरा होते हुए बरकाकाना जोड़ा तालाब तक रूट का निरीक्षण किया गया।रूट में पड़ने वाले क्रॉसिंग को बैरिकेटिंग माध्यम से क्लोज करने एवं सड़क में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों की प्रतिनियुक्ति एवं स्काउट वाहन,एम्बुलेंस,आदि की व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मिनी मैराथन दौड़ की तैयारी जोरों से चल रही है। रजीस्ट्रेशन का कार्य जारी है। दस किलोमीटर पुरुष वर्ग के लिए ,छह किलोमीटर महिला वर्ग के लिए , दो किलोमीटर ओपेन टू ऑल एज ग्रुप के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दस किलोमीटर मिनी मैराथन में सर्वश्रेष्ठ पांच प्रतिभागी को इनाम स्वरूप प्रथम स्थान के विजेता को 31 हजार, द्वितीय स्थान के लिए 21 हजार, तृतीय स्थान के लिए 15हजार, चतुर्थ स्थान के लिए 11हजार और पंचम स्थान के विजेता को सात हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। महिला प्रतिभागी के लिए छह किलोमीटर मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सर्वश्रेष्ठ पांच प्रतिभागी को इनाम स्वरूप प्रथम स्थान 21हजार, द्वितीय स्थान 15 हजार, तृतीय स्थान 11हजार, चतुर्थ स्थान 7500 रुपये और पंचम स्थान पानेवाले को पांच हजार का इनाम दिया जाएगा।

## यामाहा ब्लू स्केयर के बाइकर्स वर्ल्ड शोरूम बन रही बाइकर्स शौकीनों की पहली पसंद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोविंदपुर रोड, आपनो घर सोसाइटी के सामने यामाहा ब्लू स्केयर के ऑथराइज्ड शोरूम बाइकर्स वर्ल्ड में यामाहा के एफजेडएस हाइब्रिड, एमटी 15 भी 2, आर 15 भी 4 वाईजेडएफ आर 3 समेत अन्य यामाहा बाइक्स और स्कूटी बहुत ही स्टाइलिश, खूबसूरत, आकर्षक शेप और विभिन्न रंगों में 125 सीसी से 320 सीसी तक उपलब्ध है जो देखते ही बाइकर्स के शौकीनों को पसंद आ रही है। यामाहा स्कूटी में भीभीए एरॉक्स, सिग्नस रे जेड आर स्ट्रीट रैली, फ़ैशिनों समेत अन्य मॉडल कामकाजी युवतियों और गृहणियों को काफी पसंद आ रही है। बाइक और स्कूटी खरीद के प्रति युवक और युवतियों की पहली पसंद यह यामाहा की बाइकर्स वर्ल्ड शोरूम बनती जा रही है। शोरूम के संचालक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि यामाहा बाइक्स और स्कूटी की अपग्रेड सर्विस सेंटर और सभी पार्ट्स व एक्सेसरीज उपलब्ध है और ईजी फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। शोरूम के ओनर प्रणय झा ने बताया कि उचित दम के साथ सीमित समय के लिए इनॉग्रल डिस्काउंट ग्राहकों को दिया जा रहा है।

## अनीता मजूमदार ने पेरिस रनवे वॉक में किया शानदार प्रदर्शन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेरिस के प्लाइस डी टोक्यो में पेरिस रनवे फैशन वीक में धनबाद की मॉडल और अभिनेत्री अनीता मजूमदार ने 19 मार्च को भाग लेकर सफलता व प्रतिष्ठा का एक और मुकाम हासिल किया। अनीता मजूमदार ने बताया पेरिस में हर साल दो बार आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मॉडल रैंप वॉक में परफॉर्म करने का पिछले प्रदर्शन के आधार पर गौरवपूर्ण मौका मिला। बताई की इस इंटरनेशनल लेवल पर बेहतरीन परफॉर्मेंस कर मुझे बहुत अच्छा लगा और जज, अतिथियों और दर्शकों से ढेर सारा प्रशंसा मिला, इससे मुझे बहुत ज्यादा खुशी है। इसके पहले भी अनीता लक्मे फैशन वीक बॉम्बे टाइम्स दुबई में भी सेलिब्रिटी शोस्टॉपर में वॉक कर प्रशंसा हासिल कर चुकी है। अंतराष्ट्रीय कोरियन परफ्यूम ब्रांड को इंडोर्स कर चुकी है और बेस्ट एक्ट्रेस के लिए बहुत ही प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के फैशन एंड लाइफ़स्टाइल अवॉर्ड से नवाज़ी गई है। अनीता मजूमदार वर्तमान में धनबाद म्युनिसिपालिटी कॉरपोरेशन की ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

## 23 मार्च को होगा सूड़ी समाज का 46 वाँ महाधिवेशन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 23 मार्च को सूड़ी समाज का 46 वां अधेवेशन होगा। कार्यक्रम दिन 11 बजे से प्ररम्भ होगा। यह एक लंबी अवधी का अधिवेशन है। जिसकी शुरूआत सन 1980 में धैया दुर्गा मंदिर से हुआ था। इस अधिवेशन में झारखण्ड प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र से प्रतिनिधि भाग लेगे। इस दौरान हमारी लम्बी लडाई जो सूडी जाति को अनुसूचित का दर्जा का मांग है उस संबंध में विशेष चर्चा की जाएगी। यह बातें शुक्रवार को गांधी सेवा सदन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष कंसारी मंडल ने कही। उन्होंने बताया कि इस बार का महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा तथा सूड़ी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा में बिलम्बता के कारण भारत सरकार के समक्ष धरना देने का प्रस्ताव लाने का विचार किया जाएगा। वहीं मौके पर मौजूद केन्द्रीय संरक्षिका रेखा मंडल ने कहा कि राज्य के सभी जिलो में सभी स्तर के संगठन को सक्रिय करने का प्रस्ताव महाधिवेशन में रखा जायेगा।

## गव्य विभाग ने महेशपुर पंचायत भवन में आयोजित किया एक दिवसीय कार्यशाला

**धनबाद :** महेश पुर पंचायत भवन में गव्य विभाग के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गाय का लालन पालन कैसे किया जाता है, साथ ही अनेक प्रकार के बीमारियों से गाय को कैसे बचाया जा सकता है, राज्य सरकार के द्वारा ग्रामीणों को अनुदान पर गाय की उपलब्धता पर भी गव्य पदाधिकारी सुरेश कुमार ने विस्तृत रूप से बताया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो उपस्थित रहे।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धिपत्र–1

उपरोक्त सम्बन्ध में यह सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों के कारण निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाये। **क्र.सं. 1., वर्तमान ई–निविदा सूचना** : ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी–25 दिनांक 04.03.2025 की अंतिम तिथि 26.03.2025 को 15:00 बजे है। **शुद्धिपत्र :** ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी–25 दिनांक 04.03.2025 की अंतिम तिथि 11.04.2025 को 15:00 बजे है। **क्र.सं. 2., वर्तमान ई–निविदा सूचना :** ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी– 25 दिनांक 04.03.2025 की खुलने की तिथि 26.03.2025 को 15:30 बजे है। **शुद्धिपत्र :** ई–निविदा संख्या सी–710–टीकेएस–2–जीसीटी–25 दिनांक 04.03.2025 की खुलने की तिथि 11.04.2025 को 15:30 बजे है।
**नोट–** अन्य सभी नियम व शर्तें समान रहेंगी।

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद
पीआर/2320/डीएचएन/सीओएमएल/सी/24-25/24

*अनुसूचित वन भूमि की 66 एकड़ जमीन पर कर दी ओबी डंप*

# अवैध रूप से ओबी डंप किए जाने के मामले में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के द्वारा की जा रही कानूनी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** बलियापुर अंचल अंतर्गत सुरंगा मौजा के हाल सर्वे खाता संख्या 386 प्लॉट संख्या 709 रकबा 61.25 एकड़ एवं प्लॉट संख्या 656 रकबा 4.55 एकड़ जो अधिसूचित वन भूमि है, जिसे बीसीसीएल लोदना एरिया संख्या 10 एवं उसकी अनुषंगी इकाई आउटसोर्सिंग कंपनी ‚ञ्ज देवप्रभा के द्वारा ह्वक्क डंप कर दी गई है।यह खुलासा अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण कुमार सिंह एवं बलियापुर के रेंजर की संयुक्त जांच में हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद एवं जिला वन पदाधिकारी धनबाद के निर्देशानुसार अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण कुमार सिंह एवं वनों के क्षेत्र पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से सुरंगा मौजा में वन भूमि पर हो रहे ह्वक्क डंप की जांच की। जांच में यह मामला सामने आया कि इन कंपनियों के द्वारा वन भूमि में बिना सरकार के एनओसी प्राप्त किये लगभग 66 एकड़ वन भूमि पर OB dump कर एक तरफ जहां जंगल को बर्बाद कर दिया वहीं दूसरी तरफ वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।जांच टीम में अंचल अधिकारी बलियापुर, वनों के क्षेत्र अधिकारी के साथ-साथ अंचल अमीन अंगद पंडित एवं अन्य अंचल कर्मी उपस्थित थे। वन भूमि पर अवैध रूप से ह्वक्क डंप किए जाने के मामले में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## वृद्धा ने की जमीन पर जबरन कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में डिगवाडीह की वृद्ध आदिवासी महिला ने एडीएम को बताया कि उनकी आदिवासी खाते की जमीन पर वह पिछले 22 साल से रहती है। कुछ लोगों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करके अवैध निर्माण किया जा रहा है। मामले की शिकायत करने पर झरिया अंचल कार्यालय ने जांच की और इसकी रिपोर्ट अनुमंडल कार्यालय को भेजी। अनुमंडल कार्यालय द्वारा उन लोगों को बारंबार हाजिर होने के लिए लिखा जाता है। परंतु अवैध निर्माण करने वाले कभी हाजिर नहीं होते है। वहीं दूसरी ओर अवैध निर्माण जारी है। महिला के आवास की नाली भी बंद कर दी है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एडीएम ने अंचल अधिकारी, झरिया को फोन कर तुरंत महिला की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने मेमको मोड़ स्थित शाखा ÷शांति निवास÷ के सामने की बाउंड्री वॉल के आगे हो रहा निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस शाखा में मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग महिला, पुरुष और बच्चे रहते हैं। बाउंड्री वॉल के आगे हो रहे निर्माण से उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। एडीएम ने अंचल अधिकारी धनबाद को इसकी जांच करने का निर्देश दिया।इसके अलावा जनता दरबार में गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए सहायता प्रदान करने, जमीन पर कब्जा कर किया गया अवैध निर्माण ध्वस्त करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।

## एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक में महज 37 यूनिट है ब्लड, थैलीसीमिया एवं अन्य मरीजों को हो रही परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच का ब्लड बैंक खून की किल्लत झेल रहा है। एक हजार यूनिट क्षमता वाले अस्पताल के ब्लड बैंक में महज 37 यूनिट ही खून शेष बचे हुए हैं। जिससे जरूरतमंद मरीजों की परेशानी बढ़ी हुई है। विशेषकर थैलीसीमिया मरीजों की। थैलीसीमिया मरीजों को डोनर की व्यवस्था करनी पड़ रही है। सैकड़ों थैलीसीमिया के मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। अस्पताल प्रबंधन खून की कमी को दूर करने के प्रयास में जुटा हुआ है।धनबाद के भेलाटांड़ से ब्लड बैंक पहुंचे एके महतो ने बताया कि उनकी आठ साल की बच्ची थैलीसीमिया बीमारी से ग्रस्त है। साढ़े तीन महीने से ही बच्ची को यह समस्या है। बच्ची को खून की जरूरत है, जिसके लिए ब्लड बैंक पहुंचे हैं। लेकिन परिजन को ब्लड बैंक में खून नहीं मिला है। प्रबंधन ने कहा कि खुद से डोनेट करना पड़ेगा। उन्होंने संस्थान और एनजीओ से ब्लड डोनेट करने की अपील की है ताकि जरूरतमंदों को खून मिल सके।एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य एसके चौरसिया ने कहा कि हमें सभी को ब्लड उपलब्ध कराना है। ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन काफी कम हो रहा है। यही वजह है कि ब्लड बैंक में खून की कमी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक में खून की कमी को दूर करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए एमबीबीएस, पारा मेडिकल और जीएनएम के स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित कर नियमित ब्लड डोनेट कराने पर विचार किया जा रहा है।

## डीडीसी ने दिया पीएम-एफएमई के लक्ष्य को 31 मार्च तक पूरा करने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में डीसीसी एवं डीएलआरसी की दिसम्बर तिमाही की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि जिले में पीएम- एफएमई के 383 लक्ष्य के विरुद्ध बैंको द्वारा केवल 119 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। इसपर डीडीसी ने कड़ी नाराजगी जताई तथा सभी बैंको को 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीएम-एफएमई केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना है। इस पर सरकार का विशेष ध्यान है।उप विकास आयुक्त ने जन धन खातों में आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग की समीक्षा की। उन्होंने सभी बैंको को जन धन के सभी खातों में आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में बैंको का प्रदर्शन सराहनीय रहा। उप विकास आयुक्त ने इसमें और प्रगति का आग्रह किया। किसान क्रेडिट कार्ड के असंतोषजनक प्रदर्शन पर उन्होंने सभी बैंको को कड़ी फटकार लगाई एवं 31 मार्च तक सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि वार्षिक ऋण योजना 2024-25 के अंतर्गत दिसम्बर तिमाही तक धनबाद जिले की उपलब्धि 71.37त्न रही एवं ऋण जमा अनुपात 41.33त्न रहा। उप विकास आयुक्त ने सभी बैंको को मार्च तिमाही तक लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। आरबीआइ के सहायक महाप्रबंधक ने सभी बैंको को रूपे कार्ड एक्टिवेशन के लिए ग्राहकों को जागरूकता करने का निर्देश दिया।बैठक में आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक उदित प्रकाश, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद के साथ सांसद एवं विधायक के प्रतिनिधि, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, विभिन्न बैंक के समन्वयक व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, 14 लाख की सम्पत्ति पर किया हाथ साफ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताज़ा मामला गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत गोसाईडीह बैंक कॉलोनी का है जहाँ चोरों ने एक बंद घर को निशाना बना करीब 14 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। यह चोरी पीएचईडी के संवेदक जीतेन्द्र कुमार चौरसिया के घर में हुई है।भुक्तभोगी ने गोविंदपुर थाने में चोरी की लिखित शिकायत कर दी है। जीतेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि वे और उनका पूरा परिवार 20 मार्च को अपने ससुराल सास का निधन श्राद्ध में मिहिजाम चित्तरंजन गए हुए थे। घर लौटने पर उन्होंने घर के सेकेण्ड दरवाजे का ताला टुटा पाया। घर के अंदर उन्हें सारा सामान बिखरा मिला। आलमीरा में रखे गहने गायब थे। सोने का मंगलसूत्र, 3 चेन, बाली, नथिया के अलावे चांदी के कई आभूषण, चांदी का सिक्का, बिस्किट जिसका कुल वजन करीब डेढ़ केजी थी चोरी कर ली गई। इसके अलावे 2 लाख 20 हजार नकद रुपए की भी चोरी हो गई। जीतेन्द्र चौरसिया ने चोरी हुए सामानो का आकलन करते हुए पुलिस को बताया है कि लगभग 14 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। जीतेन्द्र चौरसिया ने बताया कि उनकी सास का देहांत हो चूका था। इसी सिलसिले में पुरे परिवार के साथ ससुराल गए थे। घर पर कोई भी नहीं था। घर में एक किरायेदार भी है जोकि अपने पैतृक गांव गया हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## विशेष बच्चों को स्वावलंबी बनाने की है आवश्यकता : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे के अवसर पर शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा बेकारबांध में संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष विद्यालय जीवन ज्योति में अभिभावक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सह मुख्य अतिथि माधवी मिश्रा ने कहा कि इन विशेष बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता है। जिससे भविष्य में ये किसी भी प्रकार की चुनौतियों का सामना कर सके। उन्होंने कहा कि ये बच्चे हम सबकी जिम्मेवारी है। इन्हें सहानुभूति नहीं बल्कि अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। जो जीवन ज्योति अच्छी तरह से कर रही है। उन्होंने जीवन ज्योति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए विद्यालय को प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उपायुक्त ने डाउन सिंड्रोम बच्चों के साथ केक काट कर उनको खिलाया। उपायुक्त ने विद्यालय भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ मिलकर उनके शिक्षण - प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।कार्यक्रम की शुरुआत में जीवन ज्योति के विशेष बच्चों ने सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। तदोपरांत श्रीमती अनु नारंग ने सभी को जीवन ज्योति विशेष विद्यालय के क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए बताया कि विगत 35 वर्षो से यह विद्यालय धनबाद में दिव्यांग बच्चों को शिक्षित - प्रशिक्षित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करती आ रही है। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा रोटरी वर्चुअल बल्ड बैंक, आर्टिफिशियल लिम्ब सेंटर, रोटरी डायलिसिस सेंटर, आई सेंटर, एम्बुलेंस आदि विभिन्न सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं।वहीं संजीव ब्योत्रा ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा गिफ्ट ऑफ लाइफ प्रोजेक्ट के तहत धनबाद की दो बच्चियों, ऋषिका दत्ता और कृति का निःशुल्क हार्ट ऑपरेशन अगले माह कोच्चि स्थित अमृत हॉस्पिटल में कराया जाएगा। इससे संबंधित कीट उक्त बच्चियों के अभिभावकों को उपायुक्त के कर कमलों से सुपुर्द किया गया। वहीं 55 वर्षीय अमित अभिरंजन एवं 32 वर्षीय मो सादिक अजहर को सेल के सीएसआर योजना के तहत उपायुक्त के हाथों से मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दिया गया। जीवन ज्योति के सचिव राजेश पारकरिया ने उपायुक्त को जीवन ज्योति के विशेष बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, बुके एवं पौधा प्रदान किया। अभिभावक प्रशिक्षण शिविर में डॉ मृणाल झा ने सभी को बताया कि डाउन सिंड्रोम एक क्रोमोजोनल डिसऑर्डर है। इसके कारण बच्चों में मानसिक मंदता आ जाती है। इन्हें उचित प्रशिक्षण देकर इनका सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। साथ ही चिकित्सीय सलाह एवं परीक्षण से डाउन सिंड्रोम की रोकथाम की जा सकती है।

JAP-IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044/2401067, E-mail- japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-III**
**Selection of System Integrator (SI) for Upgradation and Operation & Maintenance of Jharkhand Integrated Mines and Minerals Management System (JIMMS) Application**
**Tender Ref No. JAP-IT/JIMMS-2.0/01/2025**

With reference to the above tender, please be informed that the tender schedule has been revised.

| | Revised Schedule | |
|---|---|---|
| S.N. | Basic Requirement | Specific Requirement |
| 1. | Last Date for Submission of Bids online | 28-03-2025 up to 6:00 P.M. |
| 2. | Date of Opening of Pre-qualification & Technical Bid | 03-04-2025 at 3:30 P.M. |
| 3. | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.
**PR Ref No. 346731, 348013, 348546.**
Sd/-
(OSD, JAP-IT)
PR 348949 (Information Technology)24-25*D

**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting BID**
**Ref No: SHAJ/Misc/NTPC/Badam Coal Mining/2020/225 Date: 20.03.2025**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites BID for **"Construction of two lane road from Badam Coal Block to BES Railway Siding (Total Length-Ch. 5.800 km. to 15.500 km. = 9.700 km.) in Block Barkagaon, district – Hazaribagh"** on deposit basis. The approximate cost of the work is Rs. 59.32 crore (Approx).
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Bid document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **25.03.2025 (15:00 hrs) to 22.04.2025 (15:00 hrs).**
The complete BID Application shall be submitted online by **22.04.2025 (upto 15:00 hrs)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in. All the details regarding this BID will be available on the above mentioned website.
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 60.00 Lakh (Rs. Sixty Lakhs) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per **Information Technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.** The undersigned will open the received bid online on **23.04.2025** at **15:30 hrs.**
4. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

Sd/-
Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi
Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR 348905 State Highway Authority of Jharkhand(24-25).D

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 42/2024–25**
दिनांक 19/03/2025
**मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट**

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | स्पेप्टिक विद्यालय, हुरहुरू, हजारीबाग के उन्नयन कार्य। | 5100000.00 | 10000.00 | 102000.00 | नौ माह |
| 2 | बरही | अनुमण्डल अस्पताल, बरही का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 17321500.00 | 10000.00 | 347000.00 | एक वर्ष |
| 3 | चौपारण | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौपारण का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 21348600.00 | 10000.00 | 427000.00 | एक वर्ष छः माह |
| 4 | ईचाक | उ0म0वि0, गरडीह का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 10856800.00 | 10000.00 | 218000.00 | एक वर्ष |
| 5 | ईचाक | प्राथमिक मध्य विद्यालय, लुन्दरू का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 12903500.00 | 10000.00 | 259000.00 | एक वर्ष |
| 6 | ईचाक | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खुटरा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 15744400.00 | 10000.00 | 315000.00 | एक वर्ष |
| 7 | बरही | उ0 मध्य विद्यालय, केदारूत का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 11647100.00 | 10000.00 | 233000.00 | एक वर्ष |
| 8 | बरही | परियोजना उच्च विद्यालय, खोड़ाहार का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 16804200.00 | 10000.00 | 337000.00 | एक वर्ष |
| 9 | विष्णुगढ़ | उच्च विद्यालय, उच्चाघना का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 13095900.00 | 10000.00 | 262000.00 | एक वर्ष |
| 10 | ईचाक | प्राथमिक विद्यालय, गोबरबंदा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 6284000.00 | 10000.00 | 126000.00 | नौ माह |
| 11 | ईचाक | प्राथमिक विद्यालय, रूद का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 6984600.00 | 10000.00 | 140000.00 | नौ माह |
| 12 | ईचाक | प्राथमिक विद्यालय, ग्राम करमटांड का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8119200.00 | 10000.00 | 163000.00 | नौ माह |
| 13 | बरही | उ0 मध्य विद्यालय, बिजैया का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9011500.00 | 10000.00 | 181000.00 | नौ माह |
| 14 | कटकमसाण्डी | नव प्राथमिक विद्यालय, लुण्डी का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9465200.00 | 10000.00 | 190000.00 | नौ माह |
| 15 | टाटीझरिया | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोधिया का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 5888700.00 | 10000.00 | 118000.00 | नौ माह |
| 16 | ईचाक | नव प्राथमिक विद्यालय, कोयरी टोला देवकुली का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 5977400.00 | 10000.00 | 120000.00 | नौ माह |
| 17 | कटकमदाग | ग्राम मसरातु टोला कृष्णानगर में कोनार नदी पर पुलिया का निर्माण। | 9990400.00 | 10000.00 | 200000.00 | नौ माह |
| | | पुनः निविदा (पंचम कॉल) | | | | |
| 18 | विष्णुगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चौथा का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 28.03.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 29.03.25 से 15.04.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.04.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 348908 (District)24-25*D

# पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा में कम्युनिटी पार्टिसिपेशन का हुआ भव्य आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में कम्युनिटी पार्टिसिपेशन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अरुण राम ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि विद्यालय को व्यवस्थित संचालन के लिए अभिभावकों की भागीदारी आवश्यक है। आप सभी के सहयोग से विद्यालय उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है। जन भागीदारी से बच्चों की उपस्थिति में सुधार हुआ है,बच्चे विद्यालय के अतिरिक्त अपने घर में भी स्वाध्याय कर रहे हैं, नैतिक शिक्षा का विकास हो रहा है। साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है फल स्वरुप बच्चों में छोटी छोटी बीमारियों का प्रकोप कम हुआ है इससे उपस्थिति दर बढ़ा है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अंजूषा उरांव ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि विद्यालय में लगातार परिवर्तन आ रहा है पठन पाठन में सुधार आया है। स्थिति यह है कि पहले बच्चे विद्यालय से घर भागने के लिए इच्छुक होते थे परंतु अब बच्चे घर से विद्यालय की ओर आने के लिए लालायित रहते हैं। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शिक्षकों एवं बच्चों को डस्टबिन भेंट किया गया। विद्यालय के शिक्षक राहुल कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि बच्चों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सुधार हुआ है परिसर की सफाई शिक्षक छात्र ग्रुप बनाकर करते हैं जिसके कारण विद्यालय परीक्षा साफ सुथरा और हरा-भरा रहता है। इस अवसर पर वरीय शिक्षिका रतना मिंज एवं सुमित्रा टोप्पो के निर्देशन में स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इससे पहले सभी अभिभावकों को पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए सम्मान कार्यक्रम में बैठाया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाचार्य अरुण राम, विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, रतना मिंज, सुमित्रा टोप्पो, नीलम कुमारी, मनीष कुमार, महेंद्र उरांव, असरानी वारला, फ़ैज़ अहमद, साबिर मियां, रवि शंकर बिरतीया, सुमन देवी, पुष्पा देवी, सुनीता देवी एवं अभिभावकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डलीय आयुक्त पहुचे सिमडेगा, रामरेखा धाम का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र रामरेखा धाम पहुंचे। वहां आयुक्त का रामरेखा धाम समिति के सदस्य एवं पाकरडांट प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद उन्होंने सपत्निक धाम के पवित्र गुफा में देवी देवताओं के विग्रहों का दर्शन पूजन कर क्षेत्र की जनता के सुख समृद्धि की भगवान से कामना की। पुरोहित के द्वारा विधि पूर्वक पूजन करवाया गया. उन्होंने जगह जगह प्रभु श्री राम के आगमन के प्रतिक चिन्हों का भी दर्शन किया और उन्होंने रामरेखा धाम आकर दर्शन पूजन को एक अद्भुत अनुभव बताया. उन्होंने श्री रामरेखा धाम की प्राकृतिक छटा की भी सराहना करते हुए एक विकसित धार्मिक पर्यटन के लिए प्रयास की बात कही। उन्होंने समितियों के सदस्य से वहां की विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर श्रीरामरेखा धाम के संरक्षक कौशलराज सिंहदेब ने उनको शॉल देकर सम्मानित किया. धाम की समस्याओं के चर्चा के दौरान संरक्षक जी ने विभिन्न मांगो के लिए आवेदन देकर ध्यान आकर्षित कराया जिसमें मुख्यतः लगभग तीन वर्षो से श्रीरामरेखा धाम और आस पास के गांव पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं एवं मोबाईल नेटवर्क की भी एक गंभीर समस्या है और धाम की घाटी सड़क संकरी होने से दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है. यात्रियों और श्रद्धालुओं को इन समस्याओं से यदा कदा जूझना पड़ता है।

## सरहुल पूर्व संध्या मनाने को लेकर बैठक आयोजित किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरहुल पूर्व संध्या मनाने को लेकर कल्हेपाट स्थित जिप सदस्य के आवास पर रामावतार उरांव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में आगामी 28 मार्च को प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 के मैदान में सरना पूर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सफलता पूर्वक सरहुल पूर्व संध्या मनाने के लिये कमिटी का गठन किया गया जिसमे जिप सदस्य राधा को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया। तथा अध्यक्ष रामप्रकाश उरांव,उपाध्यक्ष शिला उरांव, सचिव बलकु उरांव, कोशाध्यक्ष प्रजीत उरांव व सीमा उरांव और मंच संचालक गोपाल उरांव और अनिल उरांव को बनाया गया। वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया की सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों से खोड़हा दल को आमंत्रित किया जायेगा. और आये हुए सभी खोड़हा दल का हौसला बढ़ाने के लिये पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बारह पढ़हा बेल सेन्हा राजा तथा विशिष्ट अतिथि सभी कोटवार और दीवान होंगे। तथा कार्यक्रम में सभी गांव के पहान पुजार भी उपस्थित रहेंगे। मौके पर कृष्णा पहान, सुकरा उरांव, गंगा उरांव, गोपाल उरांव, शिला उरांव, मंगलेश्वर, उरांव, सरोज उरांव, बिरसा उरांव, लालदेव उरांव समेत सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष मौजूद थे।

# उपायुक्त से मिले जेएनवी जालना के विद्यार्थी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महाराष्ट्र राज्य के जालना जिला के परतूर शहर में अवस्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी आज उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिले। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त से जिला प्रशासन के कार्य और जिला में उपायुक्त के कार्य करने के तौर-तरीकों को विस्तार से जाना। साथ ही, भारतीय सिविल सेवा, चिकित्सक को कॅरियर के रूप में चुने जाने के लिए आवश्यक तैयारियों को जाना। उपायुक्त द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय सिविल सेवा को कॅरियर के रूप में चुनने के लिए आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी। साथ ही कॅरियर के चुनाव में अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उपायुक्त ने सिविल सेवा की तैयारी में दसवीं, 12वीं और स्नातक की शिक्षा की महत्ता को बताया। आज इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राधानाचार्य एसी झा, दो शिक्षिकाएं व जवाहर नवोदय विद्यालय, परतूर, जालना के 15 छात्र व 08 छात्राएं उपस्थित थे। सभी छात्र-छात्राओं को कल्चरल एक्सचेंज एवं नेशनल इंटिग्रिटी प्रोग्राम के तहत एक वर्ष के लिए कक्षा नौवीं की पढ़ाई के लिए हिंदी भाषी क्षेत्र के विद्यालय अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में भेजा गया था जो इसी माह पूरा हो जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि अपने कॅरियर का चयन करना और विद्यार्थी जीवन में उसके लिए अनुशासित होना बहुत महत्वपूर्ण है। सुबह समय से उठना, व्यायाम करना, संतुलित आहार लेना आवश्यक है। स्कूली जीवन के बाद सिविल सर्विस की चाह रखने वाले विद्यार्थियों को उसी के अनुसार अपने विषयों का चयन करना चाहिए। स्नातक में अच्छे कॉलेज में नामांकन लेने से बेहतर परिवेश मिलता है जिससे यूपीएससी परीक्षाओं में बहुत मदद मिलती है। उपायुक्त चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों के बारे छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उपायुक्त ने मराठी भाषा में छात्र-छात्राओं को कॅरियर टिप्स दिये। छात्र-छात्राओं की ओर से उपायुक्त को स्मृतियां भेंट की गई। साथ ही, अपने लोहरदगा प्रवास के अनुभव भी साझा किये।

## दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त ने विभागवार आंतरिक वित्तीय संसाधन एवं विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत विभागवार आंतरिक वित्तीय संसाधन एवं विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम प्रमंडलीय आयुक्त ने आंतरिक संसाधन अंतर्गत राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व का जो लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है उसे हर हाल में प्राप्त किया जाए। समीक्षा में उत्पाद विभाग के शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। परिवहन विभाग का 86.85 प्रतिशत, मोटरयान निरीक्षक का 23.8प्रतिशत, वहीं निलाम पत्र की वसूली मात्र 18प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि 18 प्रतिशत काफी कम है। निलाम पत्र पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही परिवहन एवं मोटरयान निरीक्षक को शत् प्रतिशत राजस्व वसूली करने की बात कहीं। आयुक्त ने ग्राम गाड़ी की संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने कई मार्ग पर छोटी बसों का भी परिचालन सुनिश्चित करने की बात कही। जिले में ई- रिक्शा एवं ऑटो संचालन की परमिट की जानकारी ली। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 800 से अधिक ऑटो रजिस्टर्ड है जिसमें से 204 के पास परमिट है। आयुक्त ने सत प्रतिशत ऑटो का परमिट देने की बात कहीं। कोई भी ऑटो बिना परमिट के नहीं चलेगी इसे सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने ह्वा पर बड़ी गाड़ी एवं भारी वाहनों का जांच करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान ओवरलोड पाए जाने वाली गाड़ियों पर कड़ी कार्रवाई करने बात कहीं। जिला मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा की। मत्स्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 84.56 प्रतिशत का वसूली की गई है। 38 तालाबों में मात्र 35 हजार संग्रहण किया जाता है।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत, तीन ग्रामीण झुलसे

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में बृहस्पतिवार की शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।आकशीय बिजली गिरने की घटना कुडू थाना क्षेत्र के जामरी तालाब के पास हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान तुलु उरांव के रूप में हुई है, जो साइकिल से जामरी गांव स्थित अपने घर लौटते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया।पुलिस के अनुसार तुलु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि तुलु के साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति अर्जुन उरांव घटना में झुलस गए है और उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक मोटरसाइकिल सवार और एक पैदल यात्री भी घायल हो गए है जिनका इलाज जारी है।

## पानी टंकी में डूबने से बच्ची को मौत

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पेशरार प्रखंड के मुंगो गांव निवासी की सात वर्षीय पुत्री अलीना कुमारी की मौत पानी टैंक में डूबने से हो गयी। बताया जा रहा है की घटना 18 मार्च को बिहार के समस्तीपुर ईट भट्ठा में घटी जिसमें बच्ची अपनी मां अंजली भगत और पिता मुमन भगत के साथ भट्ठा गयी थी और खेलने के दौरान पास ही स्थित पानी टैंक में डूब गयी जिसमें बच्ची की मौत हो गई।घटना की जानकारी लोगों को कुछ देर बाद हुई तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। हालांकि बाद में टैंक से बच्ची को निकाल कर स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया,जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।वहीं इस दौरान स्थानीय हेसाग पंचायत की मुखिया कुलदीप तिर्की पीड़ित परिवार के प्रति दुःख व्यक्त करते हुए आपदा विभाग के तहत मिलने वाले राशि दिलाने का भरोसा दिया है।इस घटना के बाद परिवार वाले काफी सदमे में है।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) अंतर्गत आज शुक्रवार को जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में बालिका स्वास्थ्य पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को नाट्य मंचन के जरिये प्रस्तुत किया गया और अपील की गई कि किशोरियां व बालिकाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों। अपने अधिकारों को जानें। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि लड़कियों की शादी कच्ची उम्र में कभी भी नहीं करना चाहिए। इससे शारीरिक व मानसिक दोनों रूप से क्षति पहुंचती है। आज प्रत्येक प्रखण्ड में साथिया सम्मेलन किया जा रहा है जिसमें सभी माताओं व बहनों को सम्मेलन में पहुंचना चाहिए ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें। अपर समाहर्ता ने बाल विवाह के प्रति सभी उपस्थित महिलाओं को सचेत किया। कहा कि बाल विवाह अपराध है। साथिया सम्मेलन में आप अपनी समस्याएं रखें और उसका निवारण पाएं। आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सभी प्रखण्डों से आयीं सहिया उपस्थित रहीं।

# गडरपो व भौरो पंचायतो के कई गांव मे एस्बेस्टस पूरी तरह क्षतिग्रस्त किसानो को करोडो का नुकसान

- सीओ ने क्षेत्र भ्रमण कर आश्वासन दिया कि प्रभावितों को दिया जाएगा मुआवजा
- आज तक के इतिहास में इतनी बड़ी ओलावृष्टि कभी नहीं हुई थी ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए अपने इष्ट देव से की प्रार्थना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** प्रखंड मे शुक्रवार की सुबह हुई तेजहवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि से प्रखंड के कई गांवों में भारी नुकसान पहुंचा है। इन गांवों में गेहू,आम सहित अन्य फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। यहां के किसानों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। वही ओलावृष्टि ने ग्रामीणों के अलबेस्टर व खपडेड घरों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे गरीब ग्रामीणों को सिर छिपाना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार की सुबह अचानक मौसम बदला। तेज रफ्तार में हवाएं चलने लगीं। गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद बड़े-बड़े ओले गिरने लगे। **हरओर बर्बादी** : भारीबारिश और ओले गिरने की आवाज से सशंकित ग्रामीणों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। बारिश थमी तो बाहर निकले, तो हर ओर बर्फ की मोटी परत फैली थी। केवल बर्बादी ही बर्बादी दिख रही थी। बड़े-बड़े पेड़ों के पत्ते टूटकर धरती पर बिखरे थे। इन पेड़ों पर घोंसलों में रहनेवाले पक्षी भी बड़ी संख्या में मरे पड़े थे। खेतो मे लगी गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुके थे। वही आम के लिए प्रसिद्ध धनामुंजी सहित पोडहा, पलमी, गडरपो, सोरन्दा, हाटी, उदरंगी, सेगरा टोली सहित कई गावों मे लगे आम के मंजर पूरी तहत टूट कर जमीन मे गिर गया था। **खेत में बिछी ओले की मोटी परत :** ओलागिरने से बर्बाद हुई फसल को देखकर ज्यादातर किसान रोने लगे। शुक्रवार की सुबह में हुई बर्फबारी से सैकड़ों ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हो गया है वही पलमी मे वार्ड सदस्य सोमती उरांव,की बकरी ओलावृष्टि की चपेट मे आने से मौत हो गया। बाकि कई ग्रामीण ओलावृष्टि की चपेट मे आने से घायल हो गये। पलमी के संदीप उरांव का घर तो क्षतिग्रस्त हुआ ही चार एकड़ खेतो मे लगे गेहूं भी बर्बाद हो गया। ग्रामीणों ने बताया की पांच मिनट हुई ओलावृष्टि इतनी भयावह थी की घरों मे छिपे ग्रामीण ज़ब अलबेस्टर क्षतिग्रस्त हुई तो बेड के निचे छीप कर अपनी जान बचाये। ग्रामीणों का कहना था की आज तक क्षेत्र मे इतनी बड़ी बड़ी ओलावृष्टि नहीं हुई थी। सभी ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए अपने इष्ट देव से प्रार्थना कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद सीओ दुर्गा कुमार के निर्देश से हल्का कर्मचारी को क्षेत्र मे भृमण कर नुकसान का जायजा लिया। इधर सीओ ने आश्वासन दिया कि प्रभावितों को प्रशासन मुआवजा देगा। उन्होने किसानो को प्रभावित क्षेत्र का फोटो व आवेदन मे मुखिया के हस्ताक्षर करा के अंचल कार्यालय मे आवेदन मंगलवार तक जमा करने की अपील की। प्रखंड के गडरपो पंचायत के पोडहा, गडरपो, पलमी भौरो पंचायत के सोरन्दा, बानटोली, मसमानो पंचायत के टोटो, बुडका, आदि गांवों की फसल शत प्रतिशत नष्ट हो चुकी है। वही पोडहा, गडरपो, पलमी, सोरन्दा के ग्रामीणों ने बताया कि जब ओले गिर रहे थे, तो बहुत डर लग रहा था।

## उपायुक्त डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जिला आपदा प्रबंधन के साथ की बैठक, पदाधिकारी को दिये विशेष निर्देश




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से वज्रपात से मृत चार व्यक्तियों, एक पशु,सड़क दुर्घटना में मृत नौ मामलों पर समिति के सदस्यों के संग चर्चा की गई और मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को दिया गया। जिला में भारी बारिश और ओला वृष्टि के कारण नुकसान हुए फसलों के मामले में सभी अंचल अधिकारियों को प्रतिवेदन देने व जिला कृषि पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिये गये। आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी प्रमोद दास,नगर पर्षद कार्यपालक पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

### प्रखंड क्षेत्र में भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों का फसल हुआ बर्बाद

# क्षेत्र भ्रमण कर नुकसान फसलों का जायजा लेते जिला कृषि पदाधिकारी व अंचलाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रहे तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से किसानों का फसल बर्बाद हुआ। ओलावृष्टि के कारण सब्जी, दलहन तिलहन फसलों के साथ-साथ रबी फसल काफी बर्बाद हो गया। टमाटर, बैंग, फ्रेंचबीन, खीरा सहित विभिन्न सब्जियां बर्बाद हो गया। साथ ही तेज हवा चलने के कारण पेड़ गिरने से प्रखंड क्षेत्र में खपरैल मकान को भी भारी क्षति पहुंची है। तथा ओलावृष्टि से आम में लगे मंजर व फल भी झड़ कर नष्ट गया। जिसे नष्ट फसलों को देख किसान रोना आ रहा हैं। ओलावृष्टि से सबसे ज्यादा तबाही प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के गांवों में किसानों को काफी नुकसान हुआ है। वही भयंकर ओलावृष्टि होने के कारण सड़क और खेत खलिहानों में उजले चादर सी परत जम गया था। साथ ही बारिश के कारण सभी जगहों में जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। जगह जगह नाली में जलजमाव के कारण घरों के अंदर पानी प्रवेश कर गई। आंधी तूफान और ओलावृष्टि से अरहर, चना, सरसों, तीसी, टमाटर, बैंगन, खीरा, लहसुन, प्याज, तरबूज और आम, गेहूं का फसल को भी अधिक नुकसान हुआ है। पत्थर की मार से आम का मंजर झड़ कर नष्ट हो गया। साथ हीं अरहर, चना, सरसों का फूल व फल ओलावृष्टि से झड़ कर बर्बाद हो गया। वही किसानों का कहना है कि प्रत्येक वर्ष किसानों की फसलों को ओलावृष्टि से नुकसान हो रही है। वही जिला कृषि पदाधिकारी सालेन खलखो और अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी अंचल क्षेत्र का भ्रमण कर फसलों का जायजा लिया और किसानों को बताते हुए कहा कि उचित मुआवजा प्राप्ति के लिये किसान आवेदन के साथ जमीन का रशीद, नुकसान फसल का फोटो, आधार कार्ड, जमीन मालिक का वंशावली, बैंक पास बुक का जेरोक्स अंचल कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। वही किसानों का कहना है की अंधी तूफान, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार या प्रशासन की ओर से मुवावजा नही मिलने पर क्षेत्र के किसान बर्बाद हो जायेंगे। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार सुबह में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से दलहन, तिलहन, सब्जी और आम का खेती को काफी नुकसान हुआ है.जिसे किसान लाचार और बेबस हो गये हैं।

### भंडरा प्रखंड के ग्राम सेमरा, सोरन्दा इत्यादि गांवों में ओला वृष्टि से हुई भारी तबाही

# सांसद के निर्देश पर सांसद के निजी सहायक आलोक साहू प्रभावित गांव का किया दौरा

- भारी ओलावृष्टि से एडवेस्टर में रहने वाले ग्रामीणों ने अपने घर के अंदर पलंग के नीचे छुपकर बचायी अपनी जान
- भारी ओलावृष्टि से सैकड़ो पक्षी की हुई मृत्यु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को 9:00 बजे सुबह भंडरा प्रखंड के ग्राम सेमरा, सोरन्दा, पलमी इत्यादि गांवों में हुए ओलावृष्टि से ग्रामीणों का भारी नुकसान हुआ है। सेमरा ग्राम के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी लोहरदगा के सांसद माननीय सुखदेव भगत को दिया। संसद सत्र होने के कारण सांसद सुखदेव भगत दिल्ली में है। सांसद के निर्देश पर सांसद के निजी सहायक से लोहरदगा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू भंडरा प्रखंड के सेमरा गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों एवं ओलावृष्टि से हुए भारी तबाही का मुआयना किये। ग्रामीणों ने आलोक साहू को बताया कि सुबह 9:00 बजे अचानक भारी ओलावृष्टि हुई। आधा-आधा केजी तक का ओला गिरा जिसके कारण पूरे गांव में अफरातफरी मच गया।जिसका घर एडवेस्टर का है वे लोग अपनी जान बचाने के लिए घर के अंदर ही पलंग के नीचे छुपकर अपनी जान बचायी। पूरे गांव मे शत प्रतिशत जनता ओलावृष्टि से प्रभावित हुआ है। एडवेस्टर एवं छपर का घर शत प्रतिशत क्षतिग्रस्त हो गया है। फसलों को भारी नुकसान हुआ है साथ ही आम पेड़ों को भी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि के कारण हरला, पड़की, कबूतर, कौवा इत्यादि सैकड़ों पक्षी मारे गए। काफी संख्या मेंमुर्गा-मुर्गी, खरगोश, बकरी भी मारे गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इतना भयानक ओलावृष्टि हुआ कि पूरा गांव का सड़क एवं खेत पत्तों से पट गया। ग्रामीणों ने सांसद से जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग किये। मौके पर आलोक कुमार साहू ने ग्रामीणों के साथ पूरे गांव का मुआयना किया। श्री साहू ने कहा कि इस गांव में भारी तबाही हुआ है ।सांसद ग्रामीणों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। सांसद सभी प्रभावित ग्रामीणों को समुचित मुआवजा दिलवाएंगे। मौके पर श्री साहू ने लोहरदगा उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला आपदा पदाधिकारी प्रमोद दास एवं भंडरा अंचल अधिकारी से वार्ताकार उन्हें यहां की स्थिति से अवगत कराते हुए शीघ्र मुआवजा दिलाने की बात कहे। उपायुक्त ने इस पर शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिये। उपायुक्त इस मामला में त्वरित कार्रवाई किया। उपायुक्त के निर्देश पर अंचलाधिकारी भंडरा के सेमरा, सोरन्दा गांव का दौरा कर क्षतिग्रस्त हुए मकानों एवं फसलों का मुआयना किये। मौके पर श्री साहू ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर गांवों में शीघ्र बिजली बहाल करने का निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर राधेश्याम साहू,सोमरा उरांव, चुमनू उरांव, बिंदेश्वर महतो, रमेश साहू, खादी उरांव, सोमरा पाहन, राजेश उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला स्थित अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल में अफरोज लड्डन कुरैशी, फिरोज कुरैशी, सोनू कुरैशी परिवार की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला स्थित जामा मस्जिद के इमाम ओ खतिब मंजुर हसन बरकाती, हाफीज व कारी मो शाहनवाज आलम , हाफिज मो शाहीद रजा, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मो महताब आलम, लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खाद गढ़ा टीओपी सअनि भीम सिंह, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव सह पत्रकार परवेज़ कुरैशी, फरहाद कुरैशी, तजमुल राजु कुरैशी, फैजान, बशीर कुरैशी,आजाद सहित कई लोग शामिल हुए। मुहल्ला और शहर में अमन चैन की दुआ मांगी गई।

### खाद आपूर्ति विभाग और ठेकेदार के मिली भगत से करोड़ों का घोटाला : संतोष सोनी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** जदयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खाद आपूर्ति विभाग और ठेकेदार के द्वारा मिली भगत करके राज्य सरकार का करोड़ों रुपया गबन करने का आरोप लगाया । राज्य में 24 जिलों का टेंडर हुआ जिस जिले में ज्यादा रेट में टेंडर हुआ उसको तुरंत एग्रीमेंट करके वर्क आर्डर दे दिया गया । क्योंकि उस जिला में पहले कम रेट में काम चल रहा था और जीस जिला में कम रेट में टेंडर हुआ और पहले ज्यादा रेट में था और अभी आधा रेट में टेंडर हुआ जैसे चतरा,रामगढ़ है । उस जिला का एग्रीमेंट नहीं करके पुराना रेट में ही एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन दिए जा रहे हैं, जबकि टेंडर की अवधि 120 दिन था जो महीनों पर हो गया है । नियम के अनुसार उस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर के या तो किसी बगल जिला को टैग किया जाता है या नहीं तो टेंडर में जो रु2 होता है उसे टेंडर दिया जाता है। साथ ही साथ कई ऐसे जिला भी है जिसमें सिंगल बीड पर ही टेंडर दे दिया गया, जैसे धनबाद,गोड्डा, गुमला या तो यहां पर सेकंड पार्टी को धन से या बाल से दबाया गया है तभी वह लोग टेंडर में बोली नहीं लगा पाए यह जांच का विषय है । यदि राज्य खाद आपूर्ति के प्रबंध निदेशक अभिलंब कार्रवाई नहीं करते हैं तो मुझे उच्च न्यायालय के शरण में जाना पड़ेगा।

## जनगणना में देरी, गृह मंत्रालय के कामकाज व हाई कोर्ट जज के घर पर रुपया मिलने पर संसद में बवाल

# हमारे लिए जनगणना महत्वपूर्ण : माकन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की। इस दौरान कांग्रेस ने जनगणना में देरी और गृह मंत्रालय के आवंटित बजट के कम इस्तेमाल को लेकर केंद्र पर निशाना साधा। राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अजय माकन ने जनगणना की देरी का मुद्दा उठाया और कहा कि 2011 में पिछली जनगणना के बाद से भारत की जनसंख्या में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अपने बयान में कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि, 2011 में जनसंख्या 121 करोड़ थी, अब इसके 146 करोड़ होने की उम्मीद है। 2011 की जनगणना के लिए हमने 2009 में ही कार्यक्रम बनाना शुरू कर दिया था। अब हमारे लिए जनगणना महत्वपूर्ण है क्योंकि जन कल्याण के लिए हमारे सभी कार्यक्रम इसी पर आधारित हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत, जो ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 70 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र की 50 प्रतिशत आबादी को कवर करता है, यदि नई जनगणना की जाती है, तो अतिरिक्त 15 करोड़ लोगों को संभावित रूप से लाभ मिल सकता है। अजय माकन ने आगे कहा,आप उन्हें उस लाभ से वंचित कर रहे हैं, क्योंकि आप अभी तक जनगणना नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देरी से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की तरफ से किए जाने वाले अन्य सर्वेक्षणों में भी बाधा आएगी। अजय माकन ने यह स्वीकार करते हुए कि कोविड महामारी ने जनगणना योजनाओं को बाधित किया है, बाद के वर्षों में आवंटित धन का उपयोग नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 2022 में आवंटित जनगणना निधि का 66 प्रतिशत, 2023 में 85 प्रतिशत और 2024 में 58 प्रतिशत समाप्त हो गया। उन्होंने कहा,जनगणना जल्द से जल्द कराने का कोई वादा नहीं किया गया है।कांग्रेस नेता ने सीमा सुरक्षा और पुलिस आधुनिकीकरण को लेकर चिंताओं को भी उजागर किया। अजय माकन के अनुसार, 2023-24 के लिए सीमा अवसंरचना विकास कार्यक्रम के तहत लगभग 225 करोड़ रुपये अप्रयुक्त रह गए। उन्होंने कहा,पिछले सात वर्षों में सीमा अवसंरचना और पुलिस आधुनिकीकरण के लिए आवंटित लगभग 70,697 करोड़ रुपये वापस कर दिए गए, उन्होंने कहा कि बजट आवंटन का लगभग 22.93 प्रतिशत, लगभग एक-चौथाई, खर्च नहीं किया गया।

**चौंकाने वाला है दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर पर रुपया का ढेर मिलना : जयराम रमेश**

दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर से कथित तौर पर नकदी बरामद होने का मामला शुक्रवार को राज्यसभा में गूंजा।

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर व्यवस्थित चर्चा के लिए कोई व्यवस्था ढूंढेंगे। सुबह के सत्र में इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने न्यायिक जवाबदेही पर सभापति का जवाब मांगा और उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग के संबंध में लंबित नोटिस की याद दिलाई। जयराम रमेश ने कहा, हमने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने के चौंकाने वाले मामले के बारे में पढ़ा। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले, 50 सांसदों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों के संबंध में सभापति को नोटिस सौंपा था। रमेश ने कहा कि चेयरमैन ने स्वयं बार-बार न्यायिक जवाबदेही की आवश्यकता पर बात की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने धनखड़ को यह भी याद दिलाने की कोशिश की कि उन्होंने इस मुद्दे पर सदन के नेता को निर्देश दिया था।

## हमने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया : अमित शाह



**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद पर करारा हमला बोलते हुए सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र किया। उन्होंने अनुच्छेद 370 समेत तमाम मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि चार दशक से देश में तीन नासूर थे, पहला- आतंकवाद, दूसरा- नक्सलवाद और तीसरा- पूर्व उग्रवाद। हमने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। अमित शाह ने कहा, 21 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा,एक तरह से गृह मंत्रालय बहुत कठिन परिस्थितियों में काम करता है। संविधान ने कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों को दी है। सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है। यह एक सही निर्णय है। इसमें कोई बदलाव करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जब कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों की है तो 76 साल बाद अब ऐसी स्थिति है कि कई तरह के अपराध राज्य की सीमा तक सीमित नहीं रह गए हैं,वे अंतरराज्यीय भी हैं और बहुराज्यीय भी हैं, जैसे नारकोटिक्स, साइबर अपराध, संगठित अपराध गिरोह, हवाला। ये सभी अपराध सिर्फ एक राज्य के भीतर नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि देश में कई अपराध देश के बाहर से भी होते हैं। इसलिए इन सबको ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय में बदलाव करना जरूरी हो जाता है। मैं यह गर्व के साथ कहता हूं कि 10 साल में पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्रालय में लंबे समय से लंबित बदलाव एक बार में किए हैं।

## देश की आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान मुख्य सचिव

**लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की प्रदेश में नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक एवं अन्वेषण संभावना विषयक कार्यशाला में प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने सोनभद्र जिले में लौह अयस्क के दो ब्लाक एवं लाईमस्टोन के एक ब्लॉक समेत कुल तीन ब्लॉक की नोटिस इन्वाइटिंग टेंडर (एनआईटी) को लांच किया। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा को विधिवत और वैज्ञानिक तरीके से अन्वेषण और दोहन करने की जरूरत है, इससे प्रदेश को आय का अच्छा स्रोत मिल सकता है और इसका प्रभाव निर्माण उद्योग (कंसट्रक्शन इंडस्ट्री) पर भी पड़ेगा। उम्मीद कि आज की वर्कशाप से मेजर मिनरल्स में हमारी और सहभागिता बढ़ेगी।उन्होंने अपने अभिभाषण में अन्वेषण कार्य में लगीं सभी सरकारी व प्राइवेट एजेन्सियों को प्रदेश में खनिजों की खोज के लिए अधिक से अधिक कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उद्यमियों को प्रदेश सरकार की उदार नीति के बारे में अवगत कराते हुए प्रदेश मे पूँजी निवेश कर उद्योग स्थापित किये जाने के लिए भी आमंत्रित किया।कार्यशाला में सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव ने विभाग की नीतियों आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने विभिन्न अन्वेषण संस्थाओं को प्रदेश में मुख्य खनिज तथा उपखनिज का अन्वेषण कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया।

# संत मरियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा का परिणाम 22 व 23 को



परीक्षा परिणाम की घोषणा को लेकर चेयरमैन अविनाश देव ने शिक्षकों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा 22 मार्च (शनिवार), वहीं हॉस्टल का 23 मार्च (रविवार) को होगी। संत मरियम स्कूल की अन्य शाखा, संत मरियम किड्स स्कूल चैनपुर का परिणाम किड्स स्कूल परिसर में और नावाहाता स्कूल का परीक्षा परिणाम कजरी के स्कूल परिसर में घोषित किया जाएगा। परिणाम घोषित करने से पहले विद्यालय के चेयरमैन ने शिक्षकों के साथ बैठक की, जहां उन्होंने परीक्षा परिणाम का जायजा लिया और कहा कि विद्यालय में हजारों बच्चे हैं, जहां किसी बच्चे के कम या किसी के अधिक अंक आना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में बच्चों को शिक्षकों या अभिभावकों द्वारा किसी भी प्रकार की मानसिक पीड़ा का सामना न करना पड़े, इस बात का ध्यान रखना होगा। विद्यालय में नए सत्र की शुरुआत 27 मार्च से होने वाली है, जिसके लिए चेयरमैन ने कई निर्देश दिए, वहीं प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम में उन्नति हुई है। विद्यालय निरंतर प्रयासरत है कि बुनियादी पहलुओं को प्रगाढ़ कर बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे सके। उक्त अवसर पर उप प्रधानाचार्य एस. बी. साहा, शैक्षणिक प्रबंधक स्वाधीन पाल, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, निकिता गुप्ता समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

### मेयर ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का किया शिलान्यास

**सिलीगुड़ी :** शहर वासियों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए मेयर गौतम देव ने शुक्रवार को फूलबाड़ी में अमृत 2.0 परियोजना के दूसरे चरण के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का शिलान्यास किया। दूसरे चरण में करीब 287 करोड़ 20 लाख की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा।मिली जानकारी के अनुसार, 204 करोड़ रुपये की लागत से इस काम का पहला चरण कुछ महीने पहले ही गाजोलडोबा में शुरू हुआ है।मेयर गौतम देव ने इस मौके पर कहा कि गाजोलडोबा से तीस्ता नदी का पानी इंटेक वेल के माध्यम से फूलबाड़ी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में लाया जाएगा। उस पानी को शुद्ध कर शहर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जायेगी। आज उक्त वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का शिलान्यास किया गया।उन्होंने कहा कि करीब 511 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना का काम किया जा रहा है।

# मप्र में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के जमीनी सत्यापन की प्रक्रिया जारी



एजेंसी

**भोपाल :** स्वच्छता एक संकल्प है, जिसे मध्य प्रदेश में एक जन आंदोलन बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता संकल्प को प्रदेश ने आत्मसात किया है। स्वच्छता आंदोलन के परिणाम दिखाई देने लगे हैं। हर वर्ष की तरह दुनिया की सबसे बड़ी स्वच्छता प्रतियोगिता स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 जारी है। यह जानकारी शुक्रवार को जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने दी।उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश के शहर बहुत गंभीरता के साथ अपनी भागीदारी कर रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान भारत सरकार की सर्वेक्षण टीमें आकर शहरों में स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लेती हैं। इसमें स्वच्छता की आधारभूत तैयारियों का परीक्षण, खुले में शौच से मुक्ति और मल-जल का निस्तारण सहित कुल तीन परीक्षण किए जाते हैं।अभी प्रदेश में आधारभूत तैयारियों का परीक्षण जारी है, जिसमें 269 शहरों में परीक्षण पूर्ण हो चुका है, शेष शहरों के परीक्षण के लिये टीमें पहुँच रही हैं। इसके बाद ओडीएफ++ और स्टार रेटिंग के परीक्षण शुरू होंगे।उल्लेखनीय है की मध्य प्रदेश के नगरीय निकाय वर्ष भर शहरी स्वच्छता को सँवारने में जुटे रहते हैं। प्रदेश में नियमित कचरा संग्रहण, परिवहन और निपटान के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से शहरों की स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ खुले में शौच पर प्रतिबंध को सफल बनाने के बाद शहरों को ओडीएफ और वॉटर प्रमाण-पत्र दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग प्रदेश के नागरिकों, युवाओं और जन-प्रतिनिधियों से शहरों को स्वच्छ बनाने में सहयोग की निरंतर अपील कर रहा है।

## एके सिंह कॉलेज जपला में नोडल स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम शुरू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** विकसित भारत युवा संसद 2025 के अंतर्गत एक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम पर आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद का दो दिवसीय जिला नोडल स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में शुक्रवार को प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन गढ़वा तथा लातेहार के प्रतिभागियों ने भाषण प्रतियोगिता में अपना स्पीच दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमण्डल पदाधिकारी हुसैनाबाद गोरांग महतो, प्राचार्य प्रो. सूर्यमणि सिंह, एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डा. प्रदीप कुमार, एनवाईके की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, डा. दिलीप कुमार राम, नोडल पदाधिकारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा, प्रो. नवल किशोर प्रसाद, प्रो. राजेश कुमार सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुमण्डल पदाधिकारी श्री महतो ने कहा कि राष्ट्रीय युवा संसद युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए एक सुनहरा कार्यक्रम है। उन्होने कहा कि आज की प्रतियोगिता एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आधारित है। इस संबंध में उन्होने विस्तार पूर्वक अपनी बातें प्रतिभागियों के समक्ष रखी। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. सिंह ने कहा कि ए.के सिंह कॉलेज में गढ़वा, लातेहार तथा पलामू के प्रतिभागियों तथा शिक्षकों का हम स्वागत करते हैं। उन्होने कहा कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनवाईके के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित है। इसके पूर्व भी कई कार्यक्रम सफलता पूर्वक यहां संपन्न कराए गए हैं। मौके पर जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपना मंतव्य देने का युवाओं के लिए बेहतर अवसर है।उन्होने कहा कि यह प्रतियोगिता तीन स्तर पर आयोजित है जिसमें नोडल जिला पलामू में गढ़वा, लातेहार तथा पलामू को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में गढ़वा तथा लातेहार के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में अपना संभाषण प्रस्तुत किया। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। मौके पर निर्णायक मंडली में डा. प्रदीप कुमार, प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा, प्रो. नवल किशोर प्रसाद, कुश जी पाण्डेय तथा डा. दिलीप कुमार राम शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने किया।

### डीसी ने किया सम्मानित

**रेवाड़ी :** शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रेवाड़ी जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा मुस्तकिल भालखी की छात्रा निधि रही। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अभिषेक मीणा ने निधि को प्रशिष्टि पत्र से सम्मानित किया।उपायुक्त ने बताया कि मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। ऐसे में राज्य स्तर पर आयोजित हुई निबंध लेखन स्पर्धा में छात्रा निधि ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर जिला को गौरवान्वित किया है। उन्होंने निधि को प्रोत्साहित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में देश भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाता है ताकि मत प्रतिशत में बढ़ोतरी हो और लोगों को मताधिकार के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी हो सके।

# राष्ट्रगान के अपमान पर सीएम नीतीश का विरोध, राबड़ी-तेजस्वी ने किया प्रदर्शन



एजेंसी

**पटनाः** राष्ट्रगान के अपमान पर बिहार में सियासत गरमा गई है। बिहार विधान मंडल में विपक्ष के नेताओं ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं राजद नेताओं ने सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफ की मांग कर दी। विधान मंडल में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी के साथ हाथ में बैनर लिए खड़े दिखे। राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन का नेतृत्व किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के लिए गुरुवार का दिन काल दिवस था। पीएम नरेंद्र मोदी के लाडले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। लाडले मुख्यमंत्री के बारे में पीएम मोदी ने कोई टिप्पणी नहीं की। तेजस्वी यादव ने कहा कि चाचा जी आपको याद दिला दें कि आप एक बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री है। चंद सेकंड के लिए भी आप मानसिक और शारीरिक रूप से स्थिर नहीं है और आपका इस तरह अचेत अवस्था में इस पद पर बने रहना प्रदेश के लिए अति चिंताजनक बात है। बिहार को बार-बार यूं अपमानित मत कीजिए। भारत माता की जय करने वाले भारतीय जनता पार्टी के दोनों डिप्टी सीएम गायब हैं। कल हम सब का सिर झुक गया है। इंडिया की राजनीति में पहली ऐसी घटना है,जहां राष्ट्रगान का अपमान हुआ है। पीएम मोदी ने अब तक इस मामले में कुछ भी नहीं कहा।

**अगर दिमाग काम नहीं कर रहा तो निशांत को बना दें सीएमः राबड़ी**

वहीं पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि राष्ट्रगान करने वाले मुख्यमंत्री को फौरन रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। राष्ट्रगान का अपमान करने वाले को तीन साल की सजा होती है। पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि अगर उनका दिमाग काम नहीं कर रहा तो वे अपने बेटे (निशांत कुमार) को मुख्यमंत्री बना दें।राजद ने कहा- मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाना चाहिए वहीं राष्ट्रीय जनता दल के विधायक मुकेश रोशन ने कहा कि मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय गान का अपमान करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाना चाहिए और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री अस्वस्थ हैं, इसलिए उन्हें पद से हटा दिया जाए। उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।